RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 326
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं युवा आईएएस
राष्ट्रीय-9

# थाईलैंड में गोलीबारी, 36 की मौत

- मरने वालों में 24 बच्चे, हमलावर ने पत्नी और बच्चों को मारकर खुद भी दी जान
- चाइल्ड केयर सेंटर को बनाया निशाना

एपी। बैंकॉक



बैंकाक में गोलीबारी में अपनों को खोने के बाद दुखी परिजन

**पूर्वोत्तर** थाईलैंड के एक डे केयर सेंटर में एक पूर्व पुलिसकर्मी ने बृहस्पतिवार को गोलीबारी की जिसमें दर्जनों बच्चों और शिक्षकों की मौत हो गई। हमलावर ने घटनास्थल से भागने के दौरान भी गोलीबारी की जिससे कई और लोग घायल हुए हैं। थाईलैंड के इतिहास में सबसे खूनी हमले में कम से कम 36 लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थ से जुड़े मामले में पुलिस सेवा से बर्खास्त किए गए हमलावर ने बाद में घर जाकर पत्नी और बेटे की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली।

सबसे पहले मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा ली गई तस्वीरों में दिख रहा है कि स्कूल के फर्श पर छोटे-छोटे बच्चों के शव उनके कंबलों में पड़े हैं, जो दोपहर में आराम कर रहे थे। तस्वीरों में दिख रहा है कि उनके सिर पर कटने व गोली के निशान है और वे खून से लथपथ हैं। सरकारी प्रसारक थाईपीबीएस को एक शिक्षिका ने बताया कि हमलावर कार से निकला और बाहर दोपहर का खाना खा रहे व्यक्ति को गोली मार दी, जिसके बाद उसने और गोलियां चलाई।

उन्होंने बताया कि जब हमलावर बंदूक में गोली भर रहा था, तब वह मौका पाकर स्कूल के अंदर चली आईं। उन्होंने बताया, मैं वापस दौड़कर वहां पहुंची,बच्चे सो रहे थे जिनकी उम्र दो से तीन साल के बीच थी। हमला पूर्वोत्तर थाईलैंड स्थित नोंग बुआ लाम्फू शहर में हुआ जो देश के सबसे गरीब इलाकों में से एक है। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि डे केयर (दिन में बच्चों की देखरेख करने वाला केंद्र जहां आमतौर पर नौकरी पेशा महिलाएं अपने बच्चों को छोड़कर जाती हैं) के कर्मी ने जब बंदूकधारी हमलावर को देखा तो उसने दरवाजा बंद कर लिया, लेकिन हमलावर गोली चलाते हुए अंदर दाखिल हो गया। प्रत्यशदर्शी ने थाईलैंड के कोम चाड ल्यूक टेलीविजन को घटनास्थल पर बताया, हमले में मारी गई एक शिक्षिका की गोद में घटना के समय बच्चा था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कम से कम 10 अन्य लोग घायल हुए हैं जिनमें से छह की हालत गंभीर है।

सबसे पहले मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा रिकॉर्ड गए वीडियो में दिख रहा है कि एक मंजिला इमारत में बचावकर्मी दाखिल हो रहे हैं, इमारत के सामने बने शीशे का दरवाजा टूटा है और जमीन पर खून बिखरा है। वीडियों में बच्चों के परिवार के सदस्य डे केयर की इमारत के बाहर विलाप करते दिख रहे हैं। ऑनलाइन जारी एक तस्वीर में डे केयर के एक कमरे में खून से सने गद्दे फर्श पर पड़े और रंग-बिरंगे अक्षरों से सजाई गई दीवारें दिख रही हैं। पुलिस ने संदिग्ध हमलावर की ( शेष पेज 8 )

## दक्षिण मेक्सिको में बंदूकधारियों के हमले में 20 की गई जान

**मेक्सिको सिटी (एपी)।** हमलावरों ने बुधवार को दक्षिणी मेक्सिको राज्य ग्युरेरो में एक मेयर, उनके पिता और 16 अन्य लोगों को गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। स्टेट अटॉर्नी जनरल सैंड्रा लुज वाल्डोविनोस ने बुधवार देर रात मिलेनियो टेलीविजन को बताया कि सैन मिगुएल तोतोलापन शहर में बंदूकधारियों के हमले में 20 लोग मारे गए और दो घायल हो गए। उन्होंने कहा कि मृतकों में मेयर कोनराडो मेंडोज़ा और शहर के पूर्व मेयर उनके पिता भी शामिल हैं। घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों में सिटी हॉल और जगह जगह गोलियों के निशान नजर आ रहे हैं। बाद में बुधवार को, पड़ोसी राज्य मोरेलोस में, मेक्सिको सिटी के दक्षिण में कुर्नवाका शहर में एक जनप्रतिनिधि की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मेक्सिको में अधिकारियों पर हमले ऐसे समय हो रहे हैं जब राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की सुरक्षा रणनीति ( शेष पेज 8 )

# अमेरिका में अगवा सिख परिवार के चारों सदस्य मृत पाए गए




अपहृत सिख परिवार के सदस्यों की हत्या की जानकारी देते मर्सेड काउंटी के शेरिफ वर्न वार्नके

एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)

- मृतकों में आठ माह की बच्ची भी शामिल, संदिग्ध को हिरासत में लिया
- मूल रूप से पंजाब के होशियारपुर के निवासी इस परिवार का सोमवार को अपहरण किया गया था

**अमेरिका** के कैलिफोर्निया में अपहृत सिख परिवार के चारों सदस्य एक बगीचे में मृत मिले हैं। मूल रूप से पंजाब के होशियारपुर के हरसी पिंड के रहने वाले इस परिवार का सोमवार को अपहरण कर लिया गया था।

मर्सेड काउंटी के शेरिफ वर्न वार्नके ने बताया कि आठ माह की बच्ची आरुही धेरी, उसकी मां जसलीन कौर (27), पिता जसदीप सिंह (36) और जसदीप के भाई अमनदीप सिंह (39) के शव इंडियाना रोड एंड हचिनसन रोड के पास एक बगीचे से बुधवार शाम बरामद हुए। वार्नके ने बताया कि बगीचे के पास खेत में काम करने वाले एक मजदूर ने शव देखे और उसने तुरंत अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सभी शव एक साथ मिले। वार्नके ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं अपना रोष शब्दों में बयां नहीं कर सकता। शेरिफ ने मामले में संदिग्ध जीसस मैनुअल सालगाडो के बारे में कहा, इस इंसान को नरक में जगह मिलेगी।

मर्सेड काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बुधवार को दिन में परिवार के अपहरण से जुड़ा एक नया वीडियो साझा किया था। वीडियो में पहले जसदीप और अमनदीप इमारत से निकलते नजर आ रहे हैं और उनके हाथ बंधे हैं। इसके बाद अपहरणकर्ता जसलीन और ( शेष पेज 8 )

# जांच के लिए भेजे गए कफ सीरप के नमूने

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली

- सरकार ने कहा- नतीजों से आगे कार्रवाई में मिलेगी मदद
- गांबिया में मौतों पर डब्ल्यूएचओ ने किया अलर्ट

**भारतीय** कंपनी द्वारा निर्मित कफ सीरप से गांबिया में कथित रूप से बच्चों की मौत को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के अलर्ट के बाद सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि कफ सीरप के नमूने भारत के औषधि महानियंत्रक डीसीजीआई को जांच के लिए भेजे गए हैं और इसके नतीजों से आगे की कार्रवाई में मदद मिलेगी।

डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को चेतावनी दी थी कि हरियाणा के सोनीपत स्थित मेडेन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड द्वारा कथित तौर पर उत्पादित दूषित और कम गुणवत्ता वाले चार कफ सीरप पश्चिमी अफ्रीका के देश गांबिया में हुई बच्चों की मौत का कारण हो सकते हैं। डीसीजीआई ने इस संबंध में पहले ही जांच शुरू कर दी है और डब्ल्यूएचओ से विस्तृत ब्योरा मांगा है। हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी द्वारा निर्मित चार तरह के कफ सीरप के नमूनों को जांच के लिए कोलकाता स्थिति केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला (सीडीएल) में भेजा गया है।

विज ने कहा, नमूनों को भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) और हरियाणा के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एकत्र किया और इसे कोलकता स्थित सीडीएल को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र के औषध विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) से बात की है। विज ( शेष पेज 8 )

## फ्रांसीसी लेखिका एनी एरनॉक्स ने जीता साहित्य में नोबेल पुरस्कार




**स्टाकहोम (एपी)।** इस साल साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार फ्रांसीसी लेखिका एनी एरनॉक्स को साहस और लाक्षणिक तीक्ष्णता के साथ व्यक्तिगत स्मृति के अंतस, व्यवस्थाओं और सामूहिक बाधाओं को उजागर करने वाली उनकी लेखनी के लिए दिया गया है। स्वीडिश अकादमी में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एरनॉक्स (82) ने आत्मकथात्मक उपन्यास लिखना शुरू किया, लेकिन संस्मरणों के लिए उन्होंने कथा साहित्य को जल्दी छोड़ दिया। उनकी 20 से अधिक पुस्तकें हैं जिनमें से अधिकांश बहुत छोटी, उनके जीवन की घटनाओं और उनके आसपास के लोगों के जीवन की घटनाएं हैं। ए किताबें यौन मुठभेड़ों, गर्भपात, बीमारी ( शेष पेज 8 )

# यूपी के मैनपुरी में बीएससी की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- अंबेडकर नगर में दुष्कर्म पीड़ित किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान
- कन्नौज में नौकरी दिलाने का झांसा देकर छात्रा से रेप

**उत्तर** प्रदेश सरकार जहां महिला अपराध की घटनाओं को लेकर काफी संवेदनशील है और उनकी रोकथाम के लिए सख्त कदम उठा रही है वहीं दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में इस तरह की तीन घटनाएं प्रकाश में आई हैं। मैनपुरी के भोगांव थाना क्षेत्र में बीएससी की छात्रा (19 वर्ष) की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई।

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी छात्रा के शव को फंदे से लटकाकर फरार हो गया। हालांकि घटना के 12 घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मैनपुरी पुलिस ने ट्वीट करके घटना की जानकारी दी। घटनाक्रम के अनुसार बीते बुधवार को भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम शीशम में आरोपी ने घर में घुसकर बीएससी की छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी। जब छात्रा की छोटी बहन स्कूल से घर लौटी तो वारदात की जानकारी हुई। उसने देखा कि उसकी बहन का शव फंदे से लटक रहा है। इस घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

एसपी मऊ कमलेश दीक्षित के मुताबिक छात्रा के पिता ने रेप और हत्या के संबंध में एफआईआर दर्ज कराई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गईं। पुलिस टीमों ने छापेमारी करके आरोपी पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं कन्नौज जिले में सदर कोतवाली के क्षेत्र के गांव में रहने वाली बीएससी ( शेष पेज 8 )

# पीएफआई के मामलों को देखने के लिए यूएपीए ट्रिब्यूनल गठित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस दिनेश शर्मा अधिकरण की करेंगे अध्यक्षता

**केंद्र** ने दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) ट्रिब्यूनल का पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। ये ट्रिब्यूनल हाल ही में प्रतिबंधित पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) तथा उससे जुड़े संगठनों से संबंधित मामलों को देखेगा। एक बार यदि किसी संगठन को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून के तहत प्रतिबंधित किया जाता है तो सरकार द्वारा एक ट्रिब्यूनल का गठन किया जाता है जो इस बात को तय करता है कि क्या संगठन को गैरकानूनी घोषित करने के ( शेष पेज 8 )






## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,222 | ↑ 156 | |
| निफ्टी | 17,331 | ↑ 57 | |
| सोना | 52,220 | ↑ 497 | /10g |
| चांदी | 61,605 | ↓ 80 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सेना की उत्तरी कमान में कल्याणी एम4 शामिल

**जम्मू।** सेना की उत्तरी कमान ने जम्मू-कश्मीर में बृहस्पतिवार को अपने बख्तरबंद वाहनों के बेड़े में कल्याणी एम 4 को शामिल किया। कल्याणी एम4 एक स्वदेशी बख्तरबंद वाहन है जो हर मौसम में अपनी पूरी क्षमता के साथ युद्ध के मैदान में कार्य करता है। यह बख्तरबंद वाहन एक विशेष कवच से लैस है और इस पर खदान विस्फोट का कोई असर नही पड़ता। सेना की उत्तरी कमान ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी की कल्याणी एम4 के साथ कुछ तस्वीरों को साझा कर यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि सीमा पर चुनौतियों को देखते हुए सेना अपनी स्थिति को हर प्रकार से सशक्त करने में निरंतर लगी है।

# यात्रा से जुड़ीं सोनिया, दिखी मां-बेटे के प्रेम की झलक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/बेंगलुरु



भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सोनिया गांधी के जूते का फीता बांधते राहुल।

**दक्षिण** कर्नाटक के मांडया में बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भारत जोड़ो पदयात्रा के 29वें दिन बेटे राहुल गांधी, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ जुड़कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगाड़ों, तुरही और जोशीले नारों से उनका स्वागत किया। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार मां और बेटे के स्नेह व प्रेम की झलक देखने को मिली।

एक बार जब राहुल गांधी मां सोनिया गांधी के जूते की लेस बांधते दिखे और दूसरी बार जब राहुल गांधी उनसे स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पैदल चलने से मना कर रहे थे। इससे जुड़ी कई तस्वीरें और वीडियो को कांग्रेस के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर साझा भी किया। मांड्या में भारत जोड़ो यात्रा में सोनिया गांधी दो बार यात्रा से जुड़ीं। राहुल गांधी और अन्य भारत यात्रियों ने सुबह के समय पदयात्रा आरंभ की तो उनके साथ सोनिया गांधी ( शेष पेज 8 )

## हाथी के घायल बच्चे की मदद करेंगे: बोम्मई

**कर्नाटक** के नागरहोले बाघ अभयारण्य में गंभीर रूप से घायल हाथी के बच्चे को इलाज उपलब्ध कराने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लिखे गए पत्र पर मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों से ( शेष पेज 8 )

## हिमस्खलन स्थल से 12 शव और मिले

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

**नेहरू** पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम) ने बताया कि उत्तरकाशी में हुए हिमस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। बचावकर्मियों ने मौके से और 12 पर्वतारोहियों के शव बरामद किए हैं। माना जा रहा है कि 15 पर्वतारोही अब भी लापता हैं। पर्वतारोही चढ़ाई के बाद लौटते समय 17 हजार फुट की उंचाई पर द्रौपदी का डांडा-द्वितीय चोटी पर मंगलवार को हिमस्खलन की चपेट में आ गए थे। एनआईए द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, अभी तक 16 शव बरामद हुए हैं जिनमें से 12 प्रशिक्षुओं के हैं जबकि दो शव प्रशिक्षकों के हैं। हिमस्खलन वाले दिन महज चार शव बरामद हो सके थे। संस्थान ने बताया कि मौके पर अभी तक राहत एवं बचाव कार्य जारी है। उसने कहा, हालांकि, खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर को राहत कार्य से ( शेष पेज 8 )

# नोएडा पुलिस ई-वाहनों से करेगी गश्त

## कमिश्नर ने उप्र सरकार को लिखा पत्र, बेड़े में 60 पेट्रोलिंग गाड़ियों की मांग

● पेट्रोलिंग के दौरान पर्यावरण प्रदूषण से भी होगा बचाव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा पुलिस इलेक्ट्रिक वाहनों पर पेट्रोलिंग करेगी। इसके लिए पुलिस कमिश्नर ने उप्र सरकार से 60 इलेक्ट्रिक पेट्रोलिंग वाहनों की डिमांड की है। इससे पेट्रोलिंग के दौरान पर्यावरण प्रदूषण से बचाव होगा। बताया गया कि डिमांड को जल्द पूरा किया जा सकता है।

इस समय नोएडा पुलिस के पास करीब 400 वाहन हैं। जिनमें डायल 112 भी शामिल है। इनमें से 66 वाहनों की हालत बेकार है। इन वाहनों को बदलकर नए 60 इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड की है।



फाइल फोटो

नोएडा में लगातार इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड भी बढ़ी है। इस तरह यहां इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन भी बनाए गए है। ताकि चार्जिंग में परेशानी न हो। प्रदेश के डायल-112 के रिस्पॉन्स टाइम में नोएडा पुलिस एक बार फिर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर काबिज रहा है।

जुलाई 2021 से माह सितंबर 2022 तक 15 माह से लगातार प्रथम स्थान पर ही रहा है। रोजाना 400-450 इवेंट प्राप्त होते है। जिनको डॉयल 112 से 65 चार पहिया पीआरवी व 50 दो पहिया पीआरवी से पहुंचकर काम किया जा रहा है। सितंबर में पीआरवी का एवरेज रिस्पॉन्स टाइम 05 मिनट 22 सेकेंड रहा। शहर में एक अक्टूबर से ग्रेप लागू है। ऐसे में पर्यावरण प्रदूषण करने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय ने नोएडा में नोएडा प्राधिकरण के वेंडर सेक्टर.1, वेंडर सेक्टर.76, वेंडर सोरखा सेक्टर-115, फेज-2 में भूखंड संख्या बी 191 पर दो लाख का जुर्माना लगाया है। ज्ञात हो केंद्र सरकार सरकारी दफ्तरों में ई-वाहनों को बढ़ावा दे रही है।

### गंग नहर से अवैध बालू खनन के आरोप में 57 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर के दनकौर क्षेत्र में गंग नहर से बालू का अवैध खनन करने के आरोप में पुलिस ने 57 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दनकौर थाना के प्रभारी राधा रमन सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि गंगा से निकलने वाली गंग नहर में कुछ लोग काफी दिनों से अवैध रूप से बालू खनन कर रहे थे जिससे नहर में पानी का स्तर नीचे आ गया है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने जांच की तो पता चला कि वहां कई लोग अवैध रूप से बालू खनन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखकर बालू खनन कर रहे लोग वहां मौके से भाग गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि कुल 52 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है जिनमें 32 लोगों को नामजद किया गया है तथा 25 अज्ञात लोग हैं। ज्ञात हो इस इलाके में भारी पैमाने पर बालू का अवैध खनन हो रहा है।

# नोएडा-गाजियाबाद में 20 दिन तक नहीं होगी गंग नहर से जलापूर्ति

● गंग नहर की हो रही है सफाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश के जनपद गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद में निवासियों को अगले 20 दिन तक पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि बृहस्पतिवार से गंगाजल की आपूर्ति बंद हो गई है।

नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि गंग नहर की सफाई के कारण गंगा जल की आपूर्ति बंद की गई है और 26 अक्टूबर के बाद गंग नहर में पानी छोड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि गंग नहर की सफाई के लिए प्रत्येक वर्ष अक्टूबर में करीब 20 दिन के लिए गंग नहर में पानी की आपूर्ति रोकी जाती है।




त्रिपाठी ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण की ओर से शहरवासियों के लिए जलापूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने कहा कि गंग नहर से आपूर्ति बाधित होने के बाद दो-तीन दिन तक स्टोर किए गए पानी से काम चलाया जाएगा। इसके बाद भूमिगत जलाशय के पानी की आपूर्ति की जाएगी। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा है कि जहां पानी की समस्या होगी, वहां टैंकर से भी पानी भिजवाया जाएगा। नोएडा के अलावा पड़ोसी गाजियाबाद जिले में भी गंग नहर से होने वाली जलापूर्ति को बंद कर दिया गया है।

# दुष्कर्म की शिकार 12 वर्षीय बच्ची बनीं मां तीनों में कौन है पिता, होगा डीएनए से फैसला

● दो माह से आरोपी जेल में है बंद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार 12 वर्षीय बच्ची ने मेरठ के एक अस्पताल में बेटे को जन्म दिया है।

आरोपी नरेंद्र, प्रदीप और कल्लू फिलहाल जेल में बंद है। बेटे के जन्म के बाद अब पिता का पता करने के लिए गाजियाबाद पुलिस तीनों आरोपियों को डीएनए टेस्ट कराएगी। खोड़ा थाना क्षेत्र की सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता 12 वर्षीय किशोरी ने मेरठ मेडिकल कालेज में बुधवार को स्वस्थ बेटे को जन्म दिया।

इस मामले में तीन आरोपी युवक जेल जा चुके हैं। सामूहिक दुष्कर्म के इस मामले में एक किशोरी भी आरोपी है। वह बाल सुधार गृह भेजी गई है। इन चारों के अलावा एक महिला का नाम भी प्रकाश में आ गया है। उसके खिलाफ साक्ष्य एकत्रित किया जा रहा है।

गाजियाबाद पुलिस द्वारा अब बच्चे का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इससे पता चलेगा कि तीनों आरोपियों में से बेटा किसका है, बता दें कि इससे आरोपियों की सजा पर कोई असर नहीं होगा। तीनों ही आरोपियों को एक सामान सजा मिलेगी। यहां पर बता दें कि तकरीबन दो महीने पहले खोड़ा क्षेत्र में 12 वर्षीय बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म का मामला तब उजागर हुआ जब बच्ची के शरीर में बदलाव नजर आने लगे।

इस बीच यानी घटना के करीब सात महीने बाद जब पीड़िता के पेट में दर्द होने लगा और शारीरिक बदलाव होने लगा तब उसके माता-पिता ने पूछताछ की।

इसके बाद बच्ची ने दोनों की करतूत बताई। इसके बाद मां-बाप उसे डाक्टर के पास ले गए उसकी जांच कराई।

### तय दर से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेच रहा सेल्समैन गिरफ्तार

**नोएडा।** सरकारी ठेके की दुकान पर तय दर से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेच रहे एक सेल्समैन के खिलाफ आबकारी विभाग ने थाना सेक्टर.63 में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आबकारी विभाग को सूचना मिली थी छिजारसी गांव में शराब के ठेके पर काम कर रहा सेल्समैन तय दर से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जांच की तो सेल्समैन 5 से 10 रूपये प्रति बोतल के हिसाब से लोगों से ज्यादा पैसे ले रहा था। इस मामले में आबकारी विभाग की तरफ से पुलिस को शिकायत दी गई।

# सोसाइटी की लिफ्ट में 45 मिनट तक फंसा रहा बच्चा

● चीखने-चिल्लाने के बाद हुआ बेहोश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पैरामाउंट इमोशंस हाउसिंग सोसायटी में मंगलवार की रात एक 10 वर्षीय बच्चे के लिफ्ट में फंसने का मामला सामने आया है।

बच्चा करीब 45 मिनट तक लिफ्ट में फंसा रहा। जब घटना हुई सोसायटी में दुर्गा पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे थे। इस वजह से किसी का ध्यान नहीं गया। बच्चा काफी देर तक चीखता-चिल्लाता रहा। इसके बाद में आयोजन समाप्त



होने के बाद माता-पिता को बच्चा न मिलने पर खोज की गईए तब उसके लिफ्ट में फंसे होने की जानकारी हुई। जिसके बाद बच्चे को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला जा सका।

पीड़ित स्वजन ने बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ मामले की शिकायत बिसरख कोतवाली पुलिस से की है। सोसायटी में दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इसे देखने बच्चा माता.पिता के साथ आया था। पीड़ित परिवार सोसायटी के यू टावर में रहता है। पीड़ित स्वजन ने बताया कि आयोजन पूरा होने पर करीब साढ़े 11 बजे घर जाने के लिए बच्चे को इधर-उधर तलाशा, पर वह नहीं मिला। बच्चे के न मिलने पर सोसायटी के लोगों में अफरातफरी मच गई।

सूचना पुलिस के साथ बिल्डर प्रबंधन को दी गई। लोग सोसायटी के प्रत्येक टावर में बच्चे की तलाश में जुट गए। इस दौरान सोसायटी के एफ टावर की लिफ्ट में बच्चे के फंसे होने की सूचना स्वजन को हुई।

बच्चा 14वें व 15वें फ्लोर के बीच लिफ्ट में करीब 45 मिनट से फंसा था। रखरखाव प्रबंधन व लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को बेसुध अवस्था में साढ़े 12 बजे लिफ्ट से बाहर निकाला।

घटना के बाद से बच्चा सहमा हुआ है। मामले में टावर में तैनात सुरक्षा गार्ड की लापरवाही सामने आई है। बच्चा लगातार लिफ्ट में चीख रहा था। लिफ्ट में सीसीटीवी कैमरा भी लगा था। इसका दृश्य टावर में लगी स्क्रीन पर दिखता है, लेकिन गार्ड मोबाइल पर वीडियो देखने में व्यस्त था। लोगों का आरोप है कि पूर्व में भी कई बार सोसायटी में लिफ्ट खराब होने की घटनाएं हो चुकी हैं।

पीड़ित स्वजन ने रखरखाव एजेंसी के खिलाफ आक्रोश जताते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## संक्षिप्त समाचार


सेक्टर-2 में स्थित एक कंपनी के बाहर अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करता पुलिसकर्मी।

### शराब तस्कर गिरफ्तार, तीस पेटी शराब बरामद

**नोएडा।** थाना जेवर पुलिस ने सुबह को एक सूचना के आधार पर एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर, उसके पास से 30 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद किया है। थाना जेवर के थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सुबह को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने विवेक पुत्र महेंद्र सिंह निवासी जनपद पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से एक मारुति कार में रखी हुई 30 पेटी हरियाणा मार्का देसी शराब बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि यह काफी दिनों से अवैध रूप से शराब बेचने के धंधे में संलिप्त है।

### सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत

**नोएडा।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता कंटेनर डिपो में आज दोपहर को हुए सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि आज दोपहर को तिलपता कंटेनर डिपो में एक अज्ञात व्यक्ति कंटेनर के नीचे आ गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मृतक शराब के नशे में कंटेनर के नीचे आ गया है।

### महिला पर रंगदारी मांगने का आरोप

**नोएडा।** एक महिला ने अपने कार चालक और उसकी पत्नी के खिलाफ छेड़छाड़ करने, 36 लाख रुपए की रंगदारी मांगने सहित विभिन्न धाराओं सेक्टर 20 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 19 में रहती है। महिला का कहना है कि उनके पास नेम सिंह नाम का व्यक्ति कार चालक के रूप में काम करता था। वह कुछ दिन पूर्व बिना बताए नौकरी छोड़कर चला गया। महिला एक दिन वह पार्क में घूम कर रही थी। तभी नेम सिंह अपने कुछ साथियों के साथ आया। वह महिला की वीडियो बनाने लगा। इस पर महिला दौड़कर अपने घर चली गई। नेम सिंह उसके घर के बाहर आकर खड़ा हो गया। आरोप है कि नेम सिंह और उसकी पत्नी प्रेमवती उन्हें धमकी दे रहे हैं कि वह उनकी वीडियो वायरल कर उन्हें बदनाम कर देंगे। इसके एवज में महिला से दोनों 36 लाख रुपये की रंगदारी मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। संबंधित व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाया गया है, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके।

### ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी में मारपीट

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर की एक सोसाइटी में शर्मनाक घटना सामने आई है। वाट्सऐप ग्रुप पर मामूली बहस मारपीट में तब्दील हो गई। इसमें एक बुजुर्ग महिला की पिटाई करने का भी मामला सामने आया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पंचशील हायनस सोसायटी में दो पक्षों के बीच विवाद होने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है(वीडियो में एक व्यक्ति का हाथ पकड़ कर खींचते हुए कुछ लोग दिख रहे हैं। वाट्सएप पर शुरू हुआ विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। माता के जागरण के दौरान व्यवस्था को उच्च कोटि का दिखाने का दावा दोनों पक्षों ने सोसायटी के वाट्सएप ग्रुप पर किया। इसी विवाद में बात आगे बढ़ गई और नौबत मारपीट की आ गई।

# कमजोर छात्रों के लिए चलाए विशेष कक्षाएं: सीडीओ

● तेज प्रताप मिश्र ने पांच स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ तेज प्रताप मिश्र ने पांच स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल तुगालपुर में छात्रों की उपस्थिति पंजिका के साथ मिड डे मिल का रजिस्टर चेक किया। उसके बाद उन्होंने छात्रों को पढ़ाए जा रहे पाठ से कुछ सवाल पूछे।

उच्च प्राथमिक स्कूल तुगलपुर में छात्रों को पढ़ाया। उन्होंने शिक्षकों को कमजोर छात्रों के लिए छुट्टी के बाद आधे घंटे की विशेष कक्षाएं चलाने के लिए आदेशित किया। तुगलपुर के बाद



वह प्राथमिक स्कूल नवादा गए। प्राथमिक स्कूल नवादा में उन्होंने प्रधानाध्यापक गीता यादव से शिक्षकों का उपस्थिति पंजिका मांगी।

गीता यादव से उन्होंने पूछा कि उपस्थिति पंजिका में कई शिक्षक है, लेकिन स्कूल में केवल चार ही लोग उपस्थित क्यों है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि तीन शिक्षक बीएलओ ड्यूटी पर गए हुए हैं और 150 छात्रों को तीन शिक्षक पढ़ा रहे है।

उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश है कि शिक्षक आधे समय तक पढ़ा कर बीएलओ ड्यूटी में जायेंगे। शिक्षक उनके भी आदेश को नहीं मान रहे है। सीडीओ ने ऐसे शिक्षकों पर बीएसए को कार्रवाई करने के लिए आदेशित किया है। सीडीओ ने कक्षा पांच के छात्रों से पूछा कि कितने लोगों को राष्ट्रगान याद है। छात्रों ने जवाब देते हुए बताया कि सभी को राष्ट्रगान याद है। उसके बाद उन्होंने पूछा कि कितने देर में राष्ट्रगान गाया जाता है। छात्रों ने बताया कि राष्ट्रगान को 52 सेकेंड में गया जाता है। सीडीओ ने इसके बाद विद्यालय नवादा की प्रधानाध्यापक गीता यादव द्वारा स्कूल में कराए गए कार्य की प्रशंसा की और कहा कि अन्य शिक्षकों को भी आगे आकर गीता यादव की तरह काम करना चाहिए। इसके बाद वह प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल बिरोंडी गए।

# पैदल मार्च निकालने का प्रयास करते हुए यति नरसिंहानंद हिरासत में

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिला प्रशासन ने महंत यति नरसिंहानंद महाराज को डासना देवी मंदिर परिसर के भीतर हिरासत में ले लिया।दीपक त्यागी (20) नामक एक युवक का शव पिछले सप्ताह बरामद किया गया था जिसके बाद यति ने घोषणा की थी कि इसके विरोध में बृहस्पतिवार को पैदल मार्च निकाला जाएगा।

पुलिस के अनुसार इस युवक का कटा हुआ सिर बरामद होने के बाद फहमीदु नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था, जिसने अपनी बेटी के साथ अवैध संबंधों के संदेह में त्यागी का कथित तौर पर सिर काट दिया था। पुलिस ने उसके साथी आसिफ को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इरज राजा ने कहा कि यति के पैदल मार्च निकालने की योजना के बारे में पता चलने के बाद से ही प्रशासन सतर्क था। उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह और पुलिस बल के साथ मंदिर पहुंचे और यति को हिरासत में ले लिया गया क्योंकि उन्होंने विरोध मार्च निकालने की अनुमति नहीं ली थी।

# एक सप्ताह के लिए बढ़ी आवासीय भूखंड स्कीम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण ने आवासीय भूखंड योजना में आवेदन की अवधि को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। वेबसाइट में आ रही तकनीकी अड़चन के कारण प्राधिकरण ने समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। आवेदन की समय सीमा सात अक्टूबर को समाप्त हो रही थी। भूखंड योजना में पचास हजार से अधिक लोग आवेदन कर चुके हैं। पंजीकरण राशि फाइनेंस कराने के लिए बृहस्पतिवार को बैंक में लोगों की भीड़ जुटी रही।

यमुना प्राधिकरण ने सात सितंबर को 477 आवासीय भूखंड की योजना निकाली थी। इसमें आवेदन के लिए सात अक्टूबर तक का मौका दिया गया था। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण प्राधिकरण क्षेत्र में जमीन की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसके चलते भूखंड योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है, लेकिन



पिछले चार दिन से लोग योजना में आवेदन नहीं कर पा रहे थे। दरअसल, प्राधिकरण ने योजना में आवेदन के लिए केवल आनलाइन का विकल्प दिया है।

भूखंड योजना में आवेदन प्रक्रिया से लेकर किसी भी तरह की संबंधित जानकारी लोगों को उपलब्ध कराने के लिए आइसीआइसीआइ बैंक के साथ समझौता किया है, लेकिन वेबसाइट पर लोड बढ़ने के कारण लोग आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।

### लग्जरी कार चुराने वाले गैंग का पर्दाफाश

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। टीम ने लग्जरी कारों की चोरी करने वाले एक अंतराज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की लग्जरी कार बरामद की हैं। एसपी द्वितीय ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक अभियुक्त कार से उतर कर भाग खड़ा हुआ। जबकि दूसरे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान योगेश उर्फ राजू पुत्र खड़क बहादुर सिंह थाना रानीपुर जिला हरिद्वार उत्तराखंड बताया।



चोरी के वाहनों के पार्ट्स बेचने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

# रावण का पुतला जलाकर दिया अच्छाई की जीत का संदेश

● करीब 50 स्थानों पर रावण दहन किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में विभिन्न रामलीला कमेटियों ने रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। यहां रावण के साथ मेघनाद व कुंभकरण के पुतले का भी दहन किया गया। रामलीला कमेटियों की ओर से शाम 6 से रात के 9 बजे तक पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

यही वजह रही कि दोपहर में हुई हल्की बारिश के बाद रावण के पुतले भीग गए थे। लेकिन बाद में मौसम ठीक हो जाने के बाद राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। जिसके बाद



पहले मेघनाद फिर कुंभकरण और अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया। इस मौके पर शहर में करीब 50 स्थानों पर रावण दहन किया गया।

बता दें कि शाम होने के साथ-साथ जैसे ही रावण व मेघनाथ सहित अन्य पुतले में आग लगाई गई तो आसपास का इलाका आतिशबाजी से से गूंजता रहा। धू-धू कर जलते रावण के साथ मेघनाद व कुंभकरण के पुतले को देखने एकत्र हुए लोगों ने ताली बजाकर अपनी खुशी को जाहिर किया।

गौरतलब है कि शहर में मुख्य रूप से सेक्टर-21ए स्थित रामलीला ग्राउंड में सनातन धर्म रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था। इस समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री डॉ० महेश शर्मा और विशिष्ट अतिथि विधायक पंकज सिंह थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ महेश शर्मा ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विजयदशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रावण को उसके गलत कृत्य की सजा भगवान श्रीराम ने दी एवं उसका वध कर दिया।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही समाज व देश का भला हो सकता है। विधायक पंकज सिंह ने कहा कि दशहरा केवल त्योहार नहीं बल्कि भरतीय सभ्यता का प्रतीकरण है, जो हर साल हमें यह याद दिलाता है कि हम अपने अन्दर के दानव को खत्म करें। बता दें कि सबसे पहले सेक्टर-62 श्रीराम मित्र मंडल की ओर से रावण का पुतलों का दहन किया गया। इसके बाद नोएडा स्टेडियम में रावण के पुतलों का दहन हुआ।

# बैंक मैनेजर ने सुरक्षा कर्मी के प्राइवेट पार्ट में मारी लात

● सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में गार्ड ने कुत्ता भगाने से किया था मना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में फिर गार्ड के साथ थप्पड़ बाजी का वीडियो सामने आया है। ये सेक्टर-74 के सुपरटेक केपटाउन का है। यहां महिला के पति ने गार्ड को थप्पड़ मारा। इसके बाद प्राइवेट पार्ट पर लात मारी।

सुपरटेक केपटाउन सेक्टर-74 में अनुराग शर्मा ग्राउंड फ्लोर पर सी०एम.1003 में रहते हैं। इनकी वाइफकिसी काम से फ्लैट से निकलकर बाहर जा रही थी।

इस दौरान उन्होंने गार्ड से सोसाइटी में घूम रहे कुत्ते को भगाने को कहा। गार्ड ने मना कर दिया। ये बात महिला ने पति को बताई। जिसके बाद उसके पति जो बैंक के मैनेजर हैं। जिनका नाम अनुराग शर्मा है। गार्ड ऋषभ कुमार से बहस की। इस पर देखते ही देखते अनुराग ने गार्ड को धक्का दिया। थप्पड़ मारे।

इसके बाद रीसेप्शन से धक्का देकर बाहर ले गए। वहां गार्ड के साथ मारपीट की। उसके प्राइवेट पार्ट पर लात भी मारी। गार्ड ने अपने साथ हुई घटना का एक वीडियो बनाकर पोस्ट कर दिया। वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी ली। दोनों पक्षों को बुलाया। इसके बाद दोनों का 151 में चालान किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# धूल रोधी अभियान

# 12 विभागों की 586 टीमें रखेंगी निगाह

## छह नवंबर तक चलेगी मुहिम, उल्लंघन करने पर 10 हजार से 5 लाख रुपए तक लगेगा जुर्माना

● निर्माण स्थलों पर 14 नियमों का पालन जरूरी


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सर्दियों में प्रदूषण का स्तर नहीं बढ़े। इसके लिए सरकार ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। इस सिलसिले में उसने बृहस्पतिवार से धूल विरोधी अभियान शुरू किया है।

निर्माण स्थलों पर सरकार द्वारा जारी 14 एंटी डस्ट नियमों को लागू करना जरूरी होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पर 10 हजार से 5 लाख रुपए तक जुर्माना लगेगा।

निगरानी के लिए 12 विभागों की 586 टीमों का गठन किया है। जिसमें डीपीसीसी की 33 टीमें शामिल हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज से 6 नवंबर तक एंटी डस्ट अभियान चलाया जाएगा। कंस्ट्रक्शन साइटों पर निर्माण संबंधी 14 एंटी डस्ट नियमों को लागू करना जरूरी है। मुहिम की निगरानी के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अलावा राजस्व विभाग की 165, एमसीडी की 300, डीएसआईआईडीसी की 20, दिल्ली जल बोर्ड की 14, डीडीए की 33, डीएमआरसी 3, सीपीडब्लूडी की 6, पीडब्लूडी की 6, एनडीएमसी 1 और कैंटोनमेंट बोर्ड की 4 टीम और एनएचएआई की 1 टीम शामिल हैं।

यह टीम आज से लगातार निर्माण साइट्स का दौरा करेगी। यह सुनिश्चित करेगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशा निर्देशों का पालन हो। यह मुहिम 6 नवंबर तक चलेगी। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करेगा। उसपर कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम के उल्लंघन होने पर एनजीटी की गाइडलाइन के मुताबिक 10 हजार से 5 लाख का जुर्माना लगाया जाएगा। दोबारा उल्लंघन मिलने पर उससे अधिक रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा। अगर ज्यादा उलंघन होगा तो कंस्ट्रक्शन साइट को बंद कर दिया जाएगा।




### निर्माण स्थलों के लिए तय किए गए नियम

सभी निर्माण साइटों पर चारों तरफ धूल रोकने के लिए ऊंची टीन की दीवार खड़ी करना, धूल प्रदूषण को लेकर पहले केवल 20 हजार वर्ग मीटर से ऊपर के निर्माण साइट पर ही एंटी स्मोग गन लगाने का नियम था। अब नए नियम के आधार पर 5 हजार वर्गमीटर से लेकर उससे अधिक के एरिया के निर्माण साइट पर एंटी स्मोग गन लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

5 हजार से 10 हजार वर्ग मीटर की निर्माण साईट पर 1 एंटी स्मॉग गन, 10 हजार से 15 हजार वर्ग मीटर साइट पर 2, 15 हजार से 20 हजार वर्ग मीटर की निर्माण साइट पर 3 और 20 हजार वर्ग मीटर से ऊपर की निर्माण साइट पर कम से कम 4 एंटी स्मॉग गन होनी चाहिए। निर्माणाधीन क्षेत्र और भवन को त्रिपाल या नेट से ढकना जरूरी है। निर्माण सामग्री को लाने, ले जाने वाले वाहनों के पहिए साफ करना जरूरी है। इसके अलावा अन्य नियामों सहित धूल कम करने के उपाय के दिशा-निर्देशों का साइन बोर्ड को निर्माण साइटों पर प्रमुखता से लगाना अनिवार्य है।

### कांग्रेस का सीएम पर निशाना प्रदूषण रोकथाम बस दिखावा

**नई दिल्ली।** हवा की गुणवत्ता बुधवार को करीब साढ़े तीन महीने बाद खराब श्रेणी में पहुंचने के बाद दिल्ली सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि हर साल सर्दियों में प्रदूषण दम घोंटू बन जाता है लेकिन इस वर्ष अक्टूबर के शुरुआत से ही वायु गुणवत्ता सूचकांक रिकॉर्ड तोड़ उच्च स्थान पर पहुंच गया है। भाजपा कूड़े के ढेर लगाकर और आम आदमी पार्टी उन्हें जलाकर प्रदूषण बढ़ाने में आग में घी डालने का काम कर रही है। अनिल कुमार ने कहा कि 30 सितम्बर को मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने प्रदूषण की रोकथाम के लिए 15 सूत्री विन्टर एक्शन प्लान का ऐलान किया था।

# कचरा जलाने पर आम आदमी पार्टी पर लगे जुर्माना : भाजपा

● राजधानी में ग्रेप लागू होने के कारण इस पर है प्रतिबंध : बिधूड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सर्दियों में दिल्ली की आबोहवा दुरुस्त रखने के लिए एक अक्टूबर से ग्रेप लागू हो गया है। इसके तहत वातावरण को प्रदूषित होने से रोकने के लिए एनजीटी ने कचरा जलाने पर पाबंदी लगा रखी है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिह बिधूड़ी ने कहा कि इसके बावजूद आम आदमी पार्टी ने 4 अक्टूबर को जगह-जगह कचरा जलाया था। इस कारण आम आदमी पार्टी पर केस दर्ज कर भारी जुर्माना लगाना चाहिए। उन्होंने इस बारे में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से भी कार्रवाई की मांग की है। रामवीर सिह बिधूड़ी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मंगलवार को आम आदमी पार्टी के


रामवीर सिह बिधूड़ी

कार्यकर्ताओं ने पूरी दिल्ली में 3500 जगहों पर कूड़ा जलाया था। जिसके कारण अगले दिन यानी 5 अक्टूबर को प्रदूषण का स्तर एकदम से बढ़ गया और दिल्ली के ऊपर सुबह धुएं की चादर छा गई। सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी के बहुत नजदीक 195 पर पहुंच गया। यही नहीं, आनंद विहार में तो यह 396 तक पहुंच गया। इसके अलावा अलीपुर, अशोक विहार, आईटीओ, जहांगीरपुरी, द्वारका, नेहरू नगर, पटपड़गंज, विवेक विहार, पूसा, आर.के. पुरम, शादीपुर और वजीरपुर में एक्यूआई खराब श्रेणी 200 के पार पहुंच गया। नेता प्रतिपक्ष ने याद दिलाया कि वर्ष 2020 में किराड़ी में एक स्थान पर कूड़ा जलने के कारण पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने तत्कालीन उत्तरी नगर निगम पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने का निर्देश दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को दिया था। 16 अक्टूबर 2020 को उन्होंने ग्रेप लागू होने पर कचरा जलने की घटना पर ट्वीट करके यह कार्रवाई की थी।

अब कूड़ा जलाने वालों में स्वयं गोपाल राय की पार्टी के लोग ही हैं। अब सवाल यह पैदा होता है कि वह अपनी पार्टी के लोगों पर कितना जुर्माना लगाते हैं। बिधड़ी ने कहा कि वह इस मामले को एनजीटी के समक्ष उठाएंगे। दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में केजरीवाल सरकार पूरी तरह फेल हो गई है और अब वह खुद प्रदूषण बढ़ाने वाली हरकतें भी खुलेआम कर रही है।

# एलजी पर बोले सीएम, इतना तो मेरी पत्नी भी नहीं डांटतीं



● कहा- पिछले छह महीनों में एजली ने उन्हें जितने प्रेम पत्र लिखे है, उतने पूरी जिंदगी में पत्नी ने भी नहीं लिखे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी जारी है। नई आबाकरी नीति, डीटीसी बस खरीद, स्कूलों में कमरों की निर्माण से लेकर कई मामलों की जांच बिठा चुके एलजी विनय कुमार सक्सेना ने अब बिजली सब्सिडी मामले में भी मुख्य सचिव से रिपोर्ट तलब कर ली है। जिसके बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ट्विटर पर एलजी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को एलजी को लेकर ऐसा ट्वीट किया है जिसकी खूब चर्चा हो रही है। केजरीवाल ने लिखा एलजी साहब रोज मुझे जितना डांटते हैं, उतना तो मेरी पत्नी भी मुझे नहीं डांटती है। उन्होंने चुटकी लेते हुए ट्वीट कर कहा, पिछले छह महीनों में एलजी ने उन्हें जितने प्रेम पत्र लिखे हैं, उतने पूरी जिंदगी में मेरी पत्नी ने भी नहीं लिखे। केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि एलजी साहब, थोड़ा चिल करें (थोड़ी शांति रखें) और अपने सुपर बॉस को भी बोलें, (वे भी) थोड़ा चिल करें। इससे पहले सक्सेना ने एक पत्र लिखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों के राजघाट और विजय घाट पर कार्यक्रमों में शामिल न होने का हवाला देते हुए इन कार्यक्रमों के प्रति पूरी तरह से असम्मान का आरोप लगाया था।

इसके बाद केजरीवाल की यह टिप्पणी आई है। सक्सेना ने इन समारोहों से उनकी अनुपस्थिति को अस्वीकार्य करार दिया था। सक्सेना इस साल मई में दिल्ली के उपराज्यपाल बने थे। इसके बाद से उन्होंने केजरीवाल सरकार के कई कार्यों की जांच के आदेश दिए हैं, जिनमें वापस ले ली गई आबकारी नीति, कक्षाओं और अस्पतालों का निर्माण शामिल हैं।

### *सीवर सफाई के 16 करोड़ भुगतान मामले को देखें मुख्य सचिव : सक्सेना*

***नई दिल्ली।*** *दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य सचिव से उस शिकायत पर गौर करने को कहा है जिनमें कहा गया है कि दिल्ली जल बोर्ड के तहत आने वाली सीवर लाइन को साफ करने के लिए राज्य सरकार की ओर से 16 करोड़ रुपये के बिल का भुगतान नहीं किया गया है। एलजी दफ्तर के अधिकारियों ने बताया कि दलित इंडिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) ने यह शिकायत की है। इस मामले पर दिल्ली सरकार या जल बोर्ड की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।*

# विकास के लिए गुणवत्ता से समझौता नहीं : पीयूष



क्यूसीआई के सिल्वर जुबली समारोह में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल व अन्य।

● क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के सिल्वर जुबली समारोह में बोले केंद्रीय मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश की सभी संस्था विकास के लिए गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करते हुए उच्च मानकों का ख्याल रखें। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता और सार्वजनिक, टेक्सटाइल मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) के सिल्वर जुबली समारोह में कहा कि गुणवत्ता और उच्च मानकों को बनाए रखने से दीर्घकालिक फायदा मिलता है। राष्ट्रीय राजधानी के डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में 'गुणवत्ता से आत्मनिर्भरता' की भावना के साथ क्यूसीआई के सिल्वर जुबली समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ केंद्रीय व मंत्री पीयूष गोयल, जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत, अनुराग जैन, सचिव आतंरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), अनिल अग्रवाल अतिरिक्त सचिव डीपीआईआईटी, आदिल जैनुलभाई चेयरपर्सन क्यूसीआई और डॉ. रवि पी. सिंह सेक्रेटरी जनरल ने किया।

इस अवसर पर जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि अगर देश हर साल 10 फीसदी की विकास दर से आगे बढ़ता है तो वर्ष 2047 में 6.2 ट्रिलियन डॉलर (अरब डॉलर) की देश की अर्थव्यवस्था होगी। लेकिन इस विकास को पाने के साथ ही हमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना होगा ताकि भारत के विकास क गति कायम रहे।

डीपीआईआईटी के चेयरपर्सन अनुराग जैन ने कहा कि ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल मार्केट (ओएनडीसी) ने देश में यूपीआई की सफलता को दोहराने और ई कामर्स के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है।

### बाजार में आग लगने से युवक की मौत

**नई दिल्ली।** गांधी नगर बाजार में भीषण आग लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक शहनावाज का शव दुकान की दूसरी मंजिल से मिला है। शरीर बुरी तरह से झुलस गया है इसलिए पुलिस पुष्टि के लिए मृतक का डीएनए परीक्षण कराएगी

पुलिस ने बताया कि परिजनों ने मृतक की शिनाख्त शहनावाज के रूप में की है। हालांकि, शरीर पूरी तरह से जल चुका है, इसलिए पीड़ित की पहचान की पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण किया जाएगा। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि बाजार में बुधवार को लगी आग को बुझाने में दमकलकर्मियों को करीब 10 घंटे का समय लगा। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताई गई है।

# मामूली कहासुनी के दौरान चाकू से हमला कर किशोर की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में 17 वर्षीय लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शिवम के रूप में की गई है, वह मुकुंदपुर में रहता था। घटना बुधवार देर रात की है।

पुलिस ने कहा कि जहांगीरपुरी के बीजेआरएम अस्पताल से रात 11 बजकर 48 मिनट पर एक फोन आया जिसमें बताया गया कि एक व्यक्ति के सीने पर चोट के निशान हैं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि किशोर को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि



शिवम को अस्पताल ले जाने वाले प्रत्यक्षदर्शी ने बताया था कि उसने जहांगीरपुरी के जी-ब्लॉक के पास एक पार्क में कुछ लोगों के बीच झगड़ा होते हुए देखा और बाद में उसे घायल हालत में पाया।

इस संबंध में जहांगीरपुरी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

# दिल्ली पुलिस के एसआई ने आत्महत्या की


मौके पर पुलिस। इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

● बेनी के स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण एमजीएस अस्पताल में कराया गया था भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के एक एसआई ने पंजाबी बाग स्थित अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। वह बाहरी जिले में तैनात थे।

पुलिस को बुधवार रात करीब आठ बजकर 50 मिनट पर घटना की सूचना मिली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एसआई का शव उनके कमरे में पंखे से लटका मिला और उनके बाएं हाथ की कलाई पर किसी चीज से काटे जाने के निशान पाए गए हैं।

एसआई के परिवार वालों ने किसी तरह का कोई संदेह जाहिर नहीं किया है। बेनी को हाल ही में एक पुरानी बीमारी व कुछ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण एमजीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वह तीन अक्टूबर तक चिकित्सकीय अवकाश पर थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रख दिया गया है।

# महात्मा गांधी ने लोक और शास्त्र के बीच किया सेतु का काम



● डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश को आजादी दिलाने के साथ ही भारतीय संस्कृति के बड़े संरक्षक और संवाहक भी थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के दो स्रोत हैं- लोक और शास्त्र। गांधी ने शास्त्र और लोक के बीच सेतु का कार्य किया। गांधी भारतीय अध्यात्म और धार्मिक चेतना से गहराई से प्रभावित थे।

प्रो. गिरीश्वर मिश्र डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के साहित्य अध्ययन केंद्र द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित पांचवें व्याख्यान में 'भारतीय ज्ञान परंपरा और गांधी' विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान में उपरोक्त बात कही।

कार्यक्रम कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर के सान्निध्य में संपन्न हुआ। माननीय कुलपति ने विषय की भूमिका में कहा कि गांधी भारतीय ज्ञान परंपरा से न केवल प्रभावित थे बल्कि वास्तविक जीवन में उसका उपयोग भी करते थे। व्याखानमाला के संयोजक प्रो. सत्यकेतु सांकृत ने स्वागत भाषण में मुख्य वक्ता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम का आरंभ किया।

धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. नितिन मलिक ने किया एवं संचालन डॉ. महेंद्र प्रजापति ने किया। व्याख्यान कार्यक्रम में लगभग सौ लोग उपस्थित थे।

# साइबर अपराध पर अंकुश लगाने को पुलिस करेगी जागरूक

## उपराज्यपाल ने साइबर उदय-2 अभियान का किया उद्घाटन, पहले चरण में 26,000 स्कूली बच्चों की क्विज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बढ़ते साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के मकसद से दिल्ली पुलिस ने साइबर जागरुकता दिवस पर साइबर उदय 2.0 अभियान शुरू किया है। इसे मुहिम को तीन भागों में बांटा गया है। पहले चरण में 26,000 स्कूली बच्चों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस दौरान तरह-तरह के कार्यक्रम होंगे। जिनमें क्विज, चित्रकला प्रतियोगिता समेत अन्य माध्यमों से बच्चों को जागरूक किया जाएगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना साइबर उदय 2.0 अभियान का उद्घाटन किया।

इस मौके पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि लगातार


साइबर उदय के उद्घाटन के मौके पर एलजी वीके सक्सेना व पुलिस आयुक्त संजय।

बढ़ रहे डिजिटलीकरण के दौर में साइबर अपराधों की आशंका लगातार बढ़ रही है। इसको लेकर केंद्र सरकार भी सक्रिय है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में पांच अक्टूबर को साइबर जागरुकता दिवस मनाने का ऐलान किया था। जिसके बाद से महीने के पहले बुधवार को साइबर जागरुकता दिवस मनाया जाता है। इसी को लेकर दिल्ली पुलिस भी लगातार लोगों के लिए सक्रियता से साइबर अपराध के प्रति जागरुकता लाने के लिए कार्यक्रमों को आयोजित कर रही है। साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अभियान पर उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक हो जाने पर यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचती है। इससे लोगों सक्रियता से साइबर अपराधों का मुकाबला कर पाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि दिल्ली पुलिस अपने इस अभियान में सफल होगी।

दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने कहा कि पुलिस लगातार मित्र पुलिस के तौर पर लोगों की मदद के लिए सामने आ रही है। जिस वक्त सड़कों से वाहन रेलवे स्टेशन से रेल आदि अन्य सभी सुविधाएं बंद हो गई थी। उस समय भी पुलिस सड़कों पर लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात थी। ऐसे में बढ़ रहे साइबर अपराध को लेकर भी पुलिस सक्रियता से अपनी भूमिका निभा रही है।

साइबर उदय 2.0 शुरू करने के दौरान अरोड़ा ने बताया कि शुरू केचार महीने के भीतर साइबर अपराध और रोकथाम जागरूकता के बारे में स्कूलों, कॉलेजों में 26000 छात्रों तक पहुंचना और उन्हें शिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

साइबर जागरुकता दिवस को 1 साल के लिए बढ़ाया गया है। अब वर्ष 2022 से लेकर वर्ष 2023 तक साइबर जागरुकता दिवस प्रत्येक माह मनाया जाएगा।

दिल्ली नगर निगम

प्रेस एवं सूचना निदेशालय, ए ब्लॉक
डॉ. एस.पी.एम. सिविक सेंटर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002

कृपया ध्यान दें:

**वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी किये गये निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में निर्माण एवं विध्वंस कार्यकलाप करने वाले सभी परियोजना प्रस्तावकों, ठेकेदारों, बिल्डरों, व्यक्तियों या प्राधिकरण द्वारा पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य**

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने सीएक्यूएम द्वारा दिये गये निर्देश दिनांक 11.06.2021 के अनुपालन में धूल प्रदूषण के संबंध में निर्माण एजेंसियों द्वारा अपनी साइटों के स्व-मूल्यांकन के लिए "धूल प्रदूषण नियंत्रण स्व-मूल्यांकन" नामक वेब पोर्टल **http://dustcontroldpcc.delhi.gov.in** के माध्यम से एक ऑनलाइन तन्त्र विकसित किया है।

उपरोक्त निर्देशों में परियोजना प्रस्तावकों द्वारा निम्नलिखित अनुपालनों पर विशेष जोर दिया गया है:-

1. सिविल संचरनाओं के निर्माण एवं विध्वंस की सभी वर्तमान/आगामी परियोजनाओं (प्लॉट एरिया 500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे अधिक) के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।
2. अनुपालन के निर्धारित मानदंडों/निर्देशों के अनुसार अपने कार्यकलापों की स्व-निगरानी/स्व-ऑडिट करना और यदि जरूरी है तो अनुपालन की स्थिति बनाए रखने के लिए सुधार हेतु जरूरी कदम उठाना।
3. परियोजना प्रस्तावकों को वेब पोर्टल पर दिये गये मानदंडों पर धूल नियंत्रण उपायों के लिए स्व-ऑडिट/स्व-निर्धारण निष्पादित करना होगा और पखवाड़ा आधार पर एक स्व-घोषणापत्र अपलोड करना होगा।
4. परियोजनाएं (एनसीआर के नगर निगम एरिया के भीतर एवं प्लॉट एरिया 500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे ऊपर) के लिए रिमोट कनेक्टिविटी के साथ विडियो फेंसिंग का प्रावधान पोर्टल का भाग है।
5. परियोजना स्थल पर विश्वसनीय कम लागत पीएम2.5 एवं पीएम 10सेंसर्स स्थापित किये जाने हैं और वेब पोर्टल पर लाइव डैश बोर्ड के साथ क्लाउड स्टोरेज प्लेटफार्म पर जोडा जाना है।
6. दिल्ली में सभी परियोजनाओं को प्रभावी धूल नियंत्रण उपाय (विंड ब्रेकर्स, डस्ट स्क्रीन्स, वाटर स्प्रिंकलिंग, डस्ट सप्रेसिंग एवं सॉयल स्टेबिलाइजेशन उपाय आदि) को अपनाना होगा।
7. सभी परियोजनाओं में निर्माण स्थलों के एरिया के अनुपात में 30.09.2022 तक पर्याप्त संख्या में एंटी-स्मॉग गन की तैनाती।
   - 5000-10000 वर्ग मीटर के बीच कुल निर्माण एरिया के लिए न्यूनतम 1 एंटी-स्मॉग गन।
   - 10001-15000 वर्ग मीटर के बीच कुल निर्माण एरिया के लिए न्यूनतम 2 एंटी-स्मॉग गन।
   - 15001-20000 वर्ग मीटर के बीच कुल निर्माण एरिया के लिए न्यूनतम 3 एंटी-स्मॉग गन।
   - 20,000 वर्ग मीटर कुल निर्माण एरिया के लिए न्यूनतम 4 एंटी-स्मॉग गन।
8. निर्माण स्थलों का पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर, 2022 है। पोर्टल पर पंजीकरण न कराने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।
9. एमसीडी द्वारा निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण उपायों के उल्लंघन की जांच करने एवं परियोजना प्रस्तावकों द्वारा वेब पोर्टल पर स्व-ऑडिट के अनुपालन की जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।
10. वायु गुणवत्ता सूचकांक 'घटिया' (एक्यूआई 201-300) होने पर संबंधित राज्य/जीएनसीटीडी के 'वेब पोर्टल' पर पंजीकरण न होने पर प्लॉट एरिया 500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे अधिक वाली ऐसी परियोजनाओं के संबंध में सीएंडडी कार्यकलापों को रोक दिया जाएगा।

RO No. 38/DPI/MCD/2022-23

# जिला परिषद के चुनाव सिंबल पर लड़ें या नहीं, फैसला जिला इकाई करेगी

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष धनखड़ ने कहा आदमपुर उपचुनाव को लेकर अभी उम्मीदवार का नाम तय नहीं किया गया

### आदमपुर उपचुनाव के उम्मीदवार का फैसला मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष पर छोड़ा



आदमपुर उप-चुनाव व पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा की बैठक में मौजूद सीएम मनोहर लाल, हरियाणा प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़/गुरुग्राम

**पंचायत** चुनाव और आदमपुर उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की अहम बैठक प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचकूला स्थित पंचकमल प्रदेश कार्यालय में हुई। जिला परिषद के चुनाव सिंबल पर लड़े जाए या नहीं इसका फैसला जिला इकाईयों पर छोड़ दिया गया।

बैठक में सेवा पखवाड़ा के दौरान किए गए कार्यों की भी समीक्षा की गई। आदमपुर उपचुनाव को लेकर अभी उम्मीदवार का नाम तय नहीं किया गया है। मीटिंग के बाद पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने यह साफकिया कि आदमपुर उपचुनाव में प्रत्याशी का फैसला जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ बैठक करके ले लिया जाएगा। बैठक में सबसे अहम निर्णय लिया गया कि बीजेपी नवंबर माह के तीसरे सप्ताह में प्रदेश सरकार के आठ साल के विकास कार्यों को लेकर एक विराट रैली करेगी। बैठक में प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला, कुलदीप बिश्नोई, मीडिया प्रभारी डा. संजय शर्मा व जिला प्रभारी तथा जिला पंचायत चुनाव प्रभारियों ने बैठक में भाग लिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत चुनाव के लिए जिन नेताओं को अलग-अलग जिलों का इंचार्ज बनाया गया था, आज उनकी एक सामूहिक बैठक हुई। इसके अलावा प्रदेश की चुनाव समिति की भी बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को सरकार के 8 साल पूरे हो रहे हैं। उसी दिन डा. मंगलसेन की जयंती है। भाजपा बूथ स्तर पर डा. मंगलसेन की जयंती मनाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के आठ सालों में कराए गए काम को लेकर पार्टी जनता के बीच जाएगी। एक निर्णय यह भी हुआ है कि 8 साल के उपलक्ष्य में एक बड़ी रैली हरियाणा में की जाएगी। आदमपुर उपचुनाव और पंचायत चुनाव बीच में आ रहे हैं इसलिए यह रैली नवंबर के तीसरे सप्ताह में किए जाने का फैसला लिया गया है।

धनखड़ ने कहा कि जो पंचायत चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं उसके बारे में चुनाव समिति ने निर्णय लिया है कि पंच, सरपंच और ब्लॉक समिति चुनाव सिंबल पर पार्टी नहीं लड़ेगी। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के चुनाव सिंबल पर लड़ा जाए या नहीं, इसका फैसला चुनाव समिति ने जिला इकाईयों पर छोड़ा है। उन्होंने बताया कि बैठक में सिंबल पर चुनाव लड़ने और नहीं लड़ने के दोनों तरह के मत आ रहे थे। सिंबल पर चुनाव लड़ने या नहीं लड़ने का स्वतंत्र रूप से निर्णय जिला इकाईयों का रहेगा।

आदमपुर विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार के सवाल पर धनखड़ ने कहा कि इसका फैसला मुझ पर और मुख्यमंत्री पर छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उम्मीदवार की घोषणा कर दी जाएगी। पीएम मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए गए सेवा पखवाड़ा के बारे में बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में अच्छा काम किया गया है। बड़ी मात्रा में जल बचाने के लिए टोंटियां लगाई गई, पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों में कार्यकर्ताओं ने उत्साह से भाग लिया। दिव्यांगों के लिए अंग व उपकरण प्रदान किए गए।

उन्होंने बताया कि सेवा के लिए पूरे प्रदेश में हेल्थ मेले, टीबी के मरीजों को गोद लिया गया। सेवा पखवाड़ा सफल रहा और कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत की है।

## बूथ जीता, चुनाव जीता: बिप्लब देव

**त्रिपुरा** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा हरियाणा प्रभारी बिप्लब देव ने कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे हरियाणा प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर-पूर्व के कार्यकर्ता को किसी प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है, यह पहली बार हुआ है। बिप्लब देब ने बैठक में बूथ जीता, चुनाव जीता का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा के हर बूथ तक प्रवास करूंगा, क्योंकि बूथ की मजबूती से ही चुनाव में सफलता मिलती है। इसलिए बूथ को मजबूत करना मेरा लक्ष्य है। हरियाणा प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब गुरुवार को चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### हाई टेंशन लाइन से टकराने पर 28 वर्षीय युवक की मौत



मृतक सलीम की फाइल फोटो।

**सोहना।** नगर परिषद के गांव रायपुर में 28 वर्षीय युवक की बिजली हाई टेंशन लाइन से टकराने पर मौत हो गई। मृतक के शव कि पुलिस ने पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मृतक के साथ चल रहा युवक की शिकायत पर बिजली निगम कर्मचारी तथा अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रायपुर निवासी साकिर ने पुलिस को बताया कि वह और सलीम के साथ-साथ पैदल रेल लाइन के नीचे अपने घर को जा रहे थे। सलीम उससे थोड़ी आगे चल रहा था। रेल लाइन के साथ बिजली के नंगी तारों की लाइन जा रही है। बिजली की तार जमीन से करीब पांच फुट की ऊंचाई पर लटका हुए हैं। सलीम का सिर बिजली की लाइन से भिड़ गया। जिससे सलीम को जोरदार झटका लगा। उसकी बिजली का जोरदार करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना शहर थाना पुलिस को दी गई। गुरुवार को ही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों सौंप दिया। यहां के निवासी रफीक ने बिजली की लटक रही तारों की कई बार शिकायत निगम अधिकारी को की जाती रहीं हैं।

### किरायेदार का सत्यापन ना करवाने पर मकान मालिक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** मुजेसर एरिया में किराए पर रह रहे एक व्यक्ति ने चुन्नी से गला घोट कर पत्नी की हत्या कर मौके फरार हो गया था। जिस संबंध में थाना मुजेसर में मुकदमा दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस की दो टीम आरोपी की तलाश में जुटी है और जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं पुलिस जांच में सामने आया कि मकान मालिक धर्मबीर ने किराए पर मकान देते समय पत्नी के हत्यारे यूपी निवासी श्रवण कुमार की पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाई थी इसलिए मकान मालिक के खिलाफ भी सरकारी आदेशों की अवहेलना करने के जुर्म में धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज करके मकान मालिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मुजेसर के कोहली मोहल्ला एरिया में धर्मबीर का मकान है जहां पर 20 दिन पहले ही आरोपी पति श्रवण कुमार और उसकी पत्नी पूजा ने किराए पर मकान लिया था।

# स्वच्छता रैंकिंग में गुरुग्राम को 19वां स्थान मिलने पर नवीन गोयल ने निगमायुक्त को दी बधाई

### निगमायुक्त ने पर्यावरण सुधारने के नवीन गोयल के प्रयासों को सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम निगमायुक्त से मुलाकात करते नवीन गोयल।

**इस** बार स्वच्छता रैंकिंग में गुरुग्राम को 19वां स्थान मिला है। इसकी बधाई देने के लिए गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा से मुलाकात करके उन्हें बधाई दी। साथ ही कहा कि हम सब मिलकर अपने गुरुग्राम को टॉप-10 में शामिल करने के लिए और भी अधिक मेहनत से काम करेंगे।

निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा को स्वच्छता के क्षेत्र में उनके प्रयासों के लिए नवीन गोयल ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की स्वच्छता के लिए श्री आहुजा लगातार सक्रियता से काम कर रहे हैं। स्वयं भी फील्ड में जाकर सफाई की जमीनी हकीकत जानते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में अभी हम 19वें स्थान पर आए हैं। इसे और कम करके टॉप10 सूची में आना हमारा टारगेट है। निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने भी नवीन गोयल के हर स्तर पर स्वच्छता और पर्यावरण में सुधार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने नवीन गोयल से कहा कि आप भी काम कर रहे हैं। स्वच्छता और पर्यावरण में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पौधारोपण आदि करके इस दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है।



गुरुग्राम में श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से श्रीराम के राजतिलक को लेकर निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल झांकी।

# नियम तोड़ने पर 8 लाख से अधिक वाहनों पर पौने 9 करोड़ रुपये जुर्माना

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

### यातायात के नियम तोड़ने वालों पर यातायात पुलिस हो रही है सख्त

### हर जगह पर लगा दिए गए हैं सीसीटीवी कैमरों से भी हो रही निगरानी

### सबसे ज्यादा गलत दिशा में चलते वाहनों का हुआ चालान

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में यातायात में सुधार के लिए भले ही यातायात पुलिस लाख प्रयास कर रही हो, लेकिन यहां यातायात के नियमों तो तोड़ने वालों की भी कमी नहीं है। जनवरी-2022 से अगस्त 2022 के बीच यहां 8 लाख से अधिक वाहनों के चालान किए गए, जिन पर पौने 9 करोड़ रुपये जुर्माना ठोंका गया।

गुरुग्राम में जनवरी से अगस्त माह के दौरान पोस्टल (ऑनलाइन) व मैन्युअल (ऑफलाइन) प्रक्रिया के माध्यम से 8 लाख 39 हजार 454 वाहनों के चालान कर 8 करोड़ 81 लाख 26 हजार 160 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसमें सबसे अधिक चालान गलत दिशा में वाहन चलाने वाले लोगों के किए गए हैं। इस अवधि में मैन्युअल आधार से गलत दिशा के 29,548 चालान, ट्रैक्टर-ट्रॉली के 154, बिना अनुमति के सायरन के 72, नो एंट्री के 1267, अधिक सीटिंग कैपेसिटी के 3651, ब्लैक फिल्म 307, प्रेशर हॉर्न के 137, बिना हाई सिक्योरिटी प्लेट के 17076, खतरनाक ड्राइविंग के 1195, स्कूल बस के 93, बिना नंबर प्लेट के 3679 चालान सहित अन्य ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के 4,29,111 चालान कर कुल 7 करोड़ 49 लाख 62 हजार 700 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं उपरोक्त अवधि में ही पोस्टल चालान के माध्यम से 3 लाख 53 हजार 164 वाहनों का चालान कर 1 करोड़ 31 लाख 63 हजार 460 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### आम नागरिक भी भेज सकते हैं वीडियो

**पुलिस** आयुक्त ने कहा है कि जिला में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई के लिए अब आमजन भी अपने सहयोग दे सकते हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आपको जिला में किसी भी स्थान पर कोई व्यक्ति यातायात नियमों का उल्लंघन करता मिले तो आप उसका वीडियो (जिसमें स्थान व समय अंकित हो) बनाकर गुरुग्राम पुलिस के ट्वीटर हैंडल व फेसबुक पेज पर अपनी शिकायत भेज सकते हैं। वीडियो मिलने के बाद गुरुग्राम पुलिस द्वारा संबंधित वाहन मालिक पर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। रामचंद्रन ने बताया कि समय के साथ साइबर सिटी की पुलिस ने भी अपनी चालान प्रणाली को हाईटेक करते हुए ऑनलाइन चालान की प्रक्रिया शुरू की है।

### मुख्य स्थलों पर लगे हैं 1100 सीसीटीवी कैमरे

**नई** व्यवस्था के तहत गुरुग्राम में मुख्य सड़कों, चौक चौराहों व रेडलाइट पर 1100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिन्हें पुलिस मुख्यालय के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के द्वारा संचालित किया जा रहा है। यातायात नियमों को ताक पर रखकर चलने वालों का पोस्टल चालान कर, उसके साथ तोड़े गए यातायात नियम की फोटो भी वाहन मालिक के स्थाई पते पर भेजी जा रही है। वहीं मैन्युअल आधार पर यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों पर शिकंजा कसते हुए नियमानुसार उनके चालान किए जा रहे हैं।

# आज से लेजरवैली मैदान पर शुरू होगा राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला



गुरुग्राम के सेक्टर-29 लेजरवैली मैदान में सजा सरस मेले का मुख्य द्वार।

### सरस आजीविका मेले की सभी तैयारियां पूरी

**गुरुग्राम।** शुक्रवार से यहां लेजरवैली मैदान सेक्टर-29 में राष्ट्रीय स्तर का सरस आजीविका मेला शुरू हो रहा है। ग्रामीण महिलाओं और शिल्पकारों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का यह शानदार प्लेटफार्म साबित होगा। महिला सशक्तिकरण की अनूठी पहल सरस मेला है। सरस आजीविका से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

इस मेले में अलग-अलग राज्यों से 500 से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय वर्ष 1999 से देश भर में सरस मेले आयोजित कर रहा है। ग्रामीण महिला स्वंय सहायता समूहों को मार्केटिंग का प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवा रहा है। स्वेदशी मिशन को मज़बूत करने का यह सशक्त अभियान है। देश के 30 राज्यों के प्रसिद्ध हस्तनिर्मित उत्पाद और व्यंजन भी यहां उपलब्ध होंगे। ग्रामीण मंत्रालय जल्द ही इन उत्पादों के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की शुरुआत भी करेगा। मेले में रोज अलग-अलग विषयों पर कार्यशालाएं भी होंगी। मनोरंजन के लिए रोजाना शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मेले में मिनी इंडिया की झलक नजर आएगी। अलग अलग राज्यों के लोकप्रिय व्यंजनों की भी 30 लाइव फूड स्टॉल लगाई जाएंगीं।

# टूटी सड़कों, ओवरफ्लो सीवरेज को विधायक ने तुरंत सही करने के दिए आदेश

### सेक्टर-15 पार्ट-2 क्षेत्र में विधायक सुधीर सिंगला ने किया औचक निरीक्षक

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



सेक्टर-15 पार्ट-2 क्षेत्र में टूटी सड़कों का जायजा लेते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुवार को सेक्टर-15 पार्ट-2 क्षेत्र में औचक निरीक्षण करके सड़कों व सीवरेज के हालत का जायजा लिया। इस दौरान टूटी सड़कों व सीवरेज लीकेज को देखकर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से नाराजगी जाहिर की। साथ ही कहा कि तुरंत प्रभाव से इन समस्याओं का समाधान करें।

टूटी सड़कों और सड़कों पर बने गड्ढों में भरे पानी में से विधायक सुधीर सिंगला स्वयं निकले। अधिकारियों को उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि बिना कोई देरी किए इन सड़कों के साथ अपने अधिकार क्षेत्र में अन्य सड़कों का भी सुधार करें। जनता का टैक्स सरकार के खाते में जाता है। उसी से विकास के काम होते हैं। टैक्स देकर भी जनता परेशान हो, ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़कों चाहे किसी भी क्षेत्र में टूटी हों। उस अधिकार क्षेत्र से संबंधित नगर निगम, जीएमडीए, पीडब्ल्यूडी को तुरंत उन्हें ठीक कर देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सीवरेज के हालात भी मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिखाए। सेक्टर की बदहाल स्थिति पर लोगों ने भी अधिकारियों के खिलाफ विधायक को शिकायत की। अधिकारियों से विधायक सुधीर सिंगला ने हर समस्या के जल्द समाधान के आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया के माध्यम से उजागर होने वाली समस्याओं पर भी ध्यान दिया जाए। किस क्षेत्र में क्या समस्या है। कहां पर सड़कें टूटी हैं। कहां पानी भरा है। यह सब अखबारों में छपता है। अधिकारियों की यह ड्यूटी है कि वे स्वत: ही ऐसी समस्याओं को दूर करने के लिए कदम उठाएं। इस दौरान नगर निगम के संयुक्त आयुक्त, एक्सईएन, एसडीओ, जेई के अलावा भारत भूषण यादव, अशोक यादव, विनोद यादव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस और अस्पताल कर्मियों पर जानलेवा हमले करने वालों हुआ केस दर्ज

**सोहना।** पुलिस कर्मियों पर जान लेवा हमला करने वाले रिठौज निवासी आरोपियों पर दोहरा मुकदमा चलेगा। निजी अस्पताल संचालक ने भी आरोपियों पर दो कर्मचारियों को पिटना अस्पताल में तोड़फोड़ करना और खरीदी गई दवाइयों के पैसे न देने का आरोप लगाया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित कर दी गई है।

रिठौज में निजी अस्पताल संचालक सुनील तंवर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की देर रात में दवाई लेने आए 4 या 5 युवकों ने काउंटर से 220 रुपये की दवाई लेने पर बिना पैसे अपने घर को जाने लगे। अस्पताल कर्मचारी भवानी ने रिठौज निवासी मनीष को पैसे देने को कहा। इसी बात को लेकर मनीष और उसके साथ आए 3 या 4 अन्य युवक काउंटर की तरफ शोर सुनकर आए। जिन्होंने अपने हाथों में डंडे लिए हुए थे। अस्पताल के कर्मचारी मुन्न व राम नरेश को भी पीटा। भवानी ने अमरजेंसी रिस्पोंस व्हीकल से शिकायत की। आरोपियों ने पुलिस कर्मियों पर हमले कर दिए। मामले की जांच कर रहे सहायक थाना प्रभारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों पर दोहरा मामला चलाया जाएगा।

# अमेजन डॉट इन सुपर वैल्यू डेज के दौरान ग्रॉसरी पर महाबचत का फायदा उठाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### फेस्टिव सीजन में पैकेज्ड फूड, स्नैक्स व बेव्रिजज, उपयोगी वस्तुओं पर 5 फीसदी तक की छूट पाएं

**पूरा** भारत अपने फेस्टिव सीजन का स्वागत करने के लिए तैयार है। यह समय आपकी रसोई को फेस्टिव व्यंजनों से महकाने, और अपने प्रियजनों को फेस्टिव गिफ्ट पैक, स्नैक्स, चॉकलेट और बेव्रिजज और अन्य उपहार में देने का है।

इस सीजन में 7 अक्टूबर तक सुपर वैल्यू डेज और अमेजन डॉट इन पर ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान ग्रॉसरी पर सुपर बचत का आनंद लें। ग्रॉसरी और घर के जरूरी सामान, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स व बेव्रिजज, उपयोगी वस्तुओं पर 50 फीसदी तक की छूट पाएं। कस्टमर्स सिंगल ऑनलाइन डेस्टिनेशन से सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ दावत, टाटा संपन्न, फॉर्च्यून, निविया, कैडबरी, डेटॉल, डाबर, मदर डेयरी, और आशीर्वाद सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांडों से ग्रेट प्राइस और फ्रेश ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

अमेजन के ग्राहक अक्टूबर, 2022 तक ग्रॉसरी और घर के जरूरी सामान, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स व बेव्रिजज, उपयोगी वस्तुओं पर 50 फीसदी तक की छूट पाएं। सभी प्राइम मेंबर्स के लिए फ्री डिलीवरी और फ्लैट 200 रुपये का कैशबैक होगी। 1 से 3 अक्टूबर, 2022 तक एसबीआई क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई पर अतिरिक्त 10 फीसदी की बचत दी गई। बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड, अमेजॅन पे लेटर और सलेक्ट डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई और 4 से 7 अक्टूबर 2022 तक सिटी बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, आरबीएल बैंक रुपे, वनकार्ड पर 10 फीसदी का इंस्टेंट डिस्काउंट मिल रहा है।

कस्टमर्स 1 से 3 अक्टूबर 2022 तक 2,500 रुपये के मिनिमम ट्रांजेक्शन पर एसबीआई बैंक के डेबिट और क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई पर 10त्न के इंस्टेंट डिस्काउंट और 300 रुपये तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, और 4 से 7 अक्टूबर 2022 तक सिटी बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, आरबीएल बैंक रुपे, वनकार्ड पर 10त्न इंस्टेंट डिस्काउंट पा सकते हैं।

# गुरुग्राम में होलैंड की तर्ज पर बनेगी ग्लोबल स्तर की फूल मंडी



हॉलैंड में फूल मंडी के बारे में जानकारी लेते कृषि मंत्री जेपी दलाल।

**गुरुग्राम/लोहारू।** कृषि एवं पशुपालन तथा मत्स्य मंत्री जेपी दलाल डेलीगेशन के साथ बागवानी तथा कृषि क्षेत्र में नई-नई तकनीकी जानकारी लेने के लिए यूरोपीय देशों के दौरे पर गए हुए हैं। वहां हालेंड में उन्होंने गुरुवार को सुबह 6 बजे अलसमीर फ्लोरा हॉलैंड मार्केट का दौरा करने के बाद इससे प्रेरित होकर उन्होंने कहा कि हरियाणा के गुरुग्राम में भी इसी तकनीक पर आधुनिक ग्लोबल फूल मंडी बनाई जाएगी। इस मंडी से यहां के फूल विदेशों में निर्यात किए जाएंगे। इससे हरियाणा सहित एनसीआर के फूल उत्पादक किसानों की आय में बढोतरी होगी। जेपी दलाल के साथ कृषि विभाग की एसीएस सुमिता मिश्रा सिंह भी हॉलैंड दौरे पर हैं। कृषि मंत्री ने हालैंड की इस मंडी के बारे में बताया कि इस मंडी में रोजाना 440 लाख फूल आते हैं। इनमें 30 फीसदी फूल स्थानीय तथा 70 फीसदी फूल अन्य देशों से बिक्री के लिए आते हैं। इनकी सुबह 6 से 9 बजे तक आनलाइन बोली लगती है।

# बीएएसएफ ने रखा अपने प्रोडक्ट्स के उत्पादन में सस्टेनेबिलिटी का लक्ष्य : गौतम बंसल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

BASF
We create chemistry



**बीएएसएफ** एक रासायनिक कंपनी है, जो एक स्थायी भविष्य के लिए केमिस्ट्री बनाने का प्रयास करती है। आर्थिक सफलता के उनके लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के अनुरूप हैं। हालांकि उनके व्यवसाय का मुख्य फोकस उनके परफॉर्मन्स मटेरियल पर है।

बीएएसएफ के सीनियर जनरल मैनेजर परफॉर्मेंस मैटेरियल्स, कंस्यूमर इंडस्ट्री के गौतम बंसल ने आगे बताया कि बीएएसएफ ने अपने ऑपरेशन्स में सस्टेनेबिलिटी शामिल किया है ताकि भविष्य में सबके लिए और सस्टेनेबिलिटी प्राप्त कर सके। प्लास्टिक वैल्यू चैन में स्टेकहोल्डर्स के बीच सहयोग पर जोर देने वाली एक नई एप्रोच की आवश्यकता है। कंपनी के परफॉरमेंस मैटेरियल्स अर्थव्यवस्था के निर्माण और विस्तार में योगदान करते है। उदाहरण के लिएए हल्के प्लास्टिक ऊर्जा दक्षता में सुधार करते हैंए रिन्यूएबल मैटेरियल्स का विकास एक फॉसिल फ्री भविष्य को लक्षित करता है और बायोमास बैलेंस प्रोडक्ट्स लाइफसाइकिल को लम्बा खींच सकते हैं। कंपनी मैकेनिकल रीसाइक्लिंग का भी काम करती है, जो फीडस्टॉक्स में सुधार करती है। परफॉर्मेंस मैटेरियल्स डिवीजन सारे बीएएसएफ के सभी मैटेरियल्स को एक साथ लाता है, जिसमें इनोवेटिव, कस्टमाइज्ड प्लास्टिक के बारे में जानकारी रहती है। यह डिवीजन चार प्रमुख इंडस्ट्री सेक्टर्स-ट्रांसपोर्टेशन, कंस्यूमर गुड्स, इंडस्ट्रियलप्लिकेशन्स और कंस्ट्रक्शन में सक्रिय है। इसने एप्लिकेशन-ओरिएंटेड सिस्टम सॉल्यूशंस की गहरी समझ के साथ प्रोडक्ट्स और सर्विसेज का मजबूत पोर्टफोलियो बनाया है। उदाहरण के लिए बीएएसएफ द्वारा पॉलीयूरेथेन सोलूशन्सए जीवन को न केवल अधिक सुखद और आरामदायक बनाते हैं, बल्कि सुरक्षित भी बनाते हैं। साथ ही साथ एनर्जी बचाने में भी मदद करते हैं। कंपनी बायोडिग्रेडेबल को.पॉलिएस्टर जैसे विशेष प्लास्टिक भी बनती है।

# दशहरा : राम-भरत मिलाप मेले में बच्चों की जमकर मस्ती

कविता। फरीदाबाद



दशहरा ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में गले मिलते राम व भरत।



शिव पार्वती के नृत्य का आनंद लेते दर्शक।



निशाना लगाते बच्चे व लोग।

**शहर** के विभिन्न हिस्सों में बुधवार की देर शाम बुराई के प्रतीक रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। जिसके बाद बृहस्पति को दशहरा ग्राउंड में आयोजित राम-भरत मिलाप मेले में बच्चों ने जमकर मौज-मस्ती की। बच्चों ने मेले में ऊंट, घुड़सवारी, झूलों के साथ साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भी स्वाद चखा। बीती शाम रावण दहन कार्यक्रमों में राजनेताओं और उद्योगपतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान प्रभु श्रीराम ने अहंकारी रावण के पुतले पर बाण चलाया, जिससे रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले धूमधड़ाके के साथ धूं-धूं कर जल उठे और परिसर जय श्रीराम के जयघोष आसमान गुंजाएमान हो गया। वहीं बृहस्पतिवार को भरत मिलाप के दिन दशहरा मैदानों में घरों के लिए सामान खरीदने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे, जहां बच्चों और लोगों ने मेले में ऊंट, घुडसवारी और झुलों का आनंद लिया।

## भरत मिलाप का रंगारंग कार्यक्रम

रावण दहन के बाद बृहस्पतिवार को राम-भरत मिलाप कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर राम व भरत के मिलन को देख कर श्रद्धालुओं की आंखें भर आईं। इस दौरान भगवान श्रीराम व भरत मिलन का दृश्य देखने को लोग आतुर रहे। जगह-जगह चल रहे विविध रंगारंग कार्यक्रमों का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान दशहरे की तरह ही मेला लगा रहा। दिनभर दुकानदार अपनी दुकानों के सामान की बिक्री करते नजर आए।

## नृत्य देख दर्शक अचंभित

इस मौके पर प्रशासन की देखरेख में संस्थाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान शिव व माता पार्वती के नृत्य ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसे देखकर लोगों ने दातों तले उंगली दबा ली। दशहरें के बाद यहां ऐसा पहली बार हुआ, जिसमें झांकियों के दौरान नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## बच्चों ने की जमकर मौज मस्ती

दशहरा जहां बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिक है, वहीं उत्साह और उमंग से मनाए जाने वाले पर्व पर लगने वाला मेला बच्चों के लिए खास है। मेले में दो दिन बच्चों के साथ बड़ों ने भी जमकर मस्ती की। बच्चों के लिए मेले में तरह तरह के खेल-खिलौने, राम और रावण की पौशाके उपलब्ध थी। एनआईटी के दशहरा मैदान में बच्चों के मनोरंजन के लिए भरपूर साधन थे। यहां दूर-दूर से लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। इस





बार सबसे अधिक भीड़ किस्मत अजमाने के लिए बने स्टॉलों पर देखने को मिला।

स्टॉल पर हजारों बच्चे व युवा अपनी किस्मत अजमाते नजर आए। वहीं मेले में बच्चों के खिलौने गदा, तलवार, धनुष बाण, राम-रावण की पोशाक, सीटी वाली टोपियां, बाजे, गुब्बरे, मिट्टी के खिलौने, मूर्तियां आदि खूब बिकी। स्टिक से बने जीआईजो, सुपरमैन और बेटमैन, सुपरहीरो के जरिए खिलौने की दुकानें बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। बच्चों ने बैटरी वाली कार और स्पिन मास्टर की हवाई रक्षा सिस्टम से हेलिकॉप्टर हवा में उड़ता है।

# पीएम की डिजिटल इंडिया की नीति को किया सीएम ने क्रियान्वित : गुर्जर

## सरकार ने स्कूली विद्यार्थियों के बीच से मिटाया गरीबी-अमीरी का अंतर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, विधायक सीमा त्रिखा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड, डीसी विक्रम व अन्य गणमान्य व्यक्ति छात्राओं को टेब बांटते हुए।

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज वीरवार को सेक्टर-12 के हेलीपैड ग्राउंड में जिला फरीदाबाद के छह विधानसभा क्षेत्रों की 1500 छात्राओं को आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्कूली छात्राओं को टैबलेट वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अपने संबोधन में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। किसी भी देश का विकास शिक्षा के बिना संभव नहीं हो सकता। हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशों अनुसार टेबलेट के जरिए टेक्नोलॉजी शिक्षा का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की 2020 की शिक्षा नीति को के बेहतर क्रियान्वयन के लिए टैब एक जरूरी साधन है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब परिवारों के विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार ने मुफ्त में दिए हैं। जो कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक, किताबी और टेक्नोलॉजी शिक्षा प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार द्वारा ढाई लाख विद्यार्थियों को टैब वितरित किए जा चुके हैं और सरकार का लक्ष्य है कि 600000 विद्यार्थियों को टेब मिले जो आधुनिक 2020 की शिक्षा नीति का बेहतर तरीके से क्रियान्वित कर अच्छी पढ़ाई करके देश को विकसित बनाने में विद्यार्थी पढ़ लिखकर भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि गत मई माह में जिला में लगभग 22000 टैब 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों और उनके अध्यापकों को वितरित किए थे। अब अब यह टैब 11वीं के विद्यार्थियों को वितरित किए जा रहे हैं। आज 5100 छात्राओं को यह टैब वितरित किए गए हैं।

बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल को इस विशेष दिन के लिए मैं उनका तहे दिल से धन्यवाद करना चाहती हूँ कि बच्चे अपनी डिक्शनरी से गरीबी शब्द मिटा दे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच को लेकर आगे बढ़ना है और अपने देश, शहर और परिवार के नाम को आगे बढ़ाना है। देश में हरियाणा सरकार ने सरकारी स्कूल के 10वी, 11वीं और 12वीं कक्षाओं के बच्चों के लिए नई क्रांति के दिन से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बीते दो साल में लगभग साढ़े चार लाख से अधिक बच्चों ने सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया है। इतनी संख्या में बच्चे जब सरकारी स्कूलों में पढ़ने के लिए आते है तो वह सरकार के प्रति अपना विश्वास जता रहे है और वह सरकार की शिक्षा नीति से संतुष्ट हैं। सरकार जब बच्चों के भविष्य की चिंता करने लगे तो समझ लीजिये की इन बच्चों का भविष्य बहुत सुनहरा और सुरक्षित है।

डीसी विक्रम ने कहा कि 70 से 80 प्रतिशत सरकारी अधिकारी और राजनेता सरकारी स्कूलों से ही शिक्षा ग्रहण करके आज इस मुकाम पर पहुचे हैं। जहां तक आर्थिक स्तिथि की बात है, तो माता-पिता के पास भले ही कम पैसा हो सकता है पर सरकार द्वारा बच्चों के भविष्य निर्माण में पैसे की कोई कमी नही होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रगतिशील सोच बहुत बड़ी है जिसका प्रणाम है की आज जिला में 10वीं से 12वीं तक लर्निंग टेबलेट स्कूली बच्चों को बाटे जा रहे है। अब सरकारी स्कूल के बच्चे भी प्राइवेट स्कूल के बच्चों के साथ कदम से कदम मिलकर देश ही नही विदेशों की जानकारियाँ ले सकेंगे। टेबलेट किसी राजनैतिक दृष्टि से नही बल्कि देश के भविष्य को सुंदर बनाने व बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर डिजिटल इंडिया से जुड़ सके। जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी ने बताया कि जिला फरीदाबाद में गत मई माह में 24050 टैब बांटे गए थे। जिला की फरीदाबाद, बड़खल, एनआईटी, तिगांव, बल्लभगढ़ और पृथला विधानसभा क्षेत्रों की 11वीं कक्षा की 1500 छात्राओं को टैब बांटे गए हैं।

# रिश्वत लेने के आरोप में एमसीएफ के जेई समेत दो कर्मी गिरफ्तार



रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार नगर निगम के जेई व कर्मचारी।

## फुटपाथ पर फड़ लगाने वाली महिला से हर महीने वसूल रहे थे रकम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर** तीन में फुटपाथ पर कपड़े की फड़ लगाने वाली एक महिला से 12 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में स्टेट विजिलेंस की टीम ने नगर निगम के एक जेई और एक क्लर्क को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि दोनों सड़क पर दुकान लगाने के बदले में हर महीने से उससे 15 हजार रुपये वसूल रहे थे। विजिलेंस टीम ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर 56 के निकट स्थित एक कालोनी में रहने वाली एक महिला ने इस संदर्भ में स्टेट विजिलेंस के अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसमें उसने कहा था कि वह सेक्टर तीन में फुटपाथ पर कपड़े की दुकान लगा कर परिवार का गुजारा चला रही है। नगर निगम के कार्यरत जेई नसीम और क्लर्क ओमवीर उसे पिछले काफी समय से परेशान कर रहे हैं। आरोपी फुटपाथ पर दुकान लगाने के बदले में उससे हर महीने 15 हजार रुपये वसूल रहे थे। अब पिछले कुछ समय उसका काम ठीक नहीं चल रहा था। जिसके कारण उसने दोनों आरोपियों के सामने रुपये देने में असमर्थ जता दी है। दुकान बंद करवाने की धमकी देने पर उसके द्वारा मिन्नते कीं। इसपर दोनों 12 हजार रुपये मांगने लगे। शिकायत पर स्टेट विजिलेंस के अधिकारियों ने तुरंत टीम गठित कर छापा मारने के आदेश दे दिया।

# अवैध रूप से बसी जमाई कालोनी में चला निगम का पीला पंजा

## सरकारी जमीन पर बने करीब 400 मकानों को तोड़ा गया, आज शुक्रवार को भी होगी तोड़फोड़

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जमाई कालोनी में अवैध निर्माण ढहाती प्रशासन की जेसीबी।

**बड़खल** झील की पहाड़ी क्षेत्र में स्थित जमाई कालोनी में स्थित सरकारी जमीन पर हजारों लोगों ने अपने मकान, दुकान और गोदाम बनाए हुए हैं। पिछले दिनों नगर निगम और पुलिस द्वारा यहां कुछ अवैध निर्माणों को तोड़ था। बृहस्पतिवार को निगम का तोड़फोड़ दस्ता फिर कार्रवाई के लिए जमाई कालोनी पहुंच गया। इस दौरान निगम के दस्ते ने करीब 400 अवैध निर्माणों को तोड़ दिया। तोड़फोड़ की कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

जानकारी के मुताबिक बड़खल झील की पहाड़िया भी वन क्षेत्र का हिस्सा लेकिन नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों की लापरवाही से पिछले कई सालों से लोग यहां कब्जे कर रहे हैं। पहाड़ पर बसी जमाई कालोनी में हजारों की संख्या में मकान बन चुके हैं। अब निगम ने अपनी इस जमीन को खाली करवाने के लिए रणनीति तैयार की थी। निगम द्वारा बुधवार को जमाई कालोनी में मकान खाली करवाने के लिए मुनादी करवाई थी। बृहस्पतिवार सुबह निगम का तोड़फोड दस्ता दस जेसीबी मशीन, एक पॉकलैंड मशीन और 500 पुलिस कर्मचारियों से साथ जमाई कालोनी पहुंच गया।

# सीवरेज में हुई मौत के मामले में एनएचआरसी ने जारी किया नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** मानव अधिकार आयोग, एनएचआरसी, भारत ने 05 अक्टूबर, 2022 को हरियाणा के फरीदाबाद जिले के एक निजी अस्पताल में सीवर टैंक की सफाई के दौरान जहरीले धुएं से चार लोगों की मौत होने की मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है।

आयोग ने मुख्य सचिव और हरियाणा सरकार के पुलिस महानिदेशक को चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए नोटिस जारी किया है। रिपोर्ट में उन उपायों, जो हरियाणा सरकार पहले ही ले चुकी है या गरीबों के इस तरह के मानवाधिकारों के उल्लंघन को रोकने के लिए उठाए जाने वाले संभावित कदमों और वंचित लोग, जो सार्वजनिक/निजी संगठनों द्वारा बिना किसी यांत्रिक उपकरण के इस प्रकार की मैला ढोने या सीवेज की सफाई के लिए नियोजित होने की संभावना रखते हैं, को शामिल करना अपेक्षित है।

अधिकारियों को इस मामले में दर्ज प्राथमिकी की स्थिति और मृतक व्यक्तियों के निकटतम सम्बन्धी को दिए गए मुआवजे, यदि कोई हो, के बारे में सूचित करने का भी निर्देश दिया गया है। नोटिस जारी करते हुए, आयोग ने पाया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए विशिष्ट निर्णयों और विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के बावजूद, सीवेज सफाई कर्मचारियों को अभी भी अत्यधिक खतरे का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें अपमानित होना पड़ रहा है। आयोग ने 24 सितंबर, 2021 को सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई में लगे व्यक्ति के मानव अधिकार संरक्षण पर एक परामर्शी भी जारी की, जिसे सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों / प्रशासकों और केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालयों, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय और सचिव, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए परिचालित किया गया था।

# भ्रष्ट अधिकारी अस्पताल को दे रहे हैं संरक्षण : विधायक शर्मा

## क्यूआरजी अस्पताल में सीवर से हुई चार लोग की मौत को लेकर विधायक ने लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



विधायक नीरज शर्मा।

**एनआईटी** फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने दशहरे के दिन क्यूआरजी अस्पताल सेक्टर-16 फरीदाबाद में सीवर सफाई करने वाले चार व्यक्तियों की मृत्यु को लेकर मुख्यमंत्री हरियाणा को लिखा पत्र। विधायक नीरज शर्मा ने मुख्यमंत्री एवं अन्य अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा की विधानसभा सत्र के दौरान अतारांकित प्रश्न सख्या 187 के द्वारा अनिल विजजी, स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा सरकार से पूछा गया था की क्या क्यूआरजी अस्पताल सै-16 फरीदाबाद सरकार के नियमों के अनुसार सभी नियमों और कानूनों को पूरा करता है। क्या इस अस्पताल को सरकार द्वारा अनुपालना प्रमाण पत्र तथा व्यवसाय प्रमाणा पत्र जारी किया गया है तथा इसका ब्यौरा क्या है। जिसपर अनिल विज, स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा सरकार ने इस महान सदन को बताया गया था की क और ख हां श्रीमानजी, जबकि मेरे इस अस्पताल का ब्यौरा मांग गया था। जोकि उपलब्ध नहीं करवाया गया। यह मामला सदन की अवेहलना का भी बनता है परन्तु बड़े दुख के साथ कहना पड रहा है कि सरकार में कुछ भ्रष्टाचारी इस अस्पताल को अवैध कार्य करने को स्पोर्ट करते हैं। सदन को गुमराह करते हैं। जिससे की ऐसे दर्दनाक हादसे होते हैं। इसके साथ-2 विधायक नीरज शर्मा ने बताया की उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक एफबीडी/21-22/169/03/04/2021, जोकि सचिव हरियाणा विधानसभा को प्रेषित किया गया था उसके द्वारा इस अस्पताल का ब्यौरा उपलब्ध करवाने बारे कहा गया था। जिसपर सचिव हरियाणा विधानसभा के कार्यालय के पत्र से 02 सितंबर 2021 के द्वारा, जो क्यूआरजी अस्पताल के बारे में एक नोट उपलब्ध करवाया गया है। जिस पर किसी अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है तथा जो अनुपालना प्रमाण पत्र तथा व्यवसाय प्रमाणा उपलब्ध करवाया गया है वह विवेकानंन्द अश्राम सोसायटी का है, जबकि मेरे द्वारा क्यूआरजी हस्पताल सेक्टर-16 फरीदाबाद का मांगा गया था एवं जो अनुपालना प्रमाण पत्र तथा व्यवसाय प्रमाणा उपलब्ध करवाया गया है वह 2009 का जबकि 2009 में क्यूआरजी हस्पताल था ही नहीं।

विधायक नीरज शर्मा ने पुनः सवाल संख्या 18 पूछा तो उसमें भी सवाल को गोलमोल घुमा दिया गया है। इसमें भी बताया गया है कि अनुपालना प्रमाण पत्र तथा व्यवसाय प्रमाणा पत्र विवेकानंन्द अश्राम सोसायटी का है।


जबकि मेरे द्वारा क्यूआरजी हस्पताल सेक्टर-16 फरीदाबाद का मांगा गया था। बार-2 सवाल को घुमाया जा रहा है क्योंकि क्यूआरजी अस्पताल के पास अपना अनुपालना प्रमाण पत्र तथा व्यवसाय प्रमाणा पत्र है ही नही। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मैं इस हस्पताल के बारे में सरकार को काफी समय से जगाने की कोशिश कर रहा हूँ लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई क्या सरकार इससे भी बडे हादसे का इंतजार कर रही है।

## पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपे शव

**फरीदाबाद।** क्यूआरजी अस्पताल में सिवर सफाई के दौरान चार कर्मचारियों की मृत्यु के मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के हवाले किया। पुलिस द्वारा इस मामले में क्यूआरजी हस्पताल और संतुष्टि एलाइड सर्विसेज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस जांच शुरू कर दी है। लापरवाह व्यक्तियों के खिलाफ कानूनन सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिजनों की मांग पर जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त एसडीएम के साथ उनकी वार्ता रही सकारात्मक, परिजन हुए सहमत। वहीं श्रम विभाग तथा एससी एसटी एक्ट व सरकार की पॉलिसी के तहत मृतक रोहित, रवि, विशाल तथा रवि गोलदार के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## रावण को आतंक लिखने की ब्राह्मण सभा द्वारा निंदा



**फरीदाबाद।** हरियाणा के जिला अंबाला शहर में दशहरे पर दशानन रावण के नाम के आगे आतंकी शब्द लिखने को लेकर अखिल भारतवर्षीय ब्रह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कड़ी निन्दा व्यक्त की है। वशिष्ठ ने कहा, अंबाला शहर के साथ साथ पूरे हरियाणा में ब्राह्मण संगठनों ने इस मामले में षड्यंत्र के तहत धार्मिक भावनाएं से आहत करने का केस दर्ज करने ने की मांग की है। भवानी आर्ट्स के संचालक गगन भवानी ने आनलाइन वीडियो जारी करते हुए इस मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मागना एक ड्रामा है। वशिष्ठ ने कहा कि माफ़ी मांगने से काम नहीं चलेगा तुरंत पुलिस को इस होर्डिंग पर आंतकी रावण लिखने वाले गगन भवानी नाम व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। वशिष्ठ ने कहा की महाराज रावण समस्त वेदों के ज्ञाता थे और सभी 36 बिरादरियों में पूज्य भी। ऐसे में उनको आतंकी लिखकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने की साज़िश रची गई अगर आज कानूनी कार्रवाई की जाती है तो भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसी हिमाकत करने की कोशिश नही करेगा।

## दशहरे पर वीर पर्व मनाया



**फरीदाबाद।** गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ आर्य नगर, फरीदाबाद में दशहरे के शुभ अवसर पर दशहरे पर वीर पर्व मनाया गया। जिसमें प्रतियोगिताएं (कुश्ती, कबड्डी, दौड़, रस्साकसी, मलखंभ आदि) आयोजित हुईं। प्रतियोगिताओं में आर्यवीरों व आर्य वीरांगनाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में आचार्य ऋषिपाल आर्य, होतीलाल आर्य, व्यायाम शिक्षक हरिओम आर्य, शिव कुमार टुटेजा, आशा पण्डित, संजय खट्टर आर्य, ब्रह्मचारी राज सिंह, आर्य समाज सेंट्रल सेक्टर 15 के प्रधान सत्य प्रकाश अरोरा। देशबंधु आर्य माता रुक्मणि टुटेजा, डॉ प्रेम सागर, ओम प्रकाश सोलंकी व आर्य समाज नम्बर 4 से भी कई आर्य बंधु व, राष्ट्रकवि धर्मेश अविचल (मुख्याध्यापक गुरुकुल इंद्रप्रस्थ), मनीष डंगवाल, मनोज डंगवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

## द्वितीय श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन



**फरीदाबाद।** द्वितीय श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन महाराज श्याम सिंह चौहान व देवानंद शास्त्री के पवन सानिध्य में ओल्ड फरीदाबाद लक्ष्मी विला निकट क्यूआरजी अस्पताल सेक्टर-18 में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत खाटू श्यामजी की पूजा अर्चना से हुई। जिसमें मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व मंत्री विपुल गोयल, जिला खजाना अधिकारी संजय ठाकुर, पूर्व विधायक शारदा राठौर, लखन सिंगला, बलजीत कौशिक, गुलशन बगा, कृपाल सिंह, विरेन्द्र सिंह असिस्टेंट खजाना कार्यालय ने खाटू श्यामजी की आरती करके उनसे आशीर्वाद लिया और परिवार के लिए मंगल कामना की। इस मौके पर गायक मुस्कान आनन्द, मोनू वर्मा और यशिंका सिंह द्वारा गाए गए सुन्दर-सुन्दर भजनों पर भक्त खूब नाचे। भक्तों ने भी भजन दुखों की धूप में तू छांव बनकर आया है, मेरी तकलीफ को तूने हर बार अपनाया है। कैसे करूं तेरा शुक्रिया मेरे श्याम बाबा, तूने ही तो मुझ कंकर को हीरा बनाया है, गाकर पूरे वातावरण को श्याममय बना दिया। इस कार्यक्रम के आयोजक दिनेश कुमार थे। जिन्होंने अपने पुत्र आदित्य और पुत्री यशिका के जन्मदिवस पर इतने सुन्दर और मनमोहक श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया।

## सब जूनियर बैंडमिंटन चैम्पियनशिप शुरू

**फरीदाबाद।** सेक्टर-14 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में बृहस्पतिवार से चार दिवसीय 55वीं हरियाणा स्टेट सब जूनियर बैंडमिंटन चैम्पियनशिप का आगाज हो गया। इस अवसर पर जिला फरीदाबाद बैंडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अमित भल्ला बतौर मुख्य अतिथि तथा एसोसिएशन के पैटर्न आनन्द मेहता, मानव रचना यूनिर्वसिटी के महानिदेशक एनसी वाधवा, मानव रचना स्पोर्ट्स एकाडमी के निदेशक सरकार तलवाड, सचिव हेमंत शर्मा व अलका चुघ बतौर विशेष अतिथि मौजूद थे। फरीदाबाद जिला बैंडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव संजय सपरा ने आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर देश के अंडर-19 वर्ग में तीसरे नम्बर के बैंडमिंटन खिलाड़ी मनराज सिंह व अनमोल खरब को 21-21 हजार की सम्मान राशि भी भेंट की गई। इसके अलावा इन दोनों खिलाडियों को मानव रचना स्पोर्ट्स साईंस सैन्टर द्वारा पांच लाख रूपए का पैकेज भी दिया गया। 6 से 9 अक्टूबर तक चलने वाली इस स्टेट बैंडमिंटन चैम्पियनशिप में प्रदेश के सभी जिलों से 400 के करीब प्रतिभागी शिरकत कर रहे है।

## श्रीगोपाल मंदिर में राम कथा शुरू



**बल्लभगढ़।** श्रीगोपाल मंदिर ट्रस्ट जगदीश कॉलोनी 44वें वार्षिकोत्सव संगीतमय राम कथा का आयोजन 6 से 9 अक्टूबर रविवार तक आकाश सिनेमा पार्क में बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है। जिसमें वृंदावन से पधारे कार्ष्णि स्वामी सुमेधानंद महाराज ने रामकथा के महत्व पर प्रकाश डाला महाराज ने अपने सुंदर मुखारविंद से राम कथा का वर्णन करते हुए राम कथा सुनने से पुण्य आत्मा धर्मात्मा का उद्धार तो होता ही है साथ ही बड़े से बड़े पापी भी तर जाते हैं। राम कथा सुनने से परम सुख की प्राप्ति होती है। जीवन में जिस सुख का अनुभव ना हो वह भी प्राप्त होता है। प्रेत आत्मा अपनी योनि से मुक्त होकर प्रभु में लीन हो जाती है। उसका भी उद्धार हो जाता है। राम कथा सुनने से आयु की वृद्धि धन की वृद्धि मन की प्रसंता रामकथा के तिहु अधिकारी जिनकी सत्संग अति प्यारी। पहले जन्म में राम कथा सुनी तो मानव बने मानव बनकर राम कथा श्रीप्रभु धाम की प्राप्ति हुई इसलिए मानव जीवन में रामकथा का विशेष महत्व है। मंदिर के प्रधान जनक राज शर्मा द्वारा महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंच का संचालन ठाकुर दास दिनकर द्वारा किया गया। विजय अरोड़ा द्वारा सभी सत्संग प्रेमियों के लिए सुंदर प्रसाद की व्यवस्था की गई।

## बैंक कर्मी बन ठगने वाले 11 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** आज के समय बैंक में पैसे को रखना सबसे सुरक्षित उपाय है परंतु जागरूकता के अभाव में कुछ भोले-भाले लोग अपने बैंक या क्रेडिट कार्ड संबंधित सारी जानकारी साइबर ठगों को आसानी से उपलब्ध करवा देते हैं जिसकी वजह से साइबर अपराधी इन्हें साइबर ठगी का शिकार बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से बहुत नुकसान पहुंचाते हैं। फरीदाबाद साइबर पुलिस इन अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में साइबर अपराध फरीदाबाद के नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत व उनकी टीम ने साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्रेडिट कार्ड के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के 11 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साहिल, खालिद, देवेंद्र, जतिन, इरफान, नसीम, आसिम, अमित उर्फ सोनू, सचिन, सोनू तथा मोहम्मद कैफ उर्फ सान उर्फ जाट उर्फ अल हबीबी का नाम शामिल है। आरोपी देवेंद्र फरीदाबाद के पल्ला का रहने वाला है और बाकी सभी अन्य आरोपी दिल्ली के निवासी हैं। आरोपी देवेंद्र नोएडा में कोटक बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट में थर्ड पार्टी के तहत काम करता है जो बैंक से नया क्रेडिट कार्ड बनवाने वाले ग्राहकों की जानकारी अपने साथियों को उपलब्ध करवाता था।

## भागवत का संबोधन

### जनसंख्या पर चिन्ता

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ**–आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने अपने विजयदशमी संबोधन में जनसंख्या नियंत्रण पर टिप्पणी करते हुए 'धर्म-आधारित असंतुलन' तथा 'जबरन धर्मांतरण' जैसे मुद्दे उठाए। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का संरक्षक माने जाने वाले आरएसएस के वार्षिक दशहरा रैली में बोलते हुए उन्होंने कहा, 'जनसंख्या नियंत्रण के साथ ही धार्मिक आधार पर संतुलन भी जरूरी है और उसके महत्व को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।' लेकिन अब जनसंख्या खतरा नहीं रह गई है क्योंकि भारत की जनसंख्या स्थिर हो गई है। लगभग एक साल पहले जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल प्रजनन दर-टीएफआर गिर कर 2 तक पहुंच गई है। टीएफआर का अर्थ एक महिला द्वारा अपने जीवन में जन्म दिए बच्चों की औसत संख्या है। विशेषज्ञों के अनुसार 2.1 पर टीएफआर 'रिप्लेसमेंट दर' है जिसका अर्थ है कि न जनसंख्या में वृद्धि होगी और न वह घटेगी। आरएसएस के दृष्टिकोण से यह भी ज्यादा महत्वपूर्ण है कि मुस्लिम जनसंख्या की वृद्धि दर में काफी गिरावट देखने को मिली है। 2001-11 के दशक में यह दर घट कर 4.7 प्रतिशत रह गई, जबकि हिंदू जनसंख्या की वृद्धि दर 3.1 प्रतिशत थी। स्पष्ट रूप से समग्र रूप से सभी समुदायों की जनसंख्या में गिरावट का कारण उनकी बढ़ती समृद्धि तथा शिक्षा व जागरूकता में वृद्धि है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर जनसंख्या की अधिकता और 'धार्मिक आधार पर संतुलन' की बात संभवतः अतिरंजना है। इसी प्रकार 'बल प्रयोग, लालच या लोभ के कारण धर्मांतरण' इतनी बड़ी समस्या नहीं है कि एक प्रमुख संगठन इसके बारे में चिन्ता करे।



उल्लेखनीय है कि खासकर भाजपा के केन्द्र तथा अनेक राज्यों की सत्ता में आने के बाद अनेक राज्यों ने धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून बनाए हैं।

ऐसी टिप्पणियां मोहन भागवत समेत आरएसएस नेताओं द्वारा पिछले कुछ सप्ताहों में मुस्लिम समुदाय से संपर्क बढ़ाने के प्रयासों की संगति में नहीं हैं। हाल ही में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात मुस्लिमों से मुलाकात की थी। जून में उन्होंने कुछ चरमपंथी तत्वों पर यह कह कर लगाम लगाने का प्रयास भी किया था कि 'हर मस्जिद में शिवलिंग क्यों देखना।' यह बयान ज्ञानवापी मस्जिद में विवाद पैदा होने के बाद सामने आया था। संक्षेप में कहा जाए तो मोहन भागवत को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए जिनसे उग्र 'हिंदुत्ववादी' तत्वों में और गुस्सा भड़के। इसका कारण यह है कि ऐसे चरमपंथी तत्वों के शब्दों और कार्रवाइयों का मुसलमानों पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इससे सरकारी मशीनरी तथा खासकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने वालों के काम करने में कठिनाई होती है। आजकल सोशल मीडिया पर एक वीडियो वाइरल है जिसमें कुछ पुलिसजनों को खुलेआम गुजरात के खेड़ा जिले में कुछ लोगों की पिटाई करते दिखाया गया है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे मुसलमान हैं। कथित रूप से गरवा आयोजन पर हमला करने वाले व्यक्ति को गांव के चौराहे पर बिजली के खंभे से बांध कर उसकी पिटाई की गई। इससे भी बुरी बात है कि पुलिसजन तमाशबीन की तरह मजा ले रहे हैं। ऐसा लगता है कि इन घटनाओं से मानव गरिमा, नागरिक अधिकार, दोषी सिद्ध होने तक निरपराध मानने तथा कानून का शासन जैसी अवधारणायें गायब हो रही हैं। आरएसएस की वेबसाइट में 'स्वतंत्रता की भावना प्रज्वलित रखने' की बात कही गई है। इसके साथ ही उसे खेड़ा घटना की निन्दा भी करनी चाहिए। इसके साथ ही उसे नियमित रूप से मुद्रास्फीति व बेरोजगारी जैसे असली मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। आरएसएस नेता दत्तात्रेय होसबोले ने यही किया है। ऐसा करते हुए शायद बढ़ती मुस्लिम जनसंख्या का मुद्दा उठाना उतना जरूरी नहीं रह जाएगा।

# वाहनों की कबाड़ नीति पर उठते सवाल

**वाहनों को कबाड़ करने के लिए बल प्रयोग के बजाय प्रोत्साहन को बढ़ावा देना चाहिए क्योंकि सीमित आय वाले लोग परेशान हो सकते हैं।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



**राष्ट्रीय** हरित न्यायाधिकरण-एनजीटी ने 2014 में अभूतपूर्व आदेश देते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों तथा 10 साल से पुराने डीजल वाहनों के चलने पर रोक लगा दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने 29 अक्टूबर, 2018 के अपने फैसले में इस घोषणा को उचित ठहराया है। जहां तक आदेश के क्रियान्वयन का सवाल है, एनजीटी के आदेश के आठ साल तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसे उचित ठहराने के चार साल बाद भी लगभग 4,000,000 ऐसे वाहन राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन वाहनों में 500,000 डीजल वाहन तथा 3,500,000 पेट्रोल वाहन हैं। बताया जाता है कि परिवहन अधिकारी सक्रिय हैं और ऐसे लगभग 60 वाहनों को रोज कबाड़ के लिए भेजा जाता है।

इस गति से सभी प्रदूषक वाहनों को कबाड़ में बदलने में 23 साल लगेंगे। इसके साथ ही सभी पेट्रोल वाहनों को कबाड़ के लिए भेजने में 161 साल लगेंगे। इस प्रकार सभी प्रदूषक वाहनों को हटाने में कुल 184 साल लगेंगे। उपरोक्त आंकड़े भी तभी संभव हो सकेंगे जब वाहनों को पकड़ने की गति पूरे साल बनाए रखी जा सके। वास्तव में अधिकारी केवल जाड़े के तीन महीनों में अभियान चलाते हैं जब आमतौर से प्रदूषण की विभीषिका सिर चढ़ कर बोलने लगती है। इसके कारण हम इस आश्चर्यजनक स्थिति तक पहुंचते हैं कि सभी 4,000,000 वाहनों को सड़कों से हटाने में 736 साल लगेंगे।

इसके साथ ही आदेश में अनेक विसंगतियां व विरोधाभास हैं। पहला, दिल्ली में कानून पेट्रोल संचालित वाहनों के पंजीकरण के 15 साल पूरे होने के बाद पहले पंजीकरण की तिथि से पांच साल और विस्तार की अनुमति देता है। यदि दिल्ली सरकार एनजीटी-एससी आदेश के अनुसार चले तो उसे पंजीकरण विस्तार का अपना कानून हटाना पड़ेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। इसके बजाय वह समीक्षा याचिका दायर करने पर विचार कर रही है। दूसरा, यह आदेश दिल्ली में रहने वाले किसी नागरिक के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत अच्छे जीवन के मूलाधिकार का उल्लंघन करता है। इससे उसे शहर में प्रदूषण बढ़ने की संभावना के चलते वाहन को अनुपयुक्त घोषित करना पड़ता है। इससे पंजीकरण में पांच साल की रियायत देने वाले वर्तमान कानून का उल्लंघन होता है। हालांकि, प्रदूषण के अन्य कारण भी हैं जिनमें औद्योगिक कचरा, धूल व निर्माण कार्य हैं। वाहनों से होने वाला प्रदूषण केवल एक कारण है और इसके आधार पर ऐसे तर्क नहीं दिए जा सकते हैं जिनसे अच्छे जीवन का मूलाधिकार बाधित होता हो। अपनी आयु पूरी कर चुके कारों के बहुसंख्य मालिक मध्य वर्ग या निम्न मध्य वर्ग के हैं और उनके पास बहुत कम संसाधन हैं। उन्होंने कर्ज लेकर अपने वाहन खरीदे हैं। उनमें से अधिकांश ने हाल ही में अपने कर्ज अदा किए हैं। वास्तव में 16 साल के बाद ऐसा चरण शुरू होता है जब उन पर से दबाव कम होने लगता है। यदि इसी समय उनको अपने वाहन को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण कबाड़ में बदलना पड़े तो वे वित्तीय संकट के एक और दुष्चक्र में फंस जाएंगे।

तीसरा, यह आदेश वाहन स्वामियों को पूर्वगामी प्रभाव से दंड देता है। उदाहरणार्थ यदि किसी व्यक्ति ने 1 जनवरी, 2008 को पेट्रोल से चलने वाली कार खरीदी हो तो वित्तीय गणित के अनुसार उसे 20 साल, यानी 1 जनवरी, 2028 तक चलाने की अनुमति मिलनी चाहिए। यह देश के तत्कालीन कानून के अनुरूप था। अब सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार उसे इसे समय से पहले 1 जनवरी, 2023 को ही कबाड़ में बदलना पड़ेगा।

चौथा, यह आदेश अनुमान लगा लेता है कि सभी कारें 'स्वतः' 15 साल चलने के बाद अनुपयुक्त हो जाती हैं। कोई वाहन ठीक है या नहीं यह काफी सीमा तक उसके रखरखाव पर निर्भर करता है। इसके लिए उसकी फिटनेस का समय-समय पर परीक्षण होना चाहिए। उसे एक आम अवधारणा के आधार पर अनुपयुक्त घोषित कर देना उचित नहीं है क्योंकि वह एक आयु पूरी कर चुका है। पांचवां, इसके कारण एनसीआर व अन्य राज्यों में वाहन स्वामियों के बीच एक भेदभाव की स्थिति भी पैदा होती है। जहां, एनसीआर के लोगों के पास अपनी कारें 15 साल पूरे होने के बाद कबाड़ में बदलने के सिवा कोई और विकल्प नहीं है, वहीं राज्यों में वाहन स्वामी अपनी कारों को 20 साल पूरे होने और उसके बाद भी चलाते रह सकते हैं। इस बीच 18 मार्च, 2021 को केन्द्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में एक 'स्वैच्छिक' वाहन कबाड़ नीति की घोषणा की। यह नीति दो प्रमुख स्तंभों पर आधारित है- वाहनों को कबाड़ घोषित करने के लिए प्रोत्साहन और ऐसा न करने वालों के लिए हतोत्साहन। इस नीति के अंतर्गत वाहन स्वामी को वाहन कबाड़ करने पर नया वाहन खरीदने की स्थिति में शोरूम कीमत का 4-6 प्रतिशत इंसेंटिव मिलता है जिसे कबाड़ मुआवजा कहा जा सकता है। उसे नया वाहन खरीदने पर रोड टैक्स में पांच प्रतिशत छूट मिलती है जो व्यक्तिगत वाहन पर 25 प्रतिशत हो सकती है। आमतौर पर यह टैक्स राज्य एकत्र करते हैं, इसलिए 25 प्रतिशत छूट लगभग एक प्रतिशत होती है। इस नीति में कबाड़ हुए वाहन का 'कबाड़ प्रमाणपत्र' देने पर नए वाहन की खरीद में पंजीकरण से छूट मिलती है।

जहां तक हतोत्साहनों का सवाल है, पंजीकरण नवीनीकरण फीस में बढ़ोत्तरी तथा फिटनेस नवीनीकरण फीस में बढ़ोत्तरी के साथ ही नवीनीकरण में विलम्ब पर भारी जुर्माने व राज्यों द्वारा ऐसे वाहनों पर तथाकथित 'ग्रीन टैक्स' लगाने के प्राविधान शामिल हैं। सभी व्यक्तिगत वाहनों को 20 साल के बाद सड़क पर चलने के लिए अनिवार्य व स्वचालित फिटनेस परीक्षण कराना होगा, जबकि वाणिज्यिक वाहनों के लिए यह अवधि 15 साल है। यदि वे इस परीक्षण को पास नहीं करते हैं तो वाहन का पंजीकरण समाप्त कर इसे परिवहन अधिकारी जब्त कर लेते हैं तथा उसे 'जीवन समाप्त वाहन' घोषित कर देते हैं। 15 साल से अधिक तथा 20 साल से कम आयु वाले वाहनों को भी बिना परीक्षण पंजीकरण की अनुमति नहीं मिलेगी।

इस नीति का उद्देश्य पूरे भारत में सभी पुराने वाहनों स्वामियों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे पर्यावरण के हित में अपने वाहनों से मुक्ति पाएं। हालांकि, यह आगे बढ़ने का रास्ता है, पर इसे समुचित रूप से आकर्षक बनाने के लिए कुछ बदलावों की जरूरत है। उदाहरण के लिए, कबाड़ पुराने वाहनों के बदले खरीदे जाने वाले नए वाहनों को वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी से मुक्ति देने की आवश्यकता है जो वर्तमान समय में 28 प्रतिशत की दर से लागू होती है। कुछ समय पहले गडकरी ने इसका सुझाव भी दिया था। लेकिन जहां तक सुप्रीम कोर्ट-एनजीटी के 'स्वैच्छिक' वाहन कबाड़ नीति आदेश का सवाल है, यह नीति एनसीआर के संबंध में अनुचित लगती है। जब 15 साल के बाद कार चलाने पर प्रतिबंध है तो 'स्वैच्छिक' शब्द हास्यास्पद लगता है। केन्द्र सरकार को तत्काल आदेश से पैदा विसंगतियां ठीक करने के लिए कदम उठाने चाहिए। वह इसमें परिवर्तन के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती है और विकल्प के रूप में मोटर वाहन कानून में आवश्यक संशोधन कर सकती है जिससे नीतिगत उद्देश्य पूरे हों। इसमें वाहन की फिटनेस को एकमात्र आधार बनाना चाहिए जिसके आधार पर उसे 'चलने या न चलने देने' की अनुमति दी जाए। परिवहन अधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा कि केवल उन वाहनों को ही सड़कों पर चलने की अनुमति दी जाए जो निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं।।

# रूस-यूक्रेन युद्ध की भयावहता

**पी.के. वासुदेव**
(लेखक, अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



**अमेरिका** के नेतृत्व में मित्र शक्तियों ने रूस को पीछे धकेलने के लिए सटीक हथियारों के रूप में यूक्रेन की व्यापक सहायता की है, लेकिन दोनों देशों की बीच भयानक लड़ाई अभी जारी है। यूक्रेन में रूसी सेनाओं को अनेक मोर्चों पर पीछे हटना पड़ा है, पर उसने यूक्रेन के चार क्षेत्रों के नागरिकों को रूस का नागरिक घोषित कर दिया है। यूक्रेन में युद्ध की भयावहता बढ़ने के साथ ही नाभिकीय आयुधों के प्रयोग का खतरा मंडराने लगा है जो सारी दुनिया के लिए चिन्ता का विषय है।

यूक्रेन द्वारा रूसी सेनाओं को भारी नुकसान पहुंचाने तथा आश्चर्यजनक रूप से लाभ प्राप्त करने में अमेरिका का महत्वपूर्ण योगदान है जिसने यूक्रेनी सेनाओं को उल्लेखनीय सहायता दी है। कीव के सैनिक रणनीतिकारों ने हजारों किलोमीटर जमीन रूस से छीन ली है जिस पर उसने कब्जा कर लिया था। इसके पीछे अमेरिकी युद्ध माडलिंग व विशेषज्ञों की शानदार योजना व उनकी सहायता है।

इसके साथ ही अमेरिका द्वारा प्रदान किए गए तोपखाने व भारी हथियारों ने यूक्रेनी सेनाओं की मारक क्षमता फौरन बढ़ा दी तथा उसका दीर्घकालीन विश्वास भी मजबूत किया है। इससे यूक्रेन के सैनिक अब लंबी लड़ाई के लिए पूरी तरह से तैयार हो गए हैं। ये उपलब्धियां दो मोर्चों पर जवाबी हमलों से मिली हैं जिनकी शुरुआत सितंगर में हुई। इससे खारकीव में खासकर यूक्रेनी सेनाओं को काफी बढ़त मिली है जहां उन्होंने तेजी से आगे बढ़ते हुए रूसी सैनिकों को पीछे हटने पर मजबूर किया है। इससे रूसी सैनिक तेजी से पीछे हटे हैं।

राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की ने पहले कहा था कि रूसी सेनाओं ने यह महीना शुरू होने के बाद से रूसी कब्जे वाले क्षेत्रों से 6,000 वर्ग किलोमीटर जमीन वापस छीन ली है। केवल पिछले सप्ताह में उत्तर में 3,400 किलोमीटर भूमि पर यूक्रेनी सेनाओं ने पुनः कब्जा जमाने में सफलता पाई है। जवाबी हमला महीनें की चर्चा के बाद शुरू किया गया है जिसमें वरिष्ठ अमेरिकन व यूक्रेनी अधिकारियों ने रणनीतिक व खुफिया जानकारियों का साण किया। इसके साथ ही रक्षा अधिकारियों व विशेषज्ञों के अनुसार, यूक्रेनी सेनाओं की मारक क्षमता में लगातार बढ़ोत्तरी की गई जिसमें अमेरिका से आने वाले हथियारों ने भारी मदद की है।

जेलेन्स्की ने गर्मियों के मध्य में अपने सर्वोच्च सैनिक कमांडरों पर विश्वास किया था जिन्होंने कहा था कि यूक्रेन रूसी हमले का जोरदार मुकाबला कर सकता है। सीएनएन के अनुसार उन्होंने अपने जनरलों से दक्षिण व पूर्व में व्यापक जवाबी हमले की तैयारी के लिए कहा था। उस समय अमेरिकी रक्षा अधिकारियों द्वारा साझा की गई रणनीति के अनुसार संभावित विफलताओं पर भी गौर किया गया था। न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार इस रणनीति में समुचित सफलता नहीं मिलने पर यूक्रेनी अधिकारियों ने फिर से नई योजना बनाई। इस बीच अमेरिका द्वारा भेजे गए सटीक हथियारों के कारण यूक्रेनी सेनायें क्रेमलिन के महत्वपूर्ण ठिकानों पर सटीक हमले करने और उन पर कब्जा करने में सफल हुईं। इनमें उच्च गतिशीलता वाले आर्टिलरी राकेट सिस्टम शामिल थे। इससे यूक्रेनी सैनिकों का हौसला बढ़ा और सेंटर फार यूरोपियन पालिसी एनालिसिस के वरिष्ठ फेलो स्टीवेन हारेल के अनुसार उन्होंने भावी कार्रवाइयों की योजना सावधानी से बना कर सफलता पाई। 24 फरवरी को रूसी आक्रमण शुरू होने के बाद से अमेरिका ने यूक्रेन को लगभग 15 बिलियन डालर के घातक हथियार देने की प्रतिबद्धता प्रकट की थी। अप्रैल के बाद अमेरिका ने 50 देशों के प्रयासों का नेतृत्व कर 'यूक्रेन कांटैक्ट ग्रुप' का गठन किया जिसने कीव को सैनिक सहायता में समन्वय स्थापित किया।

हालांकि, यूक्रेन को भारी सफलता मिली है और इस देश के अधिकारी इसे युद्ध का प्रमुख निर्णायक मोड़ बता रहे हैं, लेकिन दूसरे रणनीतिक विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अभी युद्ध समाप्त होने के निकट नहीं है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव अंटोनियो गुटरेस ने कहा था कि इस युद्ध में निकट भविष्य में शांति समझौते की उम्मीद नहीं दिखती है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि अभी रूसी सेनाओं के पास भारी मात्रा में श्रमशक्ति व हथियार उपलब्ध हैं तथा उन्होंने यूक्रेन के महत्वपूर्ण हिस्से पर कब्जा बनाए रखा है जिसमें सुदूर पूर्वी क्षेत्र लुहांस्क के अनेक प्रमुख शहर और कस्बे शामिल हैं।

अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने अमेरिका से यूक्रेन को सितंबर, 2021 के बाद से हथियारों व गोलाबारूद की जहाजों से 21वीं खेप रवाना करने के आदेश दिए हैं। इनमें रक्षा विभाग के अनुसार अनेक हथियार व अन्य उपकरण शामिल हैं। रक्षा विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार इस पैकेज में उच्च गतिशीलता वाले आर्टिलरी राकेट सिस्टमों-हिमार्स के लिए ज्यादा गोला बारूद, 36,000 105एमएएम आर्टिलरी राउंड, 1000 प्रीसीसन गाइडेड 155 एमएम आर्टिलरी राउंड तथा चार काउंटर-आर्टिलरी राडार व अनेकानेक अन्य उपकरण शामिल हैं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने 30 सितंबर को भाषण देते हुए जोर दिया कि रूस ने यूक्रेन के चार क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने अपने भाषण में अमेरिका पर 'सटानिज्म' का आरोप लगाया जिसके कारण यूक्रेन के खिलाफ मास्को का युद्ध और भयंकर हुआ है। ग्रांड क्रेमलिन हाल में सैकड़ों रूसी विधि-निर्माताओं व गवर्नरों को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि चार क्षेत्रों के नागरिक अब 'हमेशा के लिए' रूस के नागरिक बन गए हैं, हालांकि इन क्षेत्रों पर अब भी यूक्रेनी सैनिकों का आंशिक नियंत्रण बना हुआ है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन का संबोधन युद्धक्षेत्र में रूसी पराजयों के परिदृश्य में आया है जब यूक्रेनी सैनिकों ने हालिया सप्ताहों में पूरब में रूसी सेनाओं पर आश्चर्यजनक रूप से विजय पाई है। रूसी राष्ट्रपति के भाषण के समय ही कुछ यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेनी सेना रूस के कब्जे वाले लेमैन को घेरने में सफल हुई जो दोनेत्स्क क्षेत्र में महत्वपूर्ण रणनीतिक ठिकाना तथा पुतिन के दावे वाले क्षेत्रों के भीतर है। लेमैन को रूसी सेनाओं के लिए बहुत तगड़ा झटका माना जा रहा है।

लेकिन चिन्ताजनक रूप से पुतिन ने बार-बार संकेत दिया है कि आवश्यकता पड़ने पर युद्ध में नाभिकीय हथियारों का प्रयोग उनकी सोच में शामिल है। पश्चिम की लगातार धोखे वाली व बड़बोली आदतों का उल्लेख करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने कहा कि अमेरिका एकमात्र ऐसा देश है जिसने युद्ध में नाभिकीय हथियारों का प्रयोग किया है। यूक्रेन में स्थिति अत्यधिक विस्फोटक बनी हुई है और यदि रूस को लगातार यूक्रेन में पराजय का सामना करना पड़े तो नाभिकीय हथियारों के प्रयोग की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को युद्धविराम के सभी प्रयास करने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि उनके दोनों पक्षों-रूस व अमेरिका के साथ अच्छे संबंध हैं और इससे नाभिकीय हथियारों के प्रयोग की आशंका समाप्त हो सकती है।

## आप की बात

### दवाओं के खतरे

**विश्व स्वास्थ्य संगठन** ने एक चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि इस बात की संभावना अधिक है कि गाम्बिया में 66 बच्चों की मौत भारत में बने सर्दी-खांसी के 4 कफ सिरप पीने के कारण हुई है। इस चेतावनी के बाद केंद्र सरकार ने हरियाणा स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा निर्मित चार कफसिरप की जांच शुरू कर दी है। यह मामला बहुत ही गंभीर है। हमारे देश में भी सर्दी जुकाम खांसी के इलाज के लिए लोग मेडिकल स्टोर से दवाइयां ला कर खुद ही उपयोग कर लेते हैं। डॉक्टर का पर्चा या विशेषज्ञ की सलाह के बिना मेडिकल स्टोर वाले भी दवाइयां दे देते हैं। अब तो ऑनलाइन जिसे जो जचे वह दवाई मंगवा सकता है, जो दवाइयां देश में ड्रग्स विभाग की जांच के अंतर्गत आती हैं। ऑनलाइन मंगवा कर ड्रग्स लेने वालों के काम आ जाती है। 66 बच्चों की मौत के बाद अब लोगों को खुद ही डॉक्टर बन कर दवाइयां लेना बंद कर देना चाहिए। साथ ही ड्रग्स विभाग को गंभीरता पूर्वक प्रत्येक दवाई के फार्मूले और उसके आधार पर बनाई हुई दवाई का नियमित रूप से लेबोरेटरी में परीक्षण करते रहना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटना होने की संभावना खत्म हो सके!

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### चुनावी हलचल

**देश** के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री की यात्राएं स्पष्ट संकेत है कि भाजपा गुजरात, हिमाचल एवम जम्मू कश्मीर में चुनावी तैयारियों के लिए कमर कस चुकी है। देश के प्रधानमंत्री का दो दिवसीय गुजरात का दौरा और बाद में हिमाचल प्रदेश की यात्रा एवम गृहमंत्री जम्मू कश्मीर का दौरा इन राज्यों में भाजपा के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने की जोरदार तैयारी का हिस्सा है। ऐसा लगता है कि गुजरात में आम आदमी पार्टी की सक्रियता के कारण बीजेपी ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। हिमाचल में विधानसभा एवम लोकसभा के उपचुनाव में भाजपा की हार और कांग्रेस की जीत ने भाजपा को नए सिरे से चुनावी प्रबंधन के लिए मजबूर किया है। इसके विपरीत विपक्ष विशेषकर कांग्रेस की गतिविधियां गुजरात व हिमाचल में कोई हलचल पैदा नहीं कर पा रही है। जम्मू कश्मीर में कांग्रेस को पहले ही बड़ा झटका लग चुका है पुराने कांग्रेसी गुलाम नबी आजाद ने अलग पार्टी बना कर कांग्रेस को जोरदार चुनौती दी है। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी राजनीतिक दल अपने अंतर्द्वंद से नहीं निकल पा रहे हैं।

**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### परेशान पाकिस्तान

**पाकिस्तान** में आपदाएं क्या आती हैं, उसका सारा ठीकरा भारत के सिर फूटता है। इस बात को बीते अनुभव के आधार पर आज भी समझा जा सकता हैं। पाकिस्तान के प्राकृतिक, राजनीतिक और यहां तक कि आर्थिक संकट में भी भारत को ही जिम्मेदार ठहराया जाता हैं जो हास्यास्पद ही नहीं, पाक प्रशासन की मूर्खता भरी हरकत साबित होती हैं। आज प्राकृतिक आपदा से पाक के हाल-बेहाल हैं। लाखों लोगों का जीवन दांव पर लगा हुआ हैं और हजारों लोग बाढ़ के बहाव में बह चुके हैं। ऐसे में मानवीय सहायता की जरूरत हैं। बजाय समाधान के पाक की फितरत भारत को जवाबदेह ठहराने की अगर बन रही हैं तो भारत सरकार को भी जवाब के लिए तैयार रहना चाहिए। भारत पर आरोप मढ़ कर वहां की जनता का मूल मुद्दे से ध्यान हटाना फितरत है और वहां की जनता यह कड़वा सच भी जानती हैं कि जब भारत का विरोध करना या उसे जिम्मेदार ठहराना हो तो पाक की आवाम सारे गिले-शिकवे भूलकर एक मत से एक साथ खड़ी होती हैं।

**अमृतलाल मारू,** महालक्ष्मी नगर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया




**बिलासपुर** इंदौर उड़ान से हम मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ की वित्तीय राजधानियों को जोड़ रहे हैं।

**- ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केन्द्रीय मंत्री



**यह** दुःखद घटना थी। व्यक्तिगत रूप से मैं पुलिस हिरासत में महसा अमीनी के निधन से मेरा दिल टूट गया है।

**- अयातुल्ला अली खामनेई**
ईरान के सर्वोच्च नेता



**मैं** खड़गे से सहमत हूं कि हम सबको आपस में लड़ने के बजाय भाजपा से लड़ना चाहिए।

**- शशि थरूर**
कांग्रेस अध्यक्ष उम्मीदवार

# कृषि विवि में प्राकृतिक खेती के पाठ्यक्रम शामिल करें: शाह

## प्रदेश सरकार शीघ्र ही प्राकृतिक खेती बोर्ड की घोषणा करने जा रही है: योगी

- गोशालाओं को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए शासकीय व्यवस्था बनायी जाए
- कम लागत व अधिक उत्पादन का एक मात्र मंत्र प्राकृतिक खेती ही हो सकता है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नेचुरल फार्मिंग एण्ड डिजिटल एग्रीकल्चरष् के सम्बन्ध में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेतीए गो-आधारित कृषि की एक प्राचीन परम्परा है। बैठक आयोजित करने का उद्देश्य राज्यों का प्राकृतिक खेती एवं डिजिटल कृषि विषय पर ध्यान आकर्षित करना हैए जिससे उनके द्वारा इस सम्बन्ध में लिये गये इनिशियेटिव तथा संकल्प, परिणाम देने वाले तथा एक दिशा की ओर ले जाने वाले हों। उन्होंने सभी राज्यों द्वारा कृषि विवि में प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित पाठ्यक्रम को शामिल किये जाने पर बल देते हुए कहा कि गोशालाओं को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए शासकीय व्यवस्था बनायी जाए। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश को जरूरत के हिसाब से कृषि उत्पादन करना है तो डिजिटल कृषि को अपनाना होगा। डिजिटल कृषि से किसान मोबाइल पर कृषि सेवाओं और परामर्श की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। किसानों को समयबद्ध व सटीक फसल एडवायजरी मिल सकेगी। डिजिटल कृषि के अन्तर्गत सभी किसानों के कृषि क्षेत्रों को शामिल किया जाए तो किसानों के उत्पादन का एक्सपोर्ट होगा जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास से इस बैठक में वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्राकृतिक खेती और डिजिटल कृषि के महत्व के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही प्राकृतिक खेती बोर्ड की घोषणा करने जा रही है। इसके माध्यम से प्राकृतिक खेती और औद्यानिक फसलों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्राकृतिक खेती भारतीय नस्ल के गोवंश के संरक्षण के साथ ही अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्राकृतिक खेती के विजन को जिस मजबूती के साथ देश में लागू किया जा रहा है वह अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने और उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। कम लागत व अधिक उत्पादन का एकमात्र मंत्र प्राकृतिक खेती ही हो सकता है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश प्राकृतिक खेती के माध्यम से अपनी आस्था के सम्मान के साथ ही अन्नदाता किसानों की समृद्धि को आगे बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बुन्देलखण्ड के सभी 7 जनपदों के 47 विकास खण्डों में प्राकृतिक खेती के सम्बन्ध में नोटिफिकेशन जारी कर सब्सिडी भी दी है। प्रदेश में गंगा के तटवर्ती सभी 27 जनपदों के 105 विकास खण्डों में प्राकृतिक खेती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। वर्तमान में प्रदेश के 04 राज्य कृषि विवि एवं 89 कृषि विज्ञान केन्द्रों को प्राकृतिक खेती के अभियान से जोड़ा गया है। प्रदेश के 1 लाख 25 हजार किसान आज प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं। प्रदेश में 1 लाख 10 हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती प्रारम्भ हो चुकी है। इस वर्ष मानसून में कम बारिश हुई जिन स्थानों पर गो.आधारित प्राकृतिक खेती की गयी वहां पर कम बारिश के बावजूद फसल अच्छी हुई है। फसलों के उत्पादन के लिए जिन स्थानों पर फर्टिलाइजर या केमिकल का उपयोग ज्यादा हुआ वहां फसलों को ज्यादा नुकसान पहुंचा है।



## केशव ने राष्ट्रपति मुर्मू को दिया यूपी आने का न्योता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डिप्टी** सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। राष्ट्रपति भवन में हुई इस मुलाकात की तस्वीरें केशव प्रसाद मौर्य ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से साझा कीं।

उन्होंने लिखा कि आज राष्ट्रपति भवन दिल्ली में ममता, समता, क्षमता की प्रतीक भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आत्मीय भेंट की और 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से विजयदशमी व आगामी दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं प्रदेश के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ ही उत्तर प्रदेश प्रवास के लिए अनुरोध भी किया। अंत में उन्होंने लिखा कि प्रदेश आपके प्रथम आगमन के लिए प्रतीक्षारत है। इसके अलावा केशव प्रसाद मौर्य विजय दशमी के मौके पर अपने व्यस्त कार्यक्रमों को छोड़कर दिल्ली अचानक दिल्ली चले गए थे। उन्होंने बुधवार को दशहरे के दिन छत्तीसगढ़ के बीजेपी प्रभारी ओम माथुर से मुलाकात की थी। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सुनील बंसल से भी मुलाकात की थी। साथ ही केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा भी इस दौरान उनके साथ थे।

## राहुल गांधी की यात्रा से भयभीत भाजपा राजभर को अपने पाले में लाने को बेताब: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने कहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को जिस प्रकार से सभी वर्गों का व्यापक समर्थन मिल रहा है उससे भाजपा में खलबी मच गई है। यह भाजपा का चाल, चरित्र और चिंतन है जो इस यात्रा से भयभीत होकर वह ओम प्रकाश राजभर को अपने पाले में लाने को बेताब है। अभी यात्रा दक्षिण के कर्नाटक राज्य में है पर उस यात्रा का ताप अब भाजपा सताने लगा है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक व प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि नि ओम प्रकाश राजभर ने पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा और उनके नेताओं को कोई ऐसी गाली नहीं बख्शी और निजी हमले तक किए। आज उसी राजभर से भाजपा गलबहियां है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का नौजवान, छात्र, बेरोजगारों की लंबी फौज इस यात्रा को आशा की नज़र से देख रही है। भाजपा और योगी सरकार व्यापक बहुमत के बाद भी सत्ता में रहकर भी आम आदमी के लोककल्याण के लिए काम नहीं कर पाई। न रोजगार दे पाए, न मंहगाई रोक पाए, न भ्रष्टाचार, इसलिए आज बौखला कर उलूल जुलूल बयान दिए जा रहे इससे कुछ होने वाला नहीं।

## हम कर्म पर विश्वास रखते हैं इसलिए भव्य राममंदिर निर्माण तेजी से हो रहा

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर, लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ गुरुवार को राजस्थान में जयपुर के विराटनगर स्थित पावनधाम श्री पंचखंड पीठ में आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज के त्रयोदश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान स्वामी सोमेंद्र शर्मा का चादरपोशी कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सीएम ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन 1949 से प्रारंभ होकर 1983 में रामजन्मभूमि समिति के गठन होने के साथ बढ़ता है। देश में इस आंदोलन को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में संतों ने धार दी थी। तब लोग बोलते थेए कोई परिणाम नहीं आने वाला है पर हम तो भगवान श्रीकृष्ण के श्कर्मण्येवाधिकारस्ते, मां फलेषु कदाचन के भाव पर विश्वास करते हैं। हम फल की इच्छा नहीं, कर्म पर विश्वास करते हैं। संतों ने अपने आंदोलन से इसे साबित किया, इसलिए परिणाम आना ही था। आज अयोध्या में भव्य श्रीराममंदिर कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। पीएम ने अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर कार्यक्रम को बढ़ाया। अब तक 50 फीसदी से अधिक कार्य बढ़ चुका है। इस दौरान भी आचार्य जी अयोध्या धाम पधारे। उनके मन में खुशी थी। उस आंदोलन के साथ उन्होंने खुद को समर्पित करके इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दियाए यही है भारत के संतों की परंपरा। संत अपनी परंपरा एवं संस्कृति से जुड़कर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करता है। यही एक संत धर्म भी है। सम-विषम परिस्थितियों में अपने पद से विचलित न होकर सनातन हिंदू धर्म के लिए और विराट हिंदू समाज की रक्षा के लिए उन्होंने बढ़चढ़कर भाग लिया। सीएम ने कहा कि आचार्य जी बेबाक व तर्कसंगत तरीके से अपनी बात रखते थे। इसी का परिणाम है कि विराट हिंदू समाज सम्मान के साथ उनके प्रति श्रद्धा व आदरभाव रखता है। आज आचार्य जी भौतिक रूप से हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन सनातन धर्म के लिए उनका योगदान सदैव सूक्ष्म रूप से उनके उद्देश्यों, संभाषणों के माध्यम से हमारे बीच उन्हें सदैव जीवंत बनाए रखेंगे। हिंदी, गोरक्षा, श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ का आंदोलन रहा हो या रामसेतु की रक्षा का आंदोलन। सनातन धर्म से जुड़े ऐसे कोई मानबिंदु नहीं थे जिसमें उन्होंने योगदान न दिया हो। आचार्य जी की इस परंपरा को आज स्वामी सोमेंद्र जी महाराज ने निर्वहन करने का प्रण लिया है। विश्वास है कि समर्थ गुरू रामदास की परंपरा के साथ जिस तेज के साथ विगत दो पीढ़ियों ने सनातन हिंदू धर्म के लिए कार्य किया उस अभियान को सम.विषम परिस्थितियों में स्वामी सोमेंद्र जी महाराज बढ़ाएंगे। विराट परंपरा है तो विराट जिम्मेदारी भी है। आचार्य के अनुयायी, शुभचिंतक पूज्य संतों के आशीर्वाद से दो परंपराओं के तेज व आशीर्वाद से बढ़ाने का कार्य करेंगे। उनके प्रति व पीठ के प्रति हमारी सद्भावना व शुभकामना है। सीएम ने कहा कि श्रीपंचखंड पीठ ने सदैव सभी सामाजिक एवं धार्मिक आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभायी। भारत विभाजन के समय विरोध करने के लिए देश के पूज्य संतों के नेतृत्व में जो आंदोलन चल रहा था उसमें भी इस पीठ की भूमिका थी। महात्मा रामचंद्र वीर जी महाराज व स्वामी आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज आंदोलन में कूद पड़े थे। आजादी के उपरांत जब भी युद्ध थोपे गए तो देश के हित में नागरिक के रूप में हमारा दायित्व क्या होना चाहिए। उसके भी निर्वहन के लिए जनजागरूकता अभियान संतों के नेतृत्व में चल रहे थेए उसमें भी पीठ बढ़चढ़ कर भाग ले रही थी।

गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आचार्य धर्मेंद्र का गोरक्षपीठ से तीन पीढ़ियों से गहरा संबंध था। जब भी गोरक्षपीठ से निमंत्रण मिलता था वे वहां पहुंचते थे। उनके मन में सदैव अपनत्व का भाव झलकता था। आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज के श्रीचरणों में नमन करते हुए गोरक्षपीठ व सनातन हिंदू धर्म के अनुयायियों की तरफ से नमन व श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## लेखपाल भर्ती परीक्षा में साल्वर बिठाने वाले गिरोह का जालसाज गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने बीती 25 जुलाई को आयोजित राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर साल्वर बैठाने एवं अन्य माध्यमों से विभिजन्न परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित तरीके से परीक्षा की शुचिता भंग करने के आरोपी को गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिसने पूछताछ में खुलासा किया कि वे लोग लेखपाल की परीक्षा में पास कराने के लिए 7-7 लाख रुपए तय करते हैं तथा 2-2 लाख रुपए एडवांस लेते हैं। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई 2022 को प्रदेश विभिन्न जिलों में लेखपाल पद के लिए परीक्षा संपादित हुई थी। परीक्षा को नकल विहीन तरीके से संपन्न कराने के लिए शासन ने एसटीएफ को निर्देशित किया था। एसटीएफ की मेरठ इकाई की टीम ने परीक्षा में साल्वर बिठाकर अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण कराने वाले गिरोह का खुलासा किया था। एसटीएफ की ओर से इस संबंध में मुरादाबाद के मझोला थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मुकदमे में सुमित निवासी छपरौली, बागपत वांछित चल रहा था। एसटीएफ उसकी तलाश में जुटी थी। एक सटीक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने गाजियाबाद बस स्टैंड से सुमित को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर उसने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2018 में रेलवे ग्रुप डी की भर्ती परीक्षा में कुरुक्षेत्र हरियाणा के परीक्षा केन्द्र पर 2 साल्वर बैठाए थे परन्तु वो दोनो ही बायोमैट्रिक में निकल गए थे। इस भर्ती परीक्षा में उसने कुल 8 साल्वर बैठाने के लिए अपने गांव के राहुल को 17 लाख रुपए एडवांस दिए थे। राहुल का सम्बन्ध नीरज निवासी सोनीपत, हरियाणा से हैए जो राहुल के कहने पर बिहार एंव हरियाणा से साल्वर लेकर आता है।

## सूबे में सकुशल हुआ 35960 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, रावण के 1859 पुतलों का दहन

- त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूपी पुलिस कटिबद्ध: एडीजी कानून-व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में कुल 38600 दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है जिसमें से 35960 प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका है, शेष 264 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आने वाली विभिन्न तिथियों में समयानुसार शासन के निर्देशानुसार सकुशल कराया जाएगा। राज्य के एडीजी कानून ववस्था प्रशांत कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही शासन के निर्देशों का पालन कराने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश मुख्यालय द्वारा सभी जनपदों को दिए गए हैं। एडीजी ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश भर में शारदीय नवरात्रि, दुर्गापूजा, विसर्जन, दशहरा का कार्यक्रम शासन द्वारा दिए निर्देशों के मुताबिक सतर्क दृष्टि रखते हुए सकुशल संपन्न कराया जा रहा है। सभी जिलों को जुलूसों, कार्यक्रमों के दौरान लोक व्यवस्था के प्रतिकूल अथव किसी नई परम्परा की शुरुआत न होने पाए इसके दृष्टिगत समुचित वीडियोग्राफी कराए जाने, सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय कराने व ड्रोन कैमरा से चेकिंग कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि चार अक्टूबर से छह अक्टूबर तक दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान इस वर्ष आगरा 3, गोरखपुर 2, बाराबंकी 2 तथा जौनपुर, प्रयागराज व ललितपुर में 1-1 कुल 10 घटनाएं डूबने की घटित हुईं। सभी जिलों के अधिकारियों को इसके लिए लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश पुलिस मुख्यालय द्वारा दिए गए हैं। एडीजी ने बताया कि इस वर्ष कुल 1919 रावण पुतला दहन के लिए रखे गए थे, जिसमें से 1859 पुतलों क दहन सकुशल सम्पन्न कराया गया। शेष बचे 60 पुतलों का दहन आने वाली विभिन्न तिथियों में कराया जाएगा। इस वर्ष रामलीला मंचन, रावण पुतला दहन के दौरान बाराबंकी में 2 तथा बस्ती में एक व्यक्ति की बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो गदग। उत्तर प्रदेश पुलिस शारदीय नवरात्रि, दुर्गापूजा, विसर्जन दुर्गा प्रतिमाओं तथ दशहरा- रावण दहन के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है तथा शांतिपूर्ण त्यौहार मनवाने के लिए विशेष सतर्कता बरत रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस प्रबन्ध एवं चौकसी की लगातार मानीटरिंग की जा रही है। जिससे शासन के दिशा निर्देशों क पूर्ण रूप से पालन करवाया जा सके।

## सिंतबर में सरकार के खजाने में आया 14 हजार 661.89 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के सितंबर माह में कुल 14 हजार 661.89 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। यह पिछले साल सितम्बर में आए राजस्व से 3123.73 करोड़ रुपए अधिक है। पिछले वर्ष इसी माह में 11 हजार 538.16 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बृहस्पतिवार को प्रेस कांफ्रेंस में राज्य सरकार को प्राप्त हुए राजस्व और बजट खर्च के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के अगस्त में मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में 13024.46 करोड़ की प्राप्ति हुई थी। जो निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 76.6 प्रतिशत है। सितंबर में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 16 हजार 285.48 करोड़ रुपए के सापेक्ष प्राप्ति 90 प्रतिशत रही है। इस प्रकार माह अगस्त की तुलना माह सितंबर में 1637.43 करोड़ रुपए अधिक की प्राप्ति हुई है। वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत सितंबर में कुल 4746.57 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई। पिछले साल सितम्बर के माह में 4290.92 करोड़ रुपए की प्राप्ति थी। वैट के तहत 4623.30 करोड़ का राजस्व आया। जबकि सितम्बर 2021 में 2200.40 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति रही। उन्होंने बताया कि वैट के तहत सितंबर में निर्धारित लक्ष्य 2911.40 करोड़ रुपए के सापेक्ष 158.8 प्रतिशत है। खन्ना ने बताया कि आबकारी के तहत सितंबर में कुल 2536.38 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि पिछले साल इसी माह में यह प्राप्ति 2559.85 करोड़ रुपए की थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के माह सितंबर में 1978.84 करोड़ रुपए, परिवहन के तहत 593.32 करोड़, भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत 183.48 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के पहले छमाही अप्रैल से सितंबर के बीच में विभागों ने बजट खपत करने में तेजी दिखाई है। अभी तक बजट का 206734.34 करोड़ रुपये खर्च किया जा चुका है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 के पहले छह माह में बजट का कुल 177918.13 करोड़ रुपउ ही खर्च हुए थे। इस प्रकार इस वित्तीय वर्ष में अभी तक पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले 28836.21 करोड़ रुपए अधिक खर्च किए जा चुके हैं।

## एसीओ को मिलेगा विस्तार खुलेंगी आठ नई यूनिट

**लखनऊ।** सरकारी कर्मचारियों के भ्रष्टाचार पर नकेल कसने और उनकी धरपकड़ का अहम जिम्मा संभालने वाले यूपी पुलिस के एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन (एसीओ) का विस्तार करने की तैयारी है। इसके लिए यूपी में जल्दी ही एसीओ की आठ नई यूनिट खोली जाएंगी। वर्तमान में यूपी के पूर्व और पश्चिमी क्षेत्र में एसीओ की कुल 11 यूनिट हैं। जिनमें पूर्वी क्षेत्र में गोरखपुर, अयोध्या, वाराणसी, कानपुर, आगरा और झांसी तथा पश्चिमी क्षेत्र में मेरठ, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ और लखनऊ में ही एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन मुख्यालय है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान इस संबंध में गृह और पुलिस महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। मुख्यमंत्री ने एंटी करप्शन को और सशक्त करने तथा उसकी नई यूनिट खोलने के निर्देश दिए थे। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में भी एसीओ का दायरा बढ़ाने की घोषणा की थी।

## रामराज्य की भावना के अनुरूप हो प्रत्येक प्राणी का संरक्षण: मुख्यमंत्री

## तेंदुए के दो मादा शावकों को दूध पिलाकर मुख्यमंत्री ने किया नामकरण

- एक को भवानी तो दूसरे को चंडी नाम दिया मुख्यमंत्री ने

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामराज की भावना के अनुरूप मानव कल्याण के साथ प्रत्येक प्राणी की रक्षा व संरक्षण में सभी को अपना योगदान देना चाहिए। इसकी प्रेरणा हमें रामायण से भी मिलती है। रामायण की गाथा में अरण्य कांड जीव जंतुओं के संरक्षण, प्रकृति के प्रति दायित्वों, जीवों के प्रति व्यवहार की सीख देता है। अरण्य कांड में एक प्रकार से पूरी भारतीय ज्ञान संपदा समाहित है।

सीएम योगी बुधवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान गोरखपुर चिड़ियाघर में तेंदुए के दो मादा शावकों को दूध पिलाकर उनका नामकरण भवानी और चंडी करने, सफेद बाघिन गीता को क्रॉल से बाड़ा प्रवेश कराने, चिड़ियाघर के हाल में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रामचरित मानस की पंक्तियों शिहत अनहित पसु पच्छिउ जाना, मानुष तनु गुन ग्यान निधाना का स्मरण करते हुए कहा कि कौन हितैषी है और कौन हानि पहुंचाने वाला पशुओं में इसका स्पंदन होता है। इस उद्धरण को और स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम वन में माता सीता व अपने अनुज लक्ष्मण के साथ ही गए थे लेकिन वनवास काल में उनकी मदद वनवासियों, भालू, वानर, गिद्ध यहां तक कि पेड़, पौधों व जंगल के नदी नालों ने की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य भी तभी संरक्षित रहेगा जब वह प्रकृति के प्रति और जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को लेकर सजग रहेगा। उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सभी लोगों के योगदान की अपील की। सीएम योगी ने वन्यजीव संरक्षण तथा ईको टूरिज्म को लेकर प्रदेश सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि लखनऊ में प्रदेश का पहला नाइट सफारी शुरू करने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे ईको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, वन्यजीवों के प्रति सम्मान की भावना जागृत होगी, मनोरंजन के साथ बच्चों का ज्ञानवर्धन भी होगा। उन्होंने कहा कि चित्रकूट के रानीपुर में टाइगर रिजर्व बनाए जाने की भी घोषणा हो चुकी है। भगवान राम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय चित्रकूट में ही व्यतीत किया था। बिजनौर व रामनगर में भी ईको टूरिज्म से जुड़े प्रस्ताव मंजूर हो चुके हैं। सरकार वन्यजीवों के लिए महाराजगंज, मेरठ, चित्रकूट, पीलीभीत आदि जगहों पर रेस्क्यू सेंटर बना रही है। महाराजगंज के सोहगीबरवा क्षेत्र में गिद्ध संरक्षण केंद्र बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीवों से होने वाली हानि को सरकार ने आपदा की श्रेणी में रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार जलीय जीवों के संरक्षण को लेकर भी संवेदनशील है। पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण की अपील करते हुए सीएम योगी ने कहा कि एक एक पेड़ की कीमत को समझते हुए उनका संरक्षण होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने गंगा डॉल्फिन संबंधी पोस्टर रिलीज करने के साथ प्रदेश के जलीय जीवों पर डाक विभाग के स्पेशल कवर का भी अनावरण किया।

### सोहगीबरवा में शुरू होगी जंगल सफारी: वन मंत्री

**कार्यक्रम** में वन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि महाराजगंज के सोगीबरवा में सरकार जल्द ही जंगल सफारी की सुविधा शुरू करेगी। जंगल सफारी से ईको टूरिज्म बढ़ेगा, लोगों को रोजगार मिलेगा। दूसरे प्रदेशों के लोग पर्यटन के साथ ही अब उत्तर प्रदेश में रोजगार के लिए भी आएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर्यावरण प्रेम व वन्यजीवों से लगाव का उल्लेख करते हुए वन मंत्री ने कहा कि सीएम योगी ने अपने जन्मदिन पर सुबह उठते ही सबसे पहला काम पौधरोपण का किया था। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन पर पौधरोपण अवश्य करें।

# धारदार हथियार से हुई युवक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

**संवाददाता।** सीतापुर

● अवैध संबंधो के चलते पति-पत्नी ने रामलखन को मार डाला

●मछरेहटा थाने की पुलिस ने दो दिन के अंदर किया खुलासा

**सीतापुर के** मछरेहटा थाना क्षेत्र के मामूपुर मोड़ के पास हुई युवक की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चौबीस घंटे के अंदर ही आलाकत्ल सहित मर्डर करने वाले पति पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई कर दी है। बताते चले कि दो दिन पूर्व संदना के निवासी रामलखन की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी, यह हत्या अवैध संबंधो के चलते होना बताई गई थी। मछरेहटा इंस्पेक्टर रामप्रकाश ने बताया कि मृतक रामखेलावन के पिछले चार वर्षो से भागीरथ पुत्र घूरा निवासी लोदखेरवा की पत्नी से अवैध संबंध थे जिसके चलते भागीरथ काफी परेशान था। प्रेमलता के बुलाने पर जब मृतक रामखेलावन उसके पास पहुंचा था और दोनो मछरेहटा की तरफनिकल पड़े, उसी दौरान बेतवा नाले के पास पहले से घात लगाकर बैठे भागीरथ के पास प्रेमलता पहुंची, साथ मे रामलखन को देखते ही भागीरथ ने बांके से उस पर ताबडतोड वार करना शुरू कर दिया। जिससे रामलखन बचाव करते हुए लगभग दो सौ मीटर तक भागा लेकिन लगातार बांके से प्रहार होने के कारण वह लहूलुहान होकर गिर गया और उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति पत्नी मौके से भाग निकले थे। मछरेहटा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सूरजपुर चौराहे से दोनो को बांका साइकिल बैग व झोला सहित धर दबोचा है,दोनो के विरुद्ध धारा 296/22,302/201 के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई कर दी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामप्रकाश, उपनिरीक्षक अजीत वर्मा, हेड कांस्टेबल अबू हादी खान, कांस्टेबल सुनील कुमार, महिला कांस्टेबल खुशबू आदि मौजूद रहे।

# वृंदावन के कलाकारों ने किया आकर्षक सेतु लीला का मंचन

**संवाददाता।** लहरपुर सीतापुर

**लहरपुर की** सेतु लीला का सजीव मंचन देखने के लिए इस बार दर्षकों का भारी हुजूम तो उमड़ा ही इन्द्र देव भी पधारे रिमझिम फुआरों के बीच इन्द्र देव ने अपनी मौजूदगी का एहसास कराया। श्रीराम का किरदार निभा रहे कलाकार ने षिवलिंग की स्थापना कर पूजन अर्चन किया, तो समूचा क्षेत्र श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में विजयदशमी के पावन पर्व पर श्री राम लीला मैदान पर वृंदावन धाम से आए कलाकारों के द्वारा लंका दहन एवं ऐतिहासिक सेतु लीला का सजीव मंचन किया गया। जिसे देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु लगातार हो रही बारिश के बीच में भी मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि लहरपुर में ही सेतु लीला का सजीव मंचन किया जाता है श्री रामलील मैदान स्थित पक्के तालाब तीर्थ पर अस्थाई सेतु का निर्माण कर प्रभु श्री राम अपनी सेना के साथ समुद्र के पार उतरते हैं। प्रभु श्री राम की आज्ञा पाकर नल नील दोनों भाइयों ने भालू बानरो के सहयोग से एक भव्य सुंदर सेतु का निर्माण किया, सेतु के तैयार हो जाने पर प्रभु श्री राम ने विधि विधान से हवन पूजन कर शिवलिंग की स्थापना की। विधि विधान से हवन पूजन के उपरांत प्रभु श्री राम ने सेना को प्रस्थान के लिए कहा, प्रभु श्री राम की आज्ञा पाकर सेना ने जय श्री राम के गगनभेदी नारों से आकाश को गुंजायमान कर दिया और लंका पर चढ़ाई हेतु भगवान के जयकारे लगाते हुए चल दिए। इस पावन अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु सेतु लीला के मंचन को देखने के लिए उपस्थित थे। बताते चलें सेतु लीला का सजीव मंचन पूरे प्रदेश में केवल दो जगह पर किया जाता है जिनमें से एक लहरपुर भी है जहां पर पक्का तालाब तीर्थ पर अस्थाई रूप से लगभग 70 मीटर लंबाई के लोहे के मोटे तारों से अस्थाई रूप से एक सेतु तैयार किया जाता है जिसे फूल व विद्युत झालरों की सहायता से भव्य तरीके से सजाया जाता है जिसकी आभा देखते ही बनती है जिसको देखने के लिए केवल नगर के ही नहीं अपितु हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी भी प्रतिवर्ष आते हैं सेतु लीला का यह सजीव ऐतिहासिक मंचन कई दशकों से आदर्श श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में होता चला आ रहा है सेतु निर्माण में पूर्व सभासद उमेश मेहरोत्रा का विशेष योगदान रहता है। सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, सीओ सुजीत कुमार दुबे, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, नारायण मेहरोत्रा रामलाल रस्तोगी, वीरेंद्र पुरी, मनमोहन गुप्ता ,प्रमोद बाजपेई एडवोकेट, भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश बाजपेई, सभासद राजू तिवारी सौरभ पुरी, भगवानदीन त्रिवेदी, उमेश मेहरोत्रा, निर्मल पांडेय, रामे बाजपेई, रामानंद अवस्थी, बलराम लोधी, अतुल पांडेय, निरंकार मेहरोत्रा, अखिलेंद्र यादव, मास्टर अमर सिंह, देवेंद्र पांडेय, शिव सागर मिश्रा सहित तमाम दर्षक मौजूद रहे, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रषासन सतर्क रहा।

## क्विक न्यूज

### ग्राम प्रधान संघ का विवाद गहराया, जिलाध्यक्ष ने की कार्रवाई

**संडीला(हरदोई)।** ग्राम प्रधान संघ के संडीला ब्लाक अध्यक्ष का विवाद काफी गहरा गया है और इसी क्रम में जिलाध्यक्ष ने कार्रवाई करते हुए अनीता सिंह अर्कवंशी को सभी पदों से हटा दिया है। ग्राम प्रधान संगठन हरदोई के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह रानू ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा है कि संगठन के जिला उपाध्यक्ष अनीत सिंह अर्कवंशी द्वारा कथित रूप से ब्लाक संडीला के प्रधानसंघ की एक बैठक का आयोजन कर स्वंय को ब्लाक अध्यक्ष घोषित किया गया है। यह पूर्णतयः अवैधानिक और संगठन के सभी पदों से उन्हें मुक्त कर दिया गया है।

### नौ अपराधियों पर हुई गैंगेस्टर की कार्रवाई

**सीतापुर।** सीतापुर पुलिस अपराधियों को जरा सा भी बक्ष नहीं रही है, उनपर कार्रवाई कर जेल भेजने की कार्रवाई बराबर करती नजर आ रही है। ऐसे ही सीतापुर के 9 अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की मंगलवार को की गई है। यह कार्रवाई एसपी घुले सुषील चन्द्रभान के निर्देष पर हुई है। थाना हरगांव, लहरपुर, सदरपुर पुलिस द्वारा लूट, हत्या, चोरी, नकबजनी, गोवध जैसे अपराध में संलिप्त 9 अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई है। थाना हरगांव पुलिस द्वारा लूट, हत्या जैसे गंभीर आरोपों में संलिप्त तीन अभियुक्त संजय सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी तेन्दुवार, शोभित तिवारी पुत्र अनिल, शिव भगवान पुत्र सरवन निवासी ग्राम फरिदलपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई व जांच कर अपराध से अर्जित सम्पत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही अलग से की जाएगी। थाना लहरपुर पुलिस ने कुलदीप शुक्ला पुत्र सत्य प्रकाश शुक्ला निवासी ग्राम नवीनगर लहरपुर, जीशान पुत्र मो. अहमद व रजी अहमद उर्फ राजा पुत्र अली अहमद निवासीगण कचनार थाना कोतवाली देहात सीतापुर, सदरपुर थाना पुलिस ने गोवध में संलिप्त कदीर पुत्र गुलाम रसूल, शाहआलम पुत्र गुलाम रसूल निवासीगण मो. मियागंज थाना बिसवां, फैय्याज पुत्र नियाज निवासी ग्राम जहांगीराबाद थाना सदरपुर पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। इन सभी से अपराध से अर्जित सम्पत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही अलग से की जाएगी। आपको बता दें कि इन सभी अपराधियों पर विभिन्न थानों में कई अपराधिक मुकदमें दर्ज है।

### शहर में निकाली गई श्रीराम विजय रथ यात्रा

**सीतापुर।** सीतापुर शहर में निकाली गई आठवीं श्रीराम विजय रथ यात्रा में कई प्रांतों से आए श्रद्धालु शामिल हुए। षहर के एलआईसी आफिस के सामने मैदान से रथ यात्रा शुरू हुई, इस रथ पर श्रीराम के रूप में विराजमान दरबार का पहले पूजन किया गया। यात्रा रामलीला मैदान होते हुए मुंषीगंज चौराहा पहुंची, जहां संगठन के शिव कुमार ने पूजन अर्चन किया। ष्यामनाथ मंदिर के पास मयंक राठौर एवं मन्नी चौराहे पर अषोक राठौर ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा जिला अस्पताल होते हुए वाल्दा मोहल्ला पहुंची, जहां वाल्मीकि समाज के लोगों ने श्रीराम दरबार का पूजन करने के बाद भक्तों का भी स्वागत किया। छोटा हनुमान मंदिर, गीऋगंज होते हुए यात्रा लालबाग पहुंची।

### माता के जयकारों के साथ संपन्न हुआ भंडारा



**निघासन - खीरी।** महानवमी के अवसर पर ग्राम कुर्बान पुरवा स्थित माता जी के मंदिर में सामूहिक राम नवमी के एक दिन बाद हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के तमाम लोग भंडारे में शामिल होकर भंडारे का प्रसाद गृहण किया इस कार्यक्रम का आयोजन गांव के सभी भक्त गणों द्वारा किया गया! और क्षेत्र के ग्राम लुधौरी स्थित दुर्गा मंदिर पर व्यवसाई उमेश कुमार गुप्ता के सौजन्य से कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। दिन में भंडारे के आयोजन के बाद रात्रिकालीन बेला में श्रद्धालु माता रानी के भजन कीर्तन पर खूब झूमे और जयकारे लगाए। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल , नरेश गुप्ता , सुरेश गुप्ता , संजीव श्रीवास्तव , गोलू यादव , विनीत श्रीवास्तव , उत्तम सिंह , महेश , अमन , रमेश सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

### शिक्षक भवन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुर्वेद कार्यक्रम



**लखीमपुर-खीरी।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय प्रकाश के मार्गदर्शन में आयुर्वेद दिवस 2022 के उपलक्ष्य में पूरे जिले के आयुर्वेदिक अस्पतालों द्वारा चलाये जा रहे, हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के अन्तर्गत इस सप्ताह %वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर आयुर्वेद से चिकित्सा एवं बढ़ती उम्र में शरीर में होने वाले रोगों से बचने के लिए आयुर्वेद में कई उपचार विधियां हैं जिसमें, जड़ी-बूटियां, दिनचर्या, ऋतु चर्या योग प्राणायाम को अपना कर जीवेम शरद शतम स्वस्थ रह सकते हैं। इसी विषय को लेकर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के डॉ.हरबंश कुमार द्वारा शिक्षक भवन में रिटायर्ड कर्मचारियों (वरिष्ठ नागरिक) के बीच आयुर्वेद औषधियों की उपयोगिता के बारे में बताते हुए आयुर्वेद से शतायु होने के प्रति जागरूक किया एवं च्वनप्राश वितरण करते हुए आँवला, अश्वगंधा, नीम, एलोवेरा, पत्थर चट्टा, सहजन आदि औषधीय पौधों की जानकारी एवं उपयोगिता बताई गई। साथ ही योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा द्वारा योग को दैनिक जीवन मे अपनाने हेतु प्रेरित किया एवं अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराने के साथ लाभ भी बताया। इस दौरान नगर एवं क्षेत्र से आये वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### टोकनाइज़ेशन ऑनलाइन शॉपिंग के लिए सुरक्षित

**लखनऊ।** वर्कशॉप में मास्टरकार्ड ने कहा कि डिजिटल भुगतानों का उपयोग पूरे देश में बढ़ रहा है। यहाँ मास्टरकार्ड ने कार्ड.ऑन.फाईल ;टोकनाईज़ेशन अपनाने के फायदों पर भी रोशनी डालीए जिससे ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर क्रेडिट और डेबिट कार्ड आधारित भुगतान ज्यादा सुरक्षित व सुविधाजनक बनते हैं। ग्राहकों को साईबर एवं फाईनेंशल फ्रॉड के मामलों से बचाने के लिए रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ;आरबीआईद्ध ने कार्ड विनिमयों के कार्ड.ऑन.फाईल ;सीओएफद्ध टोकनाईज़ेशन को अपनाना अनिवार्य बना दिया है। ये नए नियम 1 अक्टूबरए 2022 से लागू हुए और सभी उपभोक्ताओं को सुरक्षित भुगतान का अनुभव प्रदान कर रहे हैं। अनुभव गुप्ताएवरिष्ठ उपाध्यक्ष और कस्टमर सॉल्यूशंस लीडए दक्षिण एशियाएमास्टरकार्ड ने आज लखनऊ में प्रेस वार्ता में बताया कि मास्टरकार्ड अकेले भारत में 110 मिलियन टोकन बना चुका है और यह बड़ी तेजी से अपनाया जा रहा है।

# धार्मिक मंच पर अश्लील डांस और वीडियो वायरल!

**संवाददाता।** सांडा सीतापुर

●धार्मिक मंच पर बार बालाओं का हो रहा फूहड़ डांस

●थाना सकरन के महाराज नगर में हो रही रामलीला

●सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

**अश्लील डांस** का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, वायरल वीडियो में रामलीला मंच पर बार बालाओं का अश्लील डांस कराया जा रहा है। यहां धर्म के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रही है, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। पूरा मामला बिसवा के सकरन थाना इलाके के गांव महराजनगर का है। यहां चल रही रामलीला रासलीला में तब्दील होते उस समय दिखाई दी जब यहां परं बार-बालाएं फिल्मी और अश्लील गानों पर डांस करती दिखाई दी और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल गया। महराजनगर में प्राचीन ऐतिहासिक दशहरा मेला काफी वर्षों से होता आ रहा है। इस रामलीला कमेटी मेला के अध्यक्ष मनोज बाजपेयी है जिनपर आपराधिक मामले व गुण्डा एक्ट सहित जिला बदर की कार्रवाई भी हो चुकी है। फिलहाल रामलीला के धार्मिक मंच पर अश्लीलता के डांस का वीडियो ट्विटर पर वायरल होने से पुलिस हरकत में आई जिसे तुरंत बंद करवा दिया गया था।

# संघ स्थापना काल से राष्ट्रहित में कर रहा कामः प्रशांत

**संवाददाता।** सीतापुर

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ ने विजय दशमी व शस्त्र पूजन उत्सव को स्थापना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में आयोजित हुए में सह विभाग संघचालक राजेंद्र कटियार, नगर संघचालक विनय अग्रवाल व मुख्य वक्ता अवध प्रांत कार्यवाह प्रशांत शुक्ल ने भगवान श्रीराम, संघ संस्थापक डाक्टर हेडगेवार व द्वितीय सर संघचालक गुरु गोलवरकर के चित्र पर पुष्पार्चन, शस्त्र पूजन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रांत कार्यवाह प्रशांत शुक्ल ने कहा संघ की स्थाना जिस दौरान हुई उस समय देश पर अंग्रेजों का शासन था। भारत पराधीन था ऐसे में एक हिंदू संगठन खड़ा करना सहज नहीं था। उस समय अनुशीलन समिति से जुड़कर अनेक क्रांतिकारी देश की आजादी के लिए संघर्ष कर रहे थे। 1905 में बंगभंग आंदोलन हुआ सभी एकजुट हुए वंदेमातरम का जयघोष निकला। सभी की एकजुटता देख अंग्रेज अफसर परेशान हो उठे। देश बंटने से बच गया अंग्रेजों को राजधानी बदलनी पड़ी। हालांकि इसकी बड़ी कीमत राष्ट्रभक्त देशवासियों को भी चुकानी पड़ी। अंग्रेजों ने अनुशीलन समिति के सभी क्रांतिकारियों को चुन चुनकर मारना शुरू कर दिया। स्थिति यह हो गई कि फांसी देन कठिन हो गया लिहाजा क्रांतिकारी पकड़े जाते और उनको सीधे गोली मारी जा रही थी। स्वातंत्रवीर सावरकर ने लंदन में रहकर अभिनव भारत संगठन बनाया। इस संगठन का भी काम देश को आजाद करना था। कईवर्षों तक अंग्रेज अफसर जान ही नहीं पाए कि इस नाम का एक संगठन लंदन से ही संचालित हो रहा है। इसबीच मदन लाल धींगरा ने एक अंग्रेज अफसर को मार दिया। नासिक में भी तीन अंग्रेज अफसरों की हत्या हुई। इन चारों अफसरों की हत्या में जो बुलेट प्रयोग हुई थी वह लंदन की एक फैक्ट्री थी। धरपकड़ हुई तब बात सामने आई और वीर सावरकर गिरफ्तार हो गए तथा अभिनव भारत पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कार्यक्रम में एकल गीत, अमृत वचन व प्रार्थना हुई। इस मौके पर जिला संघचालक उमाकांत, सह जिला संघचालक राकेश, जिला कार्यवाह आशीष, सह जिला कार्यवाह करुणाशंकर, जिला प्रचारक उपेंद्र, नगर प्रचारक कमलेश, सचिन, पवन, राजेश, अमित, कमलापति, उदित, सुजीत, दीपक आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## सर्वजनिन दुर्गोत्सव में पांच दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन

**सीतापुर।** श्री श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव में पांच दिवसीय कार्यक्रम विजय दशमी की पूजा के साथ सपन्न हुआ। तत्पश्चात श्रदालुओ को प्रसाद वितरण किया गया। बंगाल में दुर्गा मां की मूर्ति विसर्जन के पहले खेला जाने वाला सिंदूर उत्सव पूरे देश में मशहूर है। विसर्जन के पहले सभी सुहागन औरतें लाल वस्त्र धारण कारण कर एक दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं दी। मूर्ति विसर्जन के पूर्व माँ के उपर से चावल फेंककर विदाई दी। इसी के बाद मां की मूर्ति को विसर्जन के लिए धूमधाम से नैमिषारण्य स्थित देवदेवेश्वर मंदिर स्थित घाट पर ले जाया गया। जहां प्रतिमाओं का विसर्जित कर मॉ को विदाई दी गयी। इस दौरान एन एन चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, एस के दत्ता, पंकज मुखर्जी, आदि उपस्थित रहे। सफल आयोजन के लिए किया सम्मानित श्री श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव आँख अस्पताल के महासचिव रंजीत कुमार दास के दुर्गोत्सव के पांच दिवसीय महोत्सव के सफल आयोजन के लिए भारत परिषद के सभी पधाधिकारियो में जिला अध्यक्ष आकाश राय, महासचिव सुधांशु मिश्रा, जिला सयुक्त सचिव अजीत सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, उपाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी, जिला मंत्री अम्ब्रीश दीक्षित जिला अध्यक्ष महिला शशिकला मिश्रा कार्यालय प्रभारी प्रदीप राय ने सामूहिक रूप से राम मंदिर का चित्र भेट करके सम्मानित किया।

# एमसीएच विंग ओयल में ब्लड बैंक और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

● केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी और सदर विधायक योगे वर्मा ने किया उद्घाटन

**केंद्रीय गृह** राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, और सदर विधायक योगेश वर्मा ने एमसीएच विंग ओयल में ब्लड बैंक और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. ए सी श्रीवास्तव व सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।सीएमएस एमसीएच विंग डॉ. एसी श्रीवास्तव ने बताया कि ब्लड बैंक के लखीमपुर जिला चिकित्सालय के पुराने भवन में होने के चलते लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र भी ना होने के चलते मरीजों को यहां पर सस्ती दवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही थीं, परंतु इन दोनों के एमसीएच विंग में शुरू हो जाने से जिलेभर के मरीजों को खासकर ब्लड के मामले में गंभीर मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी। इस दौरान लैब टेक्नीशियन महंत सिंह अमृत सिंह अरविंद सिंह संजय दीपक पुरी हेमंत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गठित टीमों ने चलाया प्रवर्तन अभियान, दर्ज किए छह अभियोग

●अभियान में बड़ी मात्रा में शराब और लहन किया बरामद

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**आबकारी** आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन के दिशा निर्देश, डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में आगामी दीपावली त्योहार में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें विशेष प्रवर्तन अभियान चला रही है।

डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि त्योहारों पर अवैध शराब का धंधा रोकने के लिए प्रवर्तन टीमों का गठन किया गया है। डीएम-एसपी के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए विभाग ने जनपद में दबिश देकर जनपद में कुल 06 अभियोगो को पंजीकृत किया। 84 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 1.5 अवैध नेपाली देशी शराब और 200 किग्रा लहन बरामद की।गुरुवार को रिमझिम बारिश के बीच जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफ ग्राम खजुरिया थाना संपूर्णानगर में दबिश दी। दबिश के दौरान संदिग्ध घर से कच्ची शराब प्लास्टिक के पाउचों में बरामद की एवं इसके साथ आस पास संदिग्ध स्थानों पर तलाशी लेने पर 1.5 लीटर नेपाली शराब पलपल ब्रांड (5 पौवे 300 एम एल) के बरामद किए। मौके पर अवैध शराब बेचने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ ग्राम राधनपुरवा, पकरिया, रामदिनपुरवा, मालपुर, पड़रिया तुला, कौवा खेड़ा, मलुकापुर थाना भीरा में दबिश दी। दबिश में खेतों से कच्ची शराब बरामद की। मौके पर कच्ची शराब के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफ ग्राम मझिया थाना मैगलगंज में दबिश दी।

## कन्हैया इंटर कॉलेज में हुआ वन्य प्राणी सप्ताह का आयोजन

**बेहजम खीरी।** मैगलगंज वन रेंज दक्षिण के अंतर्गत गुरुवार को कन्हैया इंटर कॉलेज बेहजम में वन्य प्राणी सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने ब? च? कर भाग लिया। उसके उपरांत एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया क्षेत्रीय वन अधिकारी कृष्ण कुमार ने स्कूली बच्चों को वन्य प्राणी संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।हम सभी को अपने पास पड़ोस में रह रहे पशु पक्षी और वन्यजीव की सुरक्षा उनके जीवन को संरक्षण प्रदान करने का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर वन दरोगा रवि कांत वर्मा, धनीराम वर्मा वनरक्षक मोहम्मद अफजाल हुसैन ,मिठाई लाल सहित स्कूल के प्रबंधक अनिल वर्मा व अध्यापक गणों ने भी अपने अपने विचार रखें चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

# पेज एक का शेष

## थाईलैंड में...

पहचान 34 वर्षीय पूर्व पुलिस अधिकारी पन्या कामराप के तौर पर की है। पुलिस मेजर जनरल पैसल लुइसोमबून ने पीपीटीवी को दिए साक्षात्कार में बताया कि संदिग्ध को मादक पदार्थ संबंधी आरोपों के कारण इस साल के शुरु में बर्खास्त कर दिया गया था। स्थानीय पुलिस प्रमुख दामरोंगसाक कित्तीप्रफा ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि संदिग्ध को जब पुलिस बल से निकाला गया था, तब वह सार्जेंट के पद पर तैनात था और उसे मादक पदार्थ के मामले में शुक्रवार को अदालत में पेश होना था। उन्होने कहा कि आशंका है कि हमलावर ने डे केयर को हमले के लिए चुना क्योंकि यह उसके घर के करीब था। कित्तीप्रफा ने इससे संवाददाताओं को बताया था कि हमलावर ने मुख्य रूप से 9 एमएम पिस्तौल का इस्तेमाल किया जिसे उसने खुद खरीदा था। पैसल ने बताया कि हमलावर ने हमले में हैंडगन, शॉटगन और चाकू सहित कई हथियारों का इस्तेमाल किया।

## दक्षिण मेक्सिको...

पर तीखी बहस हो रही है। मेक्सिको में लगातार हो रही हिंसा पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रपति ने नागरिक पुलिस के बजाय सशस्त्र बलों पर बड़ी जिम्मेदारी डाली है। मोरेलोस के गवर्नर क्यूहेटेमोक ब्लैन्को ने हमले की निंदा की और ट्विटर के माध्यम से कहा कि सुरक्षा बल हमलावरों की तलाश कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, मेंडोज़ा और मारिन की मृत्यु के बाद लोपेज़ ओब्रेडोर के प्रशासन के दौरान जान गंवाने वाले मेयर की संख्या 18 हो गई और ऐसे सांसदों की संख्या आठ हो गई है।

## अमेरिका में...

आठ माह की बच्ची को बाहर लाता दिख रहा है। संदिग्ध सालगाडो को मंगलवार दोपहर हिरासत में ले लिया गया था। उसने खुद को मारने की कोशिश की थी और वह अस्पताल में भर्ती है। शेरिफ कार्यालय के अनुसार, संदिग्ध के परिवार ने अधिकारियों को बताया था कि सालगाडो ने सिख परिवार का अपहरण करने की बात उनके सामने स्वीकार की थी।

## जांच के...

ने कहा कि कंपनी द्वारा उत्पादित कफ सीरप को निर्यात के लिए मंजूरी दी गई थी और यह देश में बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है। विज ने कहा, सीडीएल की रिपोर्ट आने के बाद जो भी कदम उठाना होगा वह उठाया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही हमलोग किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मौत के सटीक कारण डब्ल्यूएचओ द्वारा ना तो उपलब्ध कराए गए हैं और ना ही दवा और इसके लेबल का ब्योरा केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझा किया गया है ताकि उत्पादन के स्रोत की पुष्टि हो सके। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डब्ल्यूएचओ ने 29 सितंबर को डीसीजीआई को सूचित किया था कि वह वर्तमान में तकनीकी सहायता और गांबिया को परामर्श उपलब्ध करा रहा है, जहां बच्चों की मौत का संभावित कारण ग्लाइकोलाएथीलीन ग्लाइकोल से युक्त दूषित दवाओं का इस्तेमाल हो सकता है जिनके नमूनों की जांच (हाल में डब्ल्यूएचओ द्वारा किए गए विश्लेषण में इसकी पुष्टि की गई है) में इसकी मात्रा मिली। सीडीएससीओ ने तत्काल हरियाणा राज्य नियामक प्राधिकरण के समक्ष यह मामला उठाया जिसके तहत सोनीपत में दवा कंपनी मेसर्स मेडेन फार्मास्युटिकल लिमिटेड स्थित है। बयान के अनुसार, राज्य नियामक, हरियाणा के साथ मिलकर मामले में तथ्योंाविस्तृत जानकारी को सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत जांच शुरू की गई है।

## फ्रांसीसी लेखिका...

और उनके माता-पिता की मृत्यु की बेलाग तस्वीर पेश करती हैं। साहित्य के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने कहा कि एरनॉक्स का काम अक्सर खरा और साधारण भाषा में लिखा बेदाग होता है। उन्होंने स्वीडन के स्टाकहोम में पुरस्कार की घोषणा के बाद संवाददाताओं को बताया, उन्होंने कुछ सराहनीय और स्थाई हासिल किया है। एरनॉक्स अपनी शैली को सपाट लेखन (फ्लैट राइटिंग) के तौर पर वर्णित करती हैं, जो उनके द्वारा बताई जाने वाली घटनाओं का बेहद निष्पक्ष नजरिया, भड़कीले विवरणों और भावनाओं के ज्वार से निष्प्रभावी रखता है। ला प्लेस (एक पुरुष की जगह) से सुर्खी पाने वाली एरनॉक्स ने इसमें पिता के साथ अपने संबंधों के बारे में लिखा है : कोई गीतात्मक स्मरण नहीं, विडंबना का कोई उत्साहजनक प्रदर्शन नहीं। यह तटस्थ लेखन शैली मुझमें स्वाभाविक रूप से है। आलोचकों के बीच में बेहद सराही गई उनकी किताब द इयर्स 2008 में प्रकाशित हुई थी और इसमें उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के अंत से लेकर आज तक खुद का और व्यापक फ्रांसीसी समाज का वर्णन किया है।

## यूपी के...

की छात्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि नाहर घाटी मियां गंज निवासी आरिफ उर्फ तनवीर ने अमित नाम बताकर उससे छह माह पहले दोस्ती की थी। इसके बाद वह फोन पर बात करने लगा। तीन माह पहले रेलवे में नौकरी लगवाने का लालच देकर होटल में बुला लिया। यहां दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के मुताबिक इस दौरान आरोपी ने छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। इस मामले में एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने छात्रा की शिकायत के आधार पर आरिफ उर्फ तनवीर मिर्जा, उसके चचेरे भाई नूर आलम, भाई शहनाज और उसकी भाभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं अंबेडकरनगर जिले के मालीपुर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़िता किशोरी ने घर में फांसी लगाकर बुधवार सुबह जान दे दी। इस घटना के बाद थानाध्यक्ष मालीपुर चंद्रभान यादव को लाइन हाजिर और विवेचक सब इंस्पेक्टर प्रमोद खरवार को निलंबित कर दिया गया है। शासन से परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने का भी अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है। किशोरी के पिता ने बीते दिनों मालीपुर पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि स्कूल जाते समय उसकी 15 वर्षीय पुत्री को कटघर मूसा निवासी एक युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर अपहृत कर लिया। इसके बाद कार से लखनऊ के एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया।

## पीएफआई के...

लिए पर्याप्त कारण या आधार है या नहीं। न्याय और विधि मंत्रालय के विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक मेमोरेंडम में कहा गया है कि जस्टिस शर्मा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) ट्रिब्यूनल के जब तक अध्यक्ष रहेंगे यह समय उनकी 'वास्तविक सेवा' के तौर गिनी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अनुरोध किए जाने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एससी शर्मा ने जस्टिस शर्मा को इसके लिए नामित किया। प्रक्रिया के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्रालय विधि मंत्रालय से यूएपीए ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी के तौर पर हाईकोर्ट के किसी निवर्तमान जज का नाम देने का अनुरोध करता है।

## यात्रा से...

भी पैदल चलीं। वह करीब एक किलोमीटर तक पैदल चलीं और फिर कार से यात्रा में साथ रहीं। वह दो घंटे से अधिक समय तक यात्रा में शामिल रहीं। इस साल कोविड संक्रमण से उबरने के बाद यह पहला मौका है जब सोनिया गांधी किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुईं। कांग्रेस नेता का स्वास्थ्य बेहतर नहीं है और हाल ही में वे अमेरिका में नियमित मेडिकल जांच और इलाज के लिए गई थीं। राहुल गांधी ने पदयात्रा की मां के साथ अपनी तस्वीर ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, हम पहले भी तूफान से कश्ती निकाल कर लाए हैं, हम आज भी हर चुनौतियों की हदें तोड़ेंगे, मिलकर भारत जोड़ेंगे।

## हाथी के..

बात करेंगे। बोम्मई ने कहा कि मैं वरिष्ठ वन अधिकारियों से बात करूंगा और देखूंगा कि हाथियों के लिए तुरंत क्या किया जा सकता है। वह (हाथियों का) प्राकृतिक निवास स्थान है। मैसुरु से लौटने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने घायल हाथी के बच्चे जो मुद्दा उठाया है उस मैं मानवीय आधार पर मदद का प्रयास किया जाएगा।

## हिमस्खलन स्थल...

वापस बुला लिया गया है। उसने बताया कि मौसम अगर सही रहा तो शुक्रवार सुबह फिर से हेलीकॉप्टर की मदद ली जाएगी। राज्य आपात अभियान केन्द्र (एसईसीओसी) ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में स्थित हाई ऑल्टिट्यूड वायफेयर स्कूल की 14 सदस्ईय टीम भी आज से बचाव कार्य में जुट गई है। टीम का नेतृत्व कर रहे नायब सूबेदार अनिल कुमार ने पीटीआईभाषा को बताया, टीम में प्रशिक्षु सहित कुल 34 पर्वतारोही थे। कुमार उन घायल 14 पर्वारोहियों में से एक हैं जिन्हें एनआईए के बेस कैंप से लाकर बुधवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि हिमस्खलन के दौरान 33 पर्वतारोहियों ने दरारों में छुपकर शरण ली थी। उन्होंने कहा, चूंकि मैं अन्य से आगे चल रहा है, मैं दरार के बाईं ओर लटक गया।

# केरल में सड़क हादसे में पांच छात्रों समेत नौ लोगों की मौत

भाषा। पालक्काड/तिरुवनंतपुरम



**केरल के** पालक्काड जिले के वडक्कांचेरि में एक निजी पर्यटक बस और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस के बीच टक्कर होने से पांच छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई। केरल के सड़क परिवहन मंत्री एंटनी राजू ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे हुआ, जब तेज रफ्तार से जा रही एक निजी बस एक गाड़ी को ओवरटेक करने के प्रयास में केएसआरटीसी की बस से टकरा गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हादसे में पांच छात्रों और एक शिक्षक समेत नौ लोगों की मौत हो गई। परिवहन निगम की बस के चालक ने संवाददाताओं से कहा कि वह लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन चला रहे थे, तभी अचानक एक निजी बस ने पीछे से टक्कर मार दी और वह मुश्किल से वाहन को नियंत्रित कर सके और उसे गहरे गड्ढे में गिरने से बचा पाए। मंत्री ने बताया कि प्राथमिक जांच में संकेत मिले हैं कि हादसा चालक के बस को तेज गति से चलाने और उसकी लापरवाही के कारण हुआ। उन्होंने बताया कि पता चला है कि बस 97 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक रफ्तार से दौड़ रही थी। मंत्री ने बताया कि केएसआरटीसी की बस केरल के कोट्टारक्करा से तमिलनाडु के कोयंबटूर जा रही थी और उसमें 81 यात्री सवार थे, जिनमें से तीन की हादसे में मौत हो गई ।वहीं, निजी बस में एर्नाकुलम के बेसिलियोस विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 42 छात्र और पांच शिक्षक सवार थे जो तमिलनाडु के ऊटी घूमने जा रहे थे। इस बीच, केरल उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पालक्काड में हुए सड़क हादसे पर पुलिस और मोटर वाहन विभाग (एमवीडी) से रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने लेजर लाइट और प्रतिबंधित हॉर्न का इस्तेमाल होने के बावजूद बस को फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किए जाने पर भी सवाल उठाए और मामले को सोमवार को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। न्यायमूर्ति अनिल के नरेंद्रन और न्यायमूर्ति पी जी अजित कुमार की एक खंडपीठ ने मीडिया की खबरों के आधार पर हादसे पर स्वत: संज्ञान लेते हुए यह कदम उठाया।

# विकसित भारत के लक्ष्य में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं युवा आईएएस अधिकारी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने बृहस्पतिवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के युवा अधिकारियों से कहा कि उन्हें अमृत काल में देश की सेवा करने का मौका मिला है और वे 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक यहां स्थित सुषमा स्वराज भवन में 2020 बैच के आईएएस अधिकारियों के लिए आयोजित असिसटेंट सेक्रेटरी प्रोग्राम के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारी अमृत काल में पंच प्राण के संकल्प को पूरा करने में भी मदद कर सकते हैं। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार 76वें स्वाधीनता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित करते हुए अगले 25 साल की यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण करार दिया था और इस अमृत काल में विकसित भारत, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता व नागरिकों द्वारा अपने कर्तव्य पालन के पंच प्राण का आह्वान किया। पीएमओ के मुताबिक मोदी ने अधिकारियों से कहा, आप लोगों को अमृत काल में देश सेवा और पंच प्राण के संकल्पों को हकीकत में बदलने में मदद करने का मौका मिल है। अमृत काल में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करना सुनिश्चित करने में अधिकारियों की प्रमुख भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर लीक से हटकर सोचने और उनके प्रयासों में समग्र दृष्टिकोण अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला ओर इस कड़ी में प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि यह योजना समग्र दृष्टिकोण के महत्व को दर्शाता है। अधिकारियों को संबोधित करते हुए मोदी ने नवोन्मेष के महत्व पर चर्चा की और बताया कि कैसे यह देश के सामूहिक प्रयास और कार्य करने की संस्कृति का हिस्सा बना है। उन्होंने स्टार्ट-अप इंडिया योजना का भी उल्लेख किया और बताया कि कैसे पिछले कुछ सालों में इनकी संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यह कई मंत्रालयों के एक साथ आने और संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण के माध्यम से एक टीम के रूप में काम करने के कारण संभव हुआ है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने युवा अधिकारियों को यह भी बताया कि कैसे उनके कार्यकाल में शासन की सोच का दायरा देश के हर क्षेत्र में बढ़ा है जबकि पहले यह दिल्ली केंद्रित हुआ करती थी।

उन्होंने उदाहरण दिया कि अब महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत दिल्ली से बाहर की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जिन क्षेत्रों में काम करते हैं वहां की स्थानीय संस्कृति को समझें और जमीनी स्तर पर स्थानीय लोगों से संपर्क को मजबूत करें।

## रिश्वत मामले में पंजाब के सहायक महानिरीक्षक को गिरफ्तार किया

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने 2016 के दौरान एक करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के मामले में बृहस्पतिवार को एक सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) को गिरफ्तार किया और दो अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर पैसे का लेन-देन तब हुआ जब एआईजी आशीष कपूर 2016 में अमृतसर केंद्रीय कारागार के अधीक्षक थे। कपूर वर्तमान में पठानकोट में चौथी भारतीय रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के रूप में तैनात हैं। ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार और सहायक उप निरीक्षक हरजिंदर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जो कथित रिश्वत के लेन-देन के समय जीरकपुर थाने में तैनात थे। प्रवक्ता ने कहा कि 2016 में अमृतसर केंद्रीय जेल प्रमुख के रूप में तैनाती के दौरान कपूर का कुरुक्षेत्र निवासी पूनम राजन नामक कैदी से परिचय हुआ था, जो तीन रिश्तेदारों - मां प्रेम लता, भाई कुलदीप सिंह और भाभी प्रीती- के साथ न्यायिक हिरासत में थी।

## सीबीआई के ऑपरेशन चक्र के तहत 26 साइबर अपराधी गिरफ्तार

भाषा । नई दिल्ली

**देश में चल** रहे साइबर अपराध गिरोहों को खत्म करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन चक्र के तहत अब तक 26 कथित साइबर अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभियान राज्य पुलिस, इंटरपोल और अन्य देशों की एजेंसियों के साथ समन्वय में शुरू किया गया है। सीबीआई ने कहा कि कर्नाटक पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार किया है, दिल्ली पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है, पंजाब पुलिस ने दो और अंडमान व निकोबार पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने राज्य पुलिस के साथ समन्वय में इंटरपोल, एफबीआई, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस और ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना पर देश भर में 115 स्थानों पर अभियान के तहत तलाशी ली। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इंटरनेट का उपयोग कर वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल साइबर अपराधियों के खिलाफ 11 मामले दर्ज किए। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने 87 स्थानों पर छापेमारी की जबकि राज्य पुलिस ने 28 स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, अभियान का उद्देश्य भारत में इन अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोहों के बुनियादी ढांचे को खत्म करना और इन अपराधियों को न्याय के दायरे में लाना है। अंतरराष्ट्रीय संगठित साइबर अपराध के खिलाफ भारत की लड़ाई ने इस प्रकार एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है।

## कांग्रेस नेता शिवकुमार की सात अक्टूबर की पेशी से छूट की अर्जी ईडी ने ठुकराई

**मैसूर।** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धन शोधन मामले में सात अक्टूबर को दिल्ली में एजेंसी के सामने पेशी से छूट की उनकी अर्जी को ठुकरा दिया है। ईडी ने शिवकुमार को एक ताजा संदेश में शुक्रवार को एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा है। ईडी के सहायक आयुक्त कुलदीप सिंह द्वारा भेजे गए ई-मेल में कहा गया है, आपको एक बार फिर निर्देश दिया जाता है कि 23 सितंबर, 2022 के समन के अनुसार आप सात अक्टूबर, 2022 को अपना बयान दर्ज कराने के लिए मेरे कार्यालय में पेश हों। कांग्रेस की भारत यात्रा जोड़ो यात्रा कर्नाटक में प्रवेश कर चुकी है जिसमें शामिल होने के कारण शिवकुमार ने ईडी से 21 अक्टूबर तक पेशी से छूट का अनुरोध किया था। कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने ईडी के सामने पेश होने के लिए समय मांगा था, जिसे अस्वीकार कर दिया गया है।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी में अचानक पानी आने से आठ डूबे

भाषा । जलपाईगुड़ी

**पशिचम बंगाल** के जलपाईगुड़ी जिले में बुधवार को दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान मल नदी में अचानक बढ़े पानी के कारण तेज बहाव की चपेट में आकर आठ लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अनुग्रह राशि की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी और ममता बनर्जी ने जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को दो-दो लाख रुपए जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा भी की है।

### ● मोदी, ममता ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की, अनुग्रह राशि का ऐलान

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक ट्वीट के मुताबिक मोदी ने कहा, पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान हुई दुर्घटना से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं अपने प्रियजन को खोने वालों के साथ हैं। पीएमओ के अनुसार, जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्वीट किया कि जलपाईगुड़ी जिले की मल नदी में दुर्गा विसर्जन के दौरान अचानक नदी में पानी बढ़ने से आठ लोगों की मौत हो गई। मैं प्रार्थना करती हूं कि इस मुश्किल घड़ी में परिवार को यह दुख सहने की ताकत मिले। बनर्जी ने ट्वीट किया, हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 13 लोगों का मल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा, पुलिस, नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों तथा स्थानीय युवाओं ने करीब 70 लोगों को बचाया है। मैं उनकी निस्वार्थ सेवा की सराहना करती हूं। अब किसी के लापता होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ का खोज एवं बचाव अभियान जारी है। जलपाईगुड़ी के पुलिस अधीक्षक देवर्षि दत्ता ने बताया कि विजय दशमी के अवसर पर नदी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे अचानक बहाव बढ़ने से कुछ लोग बह गए। एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों में आठ वर्षीय लड़का, 13 वर्षीय लड़की और तीन महिलाएं भी शामिल हैं।

## मालेगांव विस्फोट मामले में प्रज्ञा ठाकुर अदालत में पेश हुईं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मालेगांव में 2008 में किए गए विस्फोट के मामले में मुख्य आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर बृहस्पतिवार को यहां निचली अदालत में पेश हुईं। मध्य प्रदेश के भोपाल से सांसद प्रज्ञा ठाकुर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी के सामने पेश हुईं। अदालत में महाराष्ट्र एटीएस के एक अधिकारी ने अपनी गवाही दी। एटीएस ने ही ठाकुर को गिरफ्तार किया था। ठाकुर के वकील ने दिन की कार्यवाही के दौरान एटीएस अधिकारी के साथ जिरह की। दोपहर करीब 12 बजे ठाकुर अदालत पहुंचीं और आरोपियों के लिए निर्धारित लकड़ी की बेंच पर बैठीं। बाद में कमर में दर्द की शिकायत करने पर अदालत ने उन्हें कुर्सी पर बैठने की अनुमति दे दी। अदालत ने ठाकुर के आग्रह पर कार्यवाही भी हिंदी में संचालित की।



केदारनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के लिए अपनी बारी के इंतजार में लाइन में लगे भक्त

# राष्ट्रपति के खिलाफ उदित राज की टिप्पणी कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता की परिचायक: भाजपा

### ●उदित राज ने राष्ट्रपति मुर्मू पर निशाना साधते हुए किया था ट्वीट

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी ने कांग्रेस नेता उदित राज द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को प्रमुख विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि यह टिप्पणी कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। ज्ञात हो कि राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद मुर्मू सोमवार को पहली बार गुजरात पहुंची थीं। गांधीनगर में गुजरात सरकार की ओर से आयोजित एक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा था, गुजरात में पैदा होने वाला नमक सभी भारतीयों द्वारा खाया जाता है। भारत में नमक की खपत का करीब 80 प्रतिशत उत्पादन गुजरात में होता है। उदित राज ने बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया था, द्रौपदी मुर्मू जी जैसी राष्ट्रपति किसी देश को न मिलें। चमचागिरी की भी हद है। कहती हैं कि70 प्रतिशत लोग गुजरात का नमक खाते हैं। खुद नमक खाकर जिंदगी जिएं तो पता लगेगा। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, यह आश्चर्यजनक और दुख की बात है कि कांग्रेस के नेता लगातार इस प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। यह कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, उदित राज ने पहले भी इस प्रकार का अपराध किया है। उन्होंने न सिर्फ राष्ट्रपति मुर्मू, बल्कि शीर्ष संवैधानिक पद का और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी का भी लगातार अपमान किया है।

### कांग्रेस नेता को एनसीडब्ल्यू ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेता उदित राज को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ उनकी चापलूसी वाली टिप्पणी पर तलब किया है। बृहस्पतिवार को जारी नोटिस में आयोग ने उन्हें 10 अक्टूबर को उसके सामने पेश होने और उनकी (कांग्रेस नेता की) बेहद निंदनीय और शर्मनाक टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। अपने नोटिस में एनसीडब्ल्यू ने कहा कि आयोग ने उनकी टिप्पणी पर संज्ञान लिया है।

# अमित शाह और जेपी नड्डा आज से असम दौरे पर

भाषा। गुवाहाटी

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ शुक्रवार से असम के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अधिकारियों ने कहा कि यहां दोनों नेता पार्टी के नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। दोनों नेता शुक्रवार की शाम को गुवाहाटी पहुंचेंगे। नड्डा कुछ बैठकों में भाग लेने के बाद शनिवार की शाम को वहां से रवाना होंगे, जबकि शाह कई आधिकारिक कार्यक्रमों के बाद रविवार की शाम को राज्य से रवाना होंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भाबेश कालिता ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, नड्डा और शाह शुक्रवार को शाम करीब चार बजे यहां पहुंचेंगे। इसके बाद वे पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि शनिवार को दोनों नेता मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में बशिष्ठ चरियाली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। कालिता ने कहा, कार्यक्रम के बाद नेता खानपाड़ा में भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं की एक रैली को संबोधित करेंगे। हमें उम्मीद है कि इसमें 40 से 45 हजार बूथ कार्यकर्ता शामिल होंगे। भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख ने हालांकि उनके अन्य कार्यक्रमों का जिक्र नहीं किया, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नड्डा शनिवार की शाम को असम से रवाना हो जाएंगे। एक सूत्र ने कहा कि शाह यहीं रहेंगे और शनिवार की शाम व रविवार की सुबह गुवाहाटी के असम प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज में होने वाली कई आधिकारिक बैठकों में भाग लेंगे। असम पुलिस के एक अन्य सूत्र ने कहा कि रविवार को अपराह्न में वह राज्य के पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए गोलाघाट जिले के दरगांव में पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज का दौरा करेंगे।

# मुंबई हवाई अड्डे से 100 करोड़ से अधिक मूल्य की हेरोइन बरामद

भाषा। मुंबई

**राजस्व खुफिया** निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई हवाई अड्डे से 100 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 16 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है और इस संबंध में एक यात्री तथा घाना की एक महिला को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले में डीआरआई की कार्वाई के तहत घाना की महिला को दिल्ली में एक होटल से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि डीआरआई की मुंबई इकाई ने मंगलवार को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर जाल बिछाया था। उन्हें यह गुप्त सूचना मिली थी कि एक अफ्रीकी देश मालावी से कतर होते हुए मुंबई आ रहा एक यात्री देश में मादक पदार्थ की तस्करी की कोशिश कर रहा है। उन्होंने बताया, इसके तहत

### ●घाना की महिला सहित दो गिरफ्तार

डीआरआई के अधिकारियों की निगरानी और संदिग्ध की पल-पल की गतिविधि पर नजर रखने वाली टीम को हवाई अड्डा पर तैनात किया गया और संदिग्ध यात्री को रोक कर पूछताछ की गई। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध के सामान की तलाशी के दौरान डीआरआई अधिकारियों ने 16 किलोग्राम हेरोइन बरामद की, जिसे ट्रॉली बैगों में खंडों में छिपा कर रखा गया था। उन्होंने बताया कि जब्त हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 100 करोड़ रुपए से अधिक है। उन्होंने बताया कि यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया और स्थानीय अदालत ने उसे डीआरई अधिकारियों को रिमांड पर देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया, इसके बाद की गई कार्वाई में डीआरआई अधिकारियों ने घाना की एक महिला को गिरफ्तार किया, जो तस्करी की गई इस प्रतिबंधित सामग्री को दिल्ली में लेने वाली थी।

## आरएसएस मुख्यालय की ओर मोर्चा निकालने का प्रयास कर रहे बीएमएम के कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए

**नागपुर।** महाराष्ट्र में नागपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुख्यालय की ओर विरोध मार्च निकालने की कोशिश कर रहे भारत मुक्ति मोर्चा (बीएमएम) के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीएमएम ने एक बयान में कहा कि वह आरएसएस के खिलाफ विरोध जताना चाहता था क्योंकि संघ देश के संविधान का सम्मान नही करता। इससे पहले, पुलिस द्वारा छह अक्टूबर को मार्च निकालने की अनुमति देने से इनकार करने पर बीएमएम ने नागपुर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# बोम्मई ने भारत जोड़ो यात्रा में सोनिया के शामिल होने को तवज्जो नहीं दी

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक के** मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के शामिल होने को ज्यादा तवज्जो नहीं देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने केवल आधा किलोमीटर पदयात्रा की और फिर वह चली गईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस यात्रा का राज्य में कोई असर नहीं होगा। कांग्रेस की यह यात्रा इस समय कर्नाटक से गुजर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी बृहस्पतिवार को यहां भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं और उन्होंने राहुल गांधी तथा अन्य भारत यात्रियों के साथ पदयात्रा की। सोनिया कर्नाटक के मांड्या जिले में पदयात्रा में शामिल होकर कुछ दूरी तक चलीं। वह पहली बार इस यात्रा में शामिल हुईं।

बोम्मई ने यात्रा के कारण पड़ने वाले प्रभाव को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, सभी दलों के नेताओं का अपने दल के लिए काम करना स्वाभाविक बात है। उन्होंने (सोनिया गांधी) आधा किलोमीटर पदयात्रा की और उसके बाद वह चली गईं। उन्होंने कहा, जहां तक हमारी बात है, हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है और इससे कोई असर नहीं पड़ता। बोम्मई ने इन दावों को खारिज कर दिया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांग्रेस की यात्रा के जवाब में अपने नेताओं की रैलियों और राज्यव्यापी दौरों की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनकी योजना बहुत पहले ही बना ली गई थी। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने पहले कहा था कि छह रैली होंगी और यह उसी का हिस्सा होगा... हमने पहले ही इसकी योजना बना ली थी, लेकिन विधानसभा सत्र होने के कारण हमने दशहरे के बाद इसका आयोजन करने का फैसला किया।

# भीड़ ने बताया दिया असली शिवसेना कौन है : फडणवीस

भाषा। पुणे

**महाराष्ट्र के** उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की दशहरा रैली में जुटी भारी भीड़ दिखाती है कि असली शिवसेना का नेता कौन है। उन्होंने उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना की बुधवार को हुई रैली के लिए अपमानजनक शब्द शिमगा का इस्तेमाल किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि नागपुर में धम्मचक्र परिवर्तन दिवस उत्सव में व्यस्त होने के कारण उन्होंने दोनों नेताओं के भाषण बाद में यू ट्यूब के जरिए सुने। फडणवीस ने कहा, मैं उद्धव ठाकरे के भाषण पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। शिमगा पर कोई प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। शिमगा का आयोजन महाराष्ट्र में होली के त्योहार से पहले किया जाता है और इस दिन लोग अलाव जलाते हैं एवं इनमें हिस्सा लेने वाले परंपरा के तौर पर एक दूसरे को हल्के-फुल्के अंदाज में अपशब्द कहते हैं। भाजपा नेता ने कहा, भाषण में कुछ भी नहीं था, सिवाए शिमगा। उन्होंने कहा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) मैदान की क्षमता शिवाजी पार्क (जहां ठाकरे ने रैली की) से दोगुनी थी और वहां पर भारी भीड़ जुटी थी, बीकेसी मैदान में तिल रखने की जगह नहीं थी...शिवसैनिकों ने साबित कर दिया कि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ही वास्तविक शिवसेना है और मैं इसिलए उन्हें बधाई देना चाहता हूं। वहीं, जून महीने में शिवसेना नेतृत्व से बगावत कर और भाजपा के साथ सरकार बनाने वाले शिंदे की रैली पर विपक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वह रैली में भाजपा का आलेख पढ़ रहे थे। इस बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि जो ऐसा कह रहे हैं उन्हें नए लेखक की तलाश करनी चाहिए। उन्होंने कहा, आप कितनी बार एक ही बात कहेंगे? आप अपने लेखक को थोड़ा क्रिएटिविटी डालने को बोलो या कोई नया लेखक रखो।

## भ्रष्टाचार मामले में जमानत के लिए विशेष अदालत पहुंचे पूर्व गृह मंत्री देशमुख

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत के लिए यहां एक विशेष अदालत से गुहार लगाई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देशमुख (71) को पिछले साल नवंबर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई ने देशमुख के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू करने के बाद अप्रैल 2021 में मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भ्रष्टाचार के मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। पूर्व मंत्री फिलहाल शहर की आर्थर रोड जेल में बंद हैं। अदालत ने मंगलवार को वरिष्ठ राकांपा नेता को धनशोधन के मामले में जमानत दे दी थी, लेकिन 13 अक्टूबर तक आदेश पर रोक लगा दी है ताकि ईडी अपील कर सके। मामले से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, देशमुख ने अब सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार के मामले में जमानत के लिए विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

# भारत-न्यूजीलैंड ने द्विपक्षीय सहयोग पर सहमति जताई

● जयशंकर ने न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री अर्डर्न के साथ मुलाकात की

●विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष के समक्ष छात्र वीजा का मुद्दा उठाया

**भाषा।** ऑकलैंड



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न से बृहस्पतिवार को मुलाकात की और इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापारिक सहयोग बढ़ाने एवं लोगों के बीच आपसी सपंर्क को प्रोत्साहित करने पर सहमति जताई। जयशंकर ने अर्डर्न को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से व्यक्तिगत शुभकामनाएं भी दीं। यह विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की न्यूजीलैंड की पहली यात्रा है। जयशंकर ने ट्वीट किया, न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न से मुलाकात करके खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग गहरा करने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, व्यापारिक सहयोग बढ़ाने और लोगों के बीच आपसी संपर्क को प्रोत्साहित करने पर सहमति जताई। जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान अर्डर्न के साथ एक कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को हिस्सा लेंगे, जिसमें उस देश में अभूतपूर्व योगदान देने एवं उपलब्धियां हासिल करने वाले भारतीय समुदाय के लोगों को सम्मानित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेता न्यूजीलैंड में भारत के आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को प्रदर्शित करने वाली इंडियाए/5 डाक टिकट को जारी करेंगे। वहीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री से इस देश में अपनी पढ़ाई के वास्ते आने वाले भारतीय छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। जयशंकर ने महामारी के चलते प्रभावित हुए छात्रों के प्रति निष्पक्ष और अधिक सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार का भी अनुरोध किया। विदेश मंत्री के रूप में न्यूजीलैंड की अपनी पहली यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने न्यूजीलैंड की अपनी समकक्ष नानाया महुता के साथ गर्मजोशी के साथ फलदाई चर्चा की। न्यूजीलैंड में पढ़ाई करने आने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों में दूसरा स्थान भारतीय छात्रों का है, जो सूचना प्रौद्योगिकी, आतिथ्य, विज्ञान, इंजीनियरिंग और वास्तुकला जैसे विभिन्न विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा, मैंने संबंधित मंत्री के साथ उन छात्रों से जुड़ी चिंताओं को भी उठाया, जिन्हें कोविड की अवधि के दौरान न्यूजीलैंड छोड़ना पड़ा और जिनके पास अपने वीजा को नवीनीकृत कराने का अवसर नहीं था। महुता के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में जयशंकर ने कहा, मैं उनके (छात्रों) लिए एक निष्पक्ष और अधिक सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि उन छात्रों के लिए भी वीजा प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया गया, जो अपनी पढ़ाई के लिए न्यूजीलैंड आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मंत्रियों ने दोनों देशों में कौशल की मांग के मुद्दे पर भी चर्चा की।

# रूसी मिसाइल हमलों में कई इमारतें क्षतिग्रस्त तीन लोगों की मौत, बारह लोग घायल

**कीव।** रूस के मिसाइल हमलों में दक्षिण यूक्रेन स्थित जापोरिज्जिया प्रांत की कई अपार्टमेंट इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हुए। एक स्थानीय अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हाल में रूस ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अवहेलना करते हुए जापोरिज्जिया प्रांत के अपने देश में विलय की घोषणा की थी। इस प्रांत में यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि पहले हमला तड़के हुआ जबकि दूसरा कुछ देर बाद किया गया, जिससे 40 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने घोषणा की थी कि यूक्रेन की सेना ने रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों के तीन और गांवों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। जेलेंस्की की इस घोषणा के कुछ ही देर बाद रूसी मिसाइल हमले किए गए। जापोरिज्जिया प्रांत के गवर्नर ओलेक्जेंडर एस. ने कहा का बहुमंजिला इमारतों से तीन वर्षीय बच्ची समेत कई लोगों को सुरक्षित निकाला गया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गवर्नर ने रूस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, आतंकवादी देश ने शांति से सो रहे लोगों को मारकर अपना क्रूर चेहरा दिखाया है। उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते की शुरुआत में रूसी संसद के दोनों सदनों ने दोनेत्सक, लुहान्स्क, खेरसॉन तथा जापोरिज्जिया क्षेत्रों को रूस का हिस्सा बनाने से जुड़ी संधियों को मंजूरी दी थी। चारों प्रांतों में कथित जनमत संग्रह के बाद इस संधि पर मुहर लगा दी गई थी। इस जनमत संग्रह को यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने अवैध बताकर खारिज किया है।



**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that, **We, Mohd. Yunus S/o Mr. Mohd.Munir Khan R/o 235/5, Zakir Nagar, New Delhi and Mr. Talib Hussain Son of Mr. Mohd.Munir Khan R/o C-124, St. No.7.,North Ghonda,Delhi-110053,** are co-owner and in physical possession of **Shed No.B-132,** area measuring **71.06 Sq. Mtrs.,** situated at Okhla Industrial Area Phase-I,New Delhi-110020, (hereinafter called the property),DDA vide File **No.F-47(12)1980/CE,**and applied for conversion of lease hold rights into freehold rights of said property in D.D.A. The Original Possession Letter, NOC for Water and Electric connection and Site Possession Slip in respect of above said property have been lost. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/Phone No. 9810821995 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this plot can personally inform or write to Dy. Director(CE),A Block,Vikas Sadan,INA,New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Gulshan Kumar is the owner of Property bearing No. 9/2, area Measuring 100 Sq. Yds. (60 sq. yds. + 40 sq. yds.) Situated at Subhash Nagar, Tehar I, New Delhi by virtue of Sale Deed dated 12.09.2016 (Doc No. 15016) executed by Vinay Kumar Pushkarna and will executed by Karma Wali dated 19.09.2005 (document no. 23371)

And whereas he has lost the following original document pertaining to the said property :

Original Will dated 06.05.2005 executed by Simran Oberoi in favour of Vinay Kumar Pushkarna

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

# उत्तर कोरिया के युद्धक विमानों ने हमारी सीमा के निकट उड़ान भरीः दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया का कहना है कि उत्तर कोरिया के 12 युद्धक विमानों ने उसकी सीमा के पास उड़ान भरी है, जिसके जवाब में उन्हें (दक्षिण कोरिया को) 30 सैन्य विमान तैनात करने पड़े। दक्षिण कोरिया की सेना का कहना है कि उत्तर कोरिया के आठ लड़ाकू जेट और चार बमवर्षक विमानों ने उसकी सीमा के पास उड़ान भरी। सेना ने कहा कि ऐसा जान पड़ता है कि उत्तर कोरियाई विमानों ने हवा से सतह पर गोलीबारी करने का अभ्यास किया। इसने कहा कि उत्तर कोरियाई विमानों के उड़ान भरने की प्रतिक्रिया में दक्षिण कोरिया के 30 युद्धक विमान तैनात किए गए। इससे पहले, उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कम दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइल दागीं जबकि दक्षिण कोरिया ने प्रतिक्रिया के तहत कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी तट पर अमेरिका और जापान के साथ नौसैनिक अभ्यास किया।

उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम मिसाइल का जापान के ऊपर से प्रक्षेपण करने के जवाब में अमेरिका ने कोरियाई प्रायद्वीप के पास एक विमानवाहक पोत को फिर से तैनात किया था। मिसाइल के ताजा प्रक्षेपण इस बात का संकेत देते हैं कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन कर अपने परमाणु शस्त्रागार को मजबूत करने के लक्ष्य के साथ हथियारों का परीक्षण जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई विशेषज्ञों का कहना है कि किम का लक्ष्य एक वैध परमाणु संपन्न देश के रूप में अमेरिका की मान्यता हासिल करना है और उस पर लगे प्रतिबंधों को हटवाना है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस प्रकार के कोई संकेत नहीं मिले हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि इन मिसाइल को उत्तर कोरिया के राजधानी क्षेत्र से 22 मिनट के अंतराल से कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच प्रक्षेपित किया गया। पहली मिसाइल ने 350 किमी (217 मील) की दूरी तय की और यह 80 किमी (50 मील) की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंची, जबकि दूसरी मिसाइल ने 800 किलोमीटर (497 मील) की दूरी तय की और यह 60 किलोमीटर (37 मील) की अधिकतम ऊंचाई पर पहुंची। मिसाइल संबंधी यह जानकारी जापान द्वारा मुहैया कराई गई सूचना से मेल खाती है।

## म्यांमा की अदालत ने जापानी पत्रकार को दस साल कैद की सजा सुनाई

**बैंकॉक।** सैन्य शासित म्यांमा की एक अदालत ने जुलाई में देश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों का वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार जापानी पत्रकार को दस साल की जेल की सजा सुनाई है। जापान के एक राजनयिक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जापानी दूतावास के मिशन के उप-प्रमुख तेत्सुओ कितादा ने कहा कि तोरू कुबोता को बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन कानून का उल्लंघन करने के जुर्म में सात साल और उकसावे के अपराध में तीन साल की सजा सुनाई गई। इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन कानून में झूठी या उकसावे वाली सूचनाओं के प्रसार से जुड़ा अपराध शामिल है। वहीं, उकसावे से संबंधित कानून में वे सभी अपराध आते हैं, जो अशांति पैदा कर सकते हैं। देश के सबसे बड़े शहर यांगून में सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने 30 जुलाई 2022 को कुबोता को तख्तापलट के खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शनों की तस्वीरें और वीडियो लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# अमेरिका में भारतीय मूल के छात्र की हत्या

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के इंडियाना प्रांत में एक विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावास में भारतीय मूल के 20 वर्षीय छात्र की हत्या किए जाने और उसके साथ रहने वाले कोरियाई छात्र को हिरासत में लिए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि इंडियानापोलिस निवासी वरुण मनीष छेड़ा परड्यू यूनिवर्सिटी परिसर के पश्चिमी छोर पर स्थित मैक्चियॉन हॉल में मृत पाया गया। एनबीसी न्यूज ने परड्यू यूनिवर्सिटी की पुलिस प्रमुख लेस्ले वीटे के हवाले से कहा कि बुधवार को विश्वविद्यालय के एक छात्र को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वीटे ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि साइबर सुरक्षा विषय की पढ़ाई कर रहे कोरियाई छात्र जी मिन जिमी शा ने मंगलवार देर रात 12.45 बजे 911 सेवा पर फोन कर पुलिस को वरुण की मौत के बारे में सूचित किया।

हालांकि, उन्होंने इस कॉल के बारे में अतिरिक्त विवरण नहीं दिया। प्राधिकारियों ने बताया कि घटना मैक्चियॉन हॉल की पहली मंजिल पर स्थित कमरे में हुई। वरुण परड्यू यूनिवर्सिटी में डेटा साइंस विषय की पढ़ाई कर रहा था। पोस्टमार्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, वरुण की मौत कई घातक चोटों के कारण हुई और उसकी हत्या किए जाने की आशंका है। फॉक्स न्यूज के अनुसार, पुलिस प्रमुख वीटे ने कहा कि उनका मानना है कि हमला अकारण किया गया। वरुण के बचपन के दोस्त अरुणभ सिन्हा ने एनबीसी न्यूज से कहा कि वरुण मंगलवार रात अपने दोस्तों के साथ ऑनलाइन बातचीत कर रहा था और गेम खेल रहा था, तभी उन्हें कॉल पर अचानक चीख की आवाज सुनाई दी।

अरुणभ ने बताया कि वह उस रात दोस्तों के साथ नहीं खेल रहा था, लेकिन बाकी दोस्तों ने उसे बताया कि उन्होंने हमले की आवाज सुनी, लेकिन समझ नहीं पाए कि वहां हुआ क्या है और बुधवार सुबह जब वे उठे, तो उन्हें वरुण की मौत की खबर पता चली। वीटे ने कहा कि 911 सेवा पर कॉल आने के कुछ ही मिनटों बाद 22 वर्षीय शा को हिरासत में ले लिया गया और आगे की पूछताछ के लिए पुलिस थाने ले जाया गया। वरुण की हत्या परड्यू यूनिवर्सिटी के परिसर में बीते आठ वर्षों से भी अधिक समय में हुई पहली हत्या है। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मिच डैनियल्स ने कहा कि वरुण की मौत विश्वविद्यालय परिसर में घटित एक बेहद दुखद घटना है, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं इस भयानक घटना से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं।

## भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस ने उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस के साथ भारत भी उन देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने उत्तर कोरिया द्वारा जापान के ऊपर से बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपित किए जाने की निंदा की है। भारत ने कहा कि इस तरह के प्रक्षेपण क्षेत्र और उससे परे भी शांति एवं सुरक्षा को प्रभावित करते हैं। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को मध्यम दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी, जो जापान के ऊपर से गुजरते हुए प्रशांत महासागर में जा गिरी। उत्तर कोरिया ने पांच साल में पहली बार ऐसा मिसाइल प्रक्षेपण किया है, जिसमें मिसाइल जापान के ऊपर से गुजरी हो। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) को लेकर बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुई बैठक में कहा, हमने बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण की चिंताजनक खबरों पर गौर किया है।

# नवंबर से आकाश एयर की उड़ानों से पालतू जानवरों को भी साथ ले जा सकेंगे यात्री

**नई दिल्ली।** करीब दो महीने पहले परिचालन शुरू करने वाली आकाश एयर नवंबर से यात्रियों को हवाई सफर के दौरान अपने साथ पालतू कुत्तों और बिल्लियों को ले जाने की इजाजत देगी। इसके साथ ही कंपनी नवंबर से कार्गो सेवाओं की शुरुआत भी करेगी। साथ ही आने वाले सप्ताह में परिचालन में नए मार्गों को जोड़ा जाएगा। आकाश एयर की 2023 की दूसरी छमाही में अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शुरू करने की भी योजना है। कंपनी के बेड़े में 20 विमान होने के बाद इन सेवाओं की शुरुआत की जाएगी। विमानन कंपनी आकाश एयर का प्रदर्शन परिचालन शुरू होने के पहले 60 दिनों में संतोषजनक रहा है। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने यह जानकारी दी। एयरलाइन ने इस साल अगस्त में परिचालन शुरू किया था और उसकी अगले साल की दूसरी छमाही में अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू करने की भी योजना है। कंपनी के बेड़े में छह विमान है और चालू वित्त वर्ष के अंत तक बेड़े का आकार बढ़ाकर कुल 18 विमान तक करने की तैयारी है। दुबे ने कहा कि कंपनी नए निवेशकों की तलाश में है। उन्होंने यहां कहा, हम अपने प्रदर्शन से बहुत खुश और संतुष्ट हैं।

एयरलाइन योजना के अनुसार चल रही है। कंपनी इस समय रोजाना 30 उड़ानें भर रही है एवं शुक्रवार (सात अक्टूबर) से दिल्ली से सेवाएं शुरू होंगी। आकाश एयर ने 72 बोइंग-737 मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया है। इसके अलावा कंपनी जल्द ही यात्रियों को पालतू जानवर (कुत्ता, बिल्ली) अपने साथ ले जाने की इजाजत देगी। आकाश एयर के सह-संस्थापक, मुख्य विपणन और अनुभव अधिकारी बेलसन कॉटिन्हो ने कहा कि नवंबर से यात्रा के दौरान पालतू जानवरों को साथ ले जाने की इजाजत दी जाएगी। इस संबंध में बुकिंग 15 अक्टूबर से शुरू होगी। प्रत्एक पालतू जानवर को पिंजरे में रहना होगा। पिंजरे सहित वजन सीमा केबिन में सात किलोग्राम और चेक-इन में 32 किलोग्राम होगा। भारी पालतू जानवरों के लिए एक अन्य विकल्प होगा। दुबे ने कहा कि एयरलाइन अच्छी तरह से पूंजीकृत है। यह पूछे जाने पर कि क्या इसके प्रमुख निवेशक राकेश झुनझुनवाला के निधन के बाद कंपनी की रणनीति में कोई बदलाव आया है, दुबे ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, रणनीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है... नैतिक, भावनात्मक समर्थन के मामले में, यह एक बहुत गहरी क्षति है। सरकार की आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के बारे में आकाश एयर के प्रमुख ने कहा कि यह सराहनीय बात है कि सरकार विमानन क्षेत्र के महत्व को पहचानती है। हम सिर्फ यह आशा करते हैं कि सरकार का समर्थन स्टार्टअप एयरलाइन को भी मिले। स्टार्टअप एयरलाइन उसी कठिन वातावरण में काम कर रही हैं।

# भूमि रिकॉर्डः सरकार जल्द ही कई भाषाओं में आरओआर उपलब्ध कराएगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक पेशेवर रविंदर सिंह के लिए कर्नाटक में कृषि भूमि का छोटा सा भूखंड हासिल करना काफी मुश्किल कार्य है, क्योंकि जमीन के दस्तावेज मुख्य रूप से स्थानीय भाषा में थे। सिंह ने कहा, दस्तावेजों को समझने के लिए मुझे स्थानीय ब्रोकरों और वकीलों पर निर्भर रहना पड़ता था। वे अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध नहीं थे। सिंह की तरह देशभर में कई लोग भूमि अभिलेखों में भाषाई बाधाओं का सामना कर रहे हैं। यही वजह है कि सरकार अब रिकॉर्ड ऑफ राइट्स (आरओआर) का 22 भाषाओं में अनुवाद करना चाहती है। रिकॉर्ड ऑफ राइट्स (आरओआर) या जमाबंदी एक प्रकार का भूमि रिकॉर्ड है, जो भूमि जोत के विवरण को दर्शाता है। भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव सोनमोनी बोरा नें बताया, भूमि रिकॉर्ड के सबसे बड़े मुद्दों में से एक भाषा है। भारत में कई भाषाएं हैं। हम आरओआर का अनुवाद करने की कोशिश कर रहे हैं।

यह विभाग केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा कि आठ राज्यों - महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात, पुडुचेरी, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में एक पायलट प्रोजेक्ट पहले ही आयोजित किया जा चुका है। बोरा ने कहा, एक सॉफ्टवेयर तैयार है। हम जल्द ही इसे किसी भी समय शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 22 भाषाओं में आरओआर का अनुवाद एक बार में नहीं किया जाएगा। शुरुआत में राज्यों को आरओआर का तीन अनिवार्य भाषाओं यानी अंग्रेजी, हिंदी और राज्य भाषा तथा तीन वैकल्पिक भाषाओं में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा। वैकल्पिक भाषाओं का चयन राज्य सरकारें अपनी जरूरत के अनुसार कर सकती हैं। उन्होंने कहा, यह पहल भूमि रिकॉर्ड के क्षेत्र में भाषाई बाधा को तोड़ देगी। बहुभाषी आरओआर की महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 11 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है और इसे एक साल में पूरा करने का लक्ष्य है।

## श्रीलंका ने चीन के साथ ऋण पुनर्गठन पर बातचीत शुरू की

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार ने चीन के साथ ऋण पुनर्गठन पर चर्चा शुरू की है। द्वीप देश इस समय बेहद मुश्किल आर्थिक स्थिति का सामना कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से राहत पाने के लिए चीन के साथ ऋण पुनर्गठन बेहद महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने संसद को बताया कि शुरुआती बातचीत चीन की कम्युनिस्ट पार्टी कांग्रेस की बैठक के बाद जारी रहेगी। यह बैठक 16 अक्टूबर को शुरू हो रही है। हाल में जापान की यात्रा से लौटे विक्रमसिंघे ने यह भी कहा कि जापानी अधिकारी चीन के साथ वार्ता में मध्यस्थता करने के लिए सहमत हैं। विक्रमसिंघे ने कहा, चीन प्राचीन काल से हमारी मदद करता रहा है और हमें भरोसा है कि वे इस कठिन समय में भी ऐसा ही करेंगे। श्रीलंका लगभग दिवालिया हो चुका है और उसने अपने 51 अरब अमेरिकी डॉलर के विदेशी ऋण को चुकाना बंद कर दिया है।

## आरबीआई ने नई निगरानी प्रणाली दक्ष की शुरुआत की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को उन्नत पर्यवेक्षणीय निगरानी प्रणाली दक्ष की शुरुआत की। इससे केंद्रीय बैंक की निगरानी संबंधी प्रक्रिया के अधिक सशक्त होने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक ने कहा, दक्ष एक वेब-आधारित एंड-टु-एंड कार्य-प्रवाह ऐप्लिकेशन है जिसके जरिए आरबीआई बैंक एवं एनबीएफसी जैसी इकाइयों पर अधिक केंद्रित ढंग से निगरानी रख पाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ब्रजो देवी पत्नी श्री जयंती प्रसाद शर्मा, उक्त सम्पत्ति Residential Plot No- 10A, area measuring 105 Sq- Yds, i.e. 87-7 Sq. Meters, out of Khasra No- 319, Situated in the area of Village Chhapraula, under Sai Lok Colony, Pargana & Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar, U.P. को श्रीमति रीता पत्नी श्री अशोक कुमार को बेच रहे है। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल डी० एम० आई० हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बन्धित मूल दस्तावेज बिक्री विलेख दिनांक 27.10.2009 पंजकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 12087 कहीं खो गए है! इस सन्दर्भ में ऊ०प्र० पुलिस को सुचना दिनांक 22.09.2022 को LAR No- 20220000535378/2022 में दर्ज करवाई गई है।

यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राम लखन पुत्र श्री राम शकल, उक्त सम्पत्ति Land area measuring 25 Sq. Yards, comprised in Khasra No. 394, situated at Matrika Vihar, Village Khora, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, Uttar Pradesh को श्रीमति सलमा पत्नी निजामुद्दीन को बेच रहे है। उपरोक्त संपति मेरे मुवक्किल डी० एम० आई० हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बन्धित मूल दस्तावेज बिक्री विलेख दिनांक 30.11.2005 पंजकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 9443 का पहला पृष्ठ कहीं खो गए है। इस सन्दर्भ में दिल्ली पुलिस को सुचना दिनांक 22.09.2022 को LR No- 820839/2022 में दर्ज करवाई गई है।

यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमें इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किलगण महेश्वर महतो एवं श्रीमति आशा निवासीगण मकान नं. 663, ग्राउण्ड फ्लोर, टाईप-III, कृषि कुंज, पुसा क्वार्टस, नई दिल्ली-110012 ने अपने पुत्र रंजीत कुमार, पुत्रवधु समीक्षा भारती एवं इनके पुत्र मास्टर रिषभ रघुवंशी को इनके दुर्व्यवहार, लड़ाई-झगड़ा, प्रताड़ित करने नियंत्रण से बाहर होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सभी पारिवारिक/समाजिक रिस्ते-नाते संबध-विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके किसी भी क्रिया-कलापों, लेन-देन, दीवानी-फौजदारी, वाद-विवाद, पुलिस व अपराधिक कार्यवाही आदि के लिये मेरे मुवक्किलगण व उनके परिवार वाले उत्तरदायी नही होंगे।

PAWAN JAIN ADVOCATE
CH. C-77, C.L. JOSEPH BLOCK
TIS HAZARI COURTS, DELHI-110054

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Sahib Singh Bedi has acquired the Eastern Half Portion of Entire Ground Floor (Without Roof Rights), "said Floor" Built on Property Bearing No. C-47, Land area measuring 438 Sq. yds. Situated in the area of Village Basai Darapur, and Colony Known as Kriti Nagar, New Delhi vide Relinquishment Deed dated 18.12.2012, Doc no. 30382 and Now, Mr. Sahib Singh Bedi is mortgaging the above said property with Indusind Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL8CNB1075, | DL8SAJ7213, | DIL94, |
| MH02AP5372, | DL8SAB3186, | DL6SQ3023, |
| DL7CE8678, | DL4SBE2688, | DL5SU1724, |
| DL4CNA4638, | DL8SM8195, | DL8SNA4464, |
| DL2FAD8888, | DL4SBC2435, | DDM3640, |
| DL6SR4189, | DL8SAJ6007, | DBU6567, |
| DL9ST0897, | DL13SC0796, | DL8SZ8132, |
| DL4SAM5159, | UP80U2254, | DL4SAE9542, |
| DL9CK9929, | DL8SAE3086, | HR05S3136, |
| DL8CP7428, | DL7SAM4021, | DL8SU2438, |
| DL3SAE0375, | DL6SV1686, | DL5CB4721, |
| DL9SM9413, | DL7SAQ1044, | DAC9798, |
| DL4SP6052, | HR26AJ7106, | DL7CK3105, |
| DL8SZ8135, | DL7S1734, | DL2CR7920, |
| DL3SAZ5306, | DL7SAQ5539, | NOREG52, |
| DL5SS8724, | DL5SM3354, | DL6CJ1313, |
| BHH9147, | DL7SB8178, | DL8CNB0940, |
| DL8SAE8561, | DL7SAD9213, | DL7SP3437, |
| DL4SBG3169, | DL7SP6039, | DL7SAK1688, |
| DL4SAF4361, | DL8SNA3623, | DL7SAQ1183, |
| DL8SAL1249, | DL6SF8025, | L7SAQ1183, |
| DL2CAA3737, | DL4SAR8483, | DL6SJ0272, |
| DL3SAA9177, | DL4SAL0828, | DL7SP0544, |
| DL1SF3145, | DL4SBD0135, | DL1SH5842, |
| DL7SU0377, | DL4CS8522, | UP78L2017, |
| HR356036, | DL9CN6617, | DL2CAA1702, |
| DL7SAJ3056, | DBL8048, | DL2CAF2548, |
| DL3CAX5186, | DL1LF5999, | DL2CAG7577, |
| NOREG49, | DL4SAY0691, | DL8SAK4277, |
| DL4CAG2065, | DNK3154, | DL1SQ0411, |
| PB10BY4476, | NOREG50, | DL4SBG0191, |
| RJ45CR6187, | DL8SAK0559, | DL8SU3853, |
| DL3CZ2092, | HR51J8204, | DL4SAA5993, |
| DL2CW6665, | DL8SN3595, | DL8SD9407, |
| DL8SAJ4988, | DL8SZ5646, | HR03H4627, |
| DL2SL6770, | DL6SJ3175, | DL6SQ7825, |
| DL9SR3920, | DL8SM9736, | BHV5053, |
| DL6SY1262, | DL6SY4857, | DL8SAG4172, |
| DL2SH3507, | CH03J5556, | DL8SG4221, |
| DL6SV0396, | DL8SP4333, | DL8SAE5605, |
| DL8SD6785, | DL4SY4958, | DL5SU6880, |
| DL6SC6079, | HR10E1513, | DL9SU8164, |
| DL6SX0757, | DL9CR0291, | DL8SAF3170, |
| DL4SBE3756, | MH013310, | DL8ST9035, |
| DL9SG9677, | DL4CS4786, | DL8SAJ6691, |
| DL2SE4064, | DL7CB8597, | DL2SD8242, |
| DL8SB9783, | DL2CW7980, | DL9SC1243, |
| DL6SE3573, | DL6CB2502, | DL8SU7945, |
| BR223210, | UP25K2862, | DL9CN6375, |
| DL8SAJ5313, | HR10G8703, | DL4CAL3645, |
| DL1SQ0798, | DL8SW5088, | UP81R3845, |
| DL4SAK3224, | DL8SAK5409, | DL3CAS4436, |
| DL8SAF8268, | DL1SD2447, | DL5SG8937, |
| DL4SBD3817, | HR20M3262, | HR51K1727, |
| DL3SR7827, | DL8SAN3088, | DL4SH7486, |
| DL4SZ1251, | DL8SAE244, | DNM8500, |
| DL4SAR8252, | DL1SK9195, | DL4SM2701, |
| UP78AJ2861, | DL8ST3629, | RJ05SC3455, |
| DL8SAD5904, | AP11G8722, | PB35B5807, |
| DL2SL1113, | DL3SH1831, | UP178097, |
| UA07JG6606, | DL4SAQ8858, | PB10HQ1063, |
| DL4SAB6292, | DL8SAJ1725, | DL3CAQ5270, |
| DL4SAL7696, | DL8SW2230, | DL3CAP7526, |
| DL4SY0637, | DL8SAE9838, | DL7CG7429, |
| DL8SE4690, | HR31C3132, | DL9CJ9635, |
| DL8SU6638, | DL8SR0109, | DL8CNB1336, |
| DL8SQ9641, | NOREG51, | DL2CAD8607, |
| RJ14SA3144, | DL2CAG5896, | UP16B0339, |
| DIP3943, | DL3CK2926, | DL8CN3424, |
| DL7SN5428, | DL8CN1593, | DL8CF5102, |
| DL8SAE7068, | DL7CD1764, | DL7SK7072, |
| DL1SQ1110, | DL7SD5020, | DL1SM3169, |
| DL8SAJ3754, | DL3CT2010, | DL1SP8428, |
| DL8SQ7480, | DL7CB0193, | DAN6192, |
| DL4SF0041, | DL9CM4059, | HR24H7083, |
| HR20H5966, | DBX5255, | HR10F0342, |
| DL8SZ6737, | DL8SS6101, | JH15C3775, |
| DL4SAB6633, | DL8SG4374, | DL8SY3137, |
| DL8SAJ1629, | DL4SS3636, | DL8SAD6967, |
| DL6SY3740, | DL8SAJ1107, | DL8SAJ6531, |
| DL4SAD6824, | HP398966, | DL8SAJ3900, |
| DL8SZ7636, | DL8SAF5608, | DL8SAH4376, |
| DL7SG0641, | DL7SAX1432, | DL6SAB1045, |
| DL9SF7177, | DL1SL7695, | DL6SJ1350, |
| DL8SAK6612, | DL8SNA3429, | DBK4793, |
| DL8SZ7317, | HR31C6305, | DL3SBE0445, |
| DL1SB4386, | MP33BA2998, | DL4SAW9501, |
| DL8SNA5071, | HR26E9041, | DL8SAJ3074, |
| DL8SAE3694, | DL7CB5176, | DL6SU4952, |
| DL4S4602, | DL7CE3680, | DL3SAT8004, |
| DIZ5020, | DL6CB2778, | RJ2710M4968, |
| DL4SBE4261, | DL3CAF7069, | DL7SV4410, |
| DL8SK4842, | DL4SR3105, | DL7SP2146, |
| DL8SW5736, | UA07K9988, | DL7SV1448, |
| DL7SAU4325, | KA01MC6625, | DL6SZ8798, |
| DL7SAY5030, | DL3CAL6123, | DL7SP2920, |
| DL7SV4761, | DL7CC7533, | NOREG53, |
| DL7SR9578, | DL7CD1538, | NOREG54, |
| DL13S0889, | DL6C7332, | DL3SAL2359, |
| DL7SAE1348, | DL6CC2787, | DL7SQ1095, |
| DL7SAT8348, | HR26AG4966, | DL4SCC9764, |
| DL8SZ0631, | DL6SP7974, | DL8SAX4823, |
| DL6SAA0749, | DL4SAG4236, | DL2SP5500, |
| DL8SAE2275, | DL3SQ1738, | DL9CF9258, |
| DL4SAW7871, | DDF1237, | MH02CH8111, |
| DL4SAS5767, | DL8SNB1549, | DL8CNA3958, |
| DL8SR5536, | DL8SM0994, | UP15AT4442, |
| DNU2736, | DL8SZ9058, | DL8CX1357 |
| DL8SZ3393, | DL8SQ1366, | |

## सितंबर में भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधि छह महीने के निचले स्तर पर पहुंचीः पीएमआई

**नई दिल्ली।** भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधि सितंबर में छह महीने के निचले स्तर पर आ गई। इस दौरान मुद्रास्फीति के दबाव के बीच नए व्यापार में सबसे धीमी दर से बढ़ोतरी हुई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अगस्त में 57.2 से घटकर सितंबर में 54.3 पर आ गया। यह मार्च के बाद सबसे धीमी दर से विस्तार को दर्शाता है। हालांकि, लगातार 14वें महीने सेवा क्षेत्र की गतिविधि में विस्तार देखा गया। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का मतलब विस्तार है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की संयुक्त निदेशक पोल्याना डी लीमा ने कहा, भारतीय सेवा क्षेत्र ने हाल के महीनों में कई बाधाओं को पार किया है। ताजा पीएमआई आंकड़े सितंबर में वृद्धि की गति के कुछ धीमा पड़ने के बावजूद मजबूत प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

# ब्रांड इंडिया बनाने के लिए गुणवत्ता पर देना होगा खास जोरः गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल करने के लिए ब्रांड इंडिया का निर्माण जरूरी है जिसमें उद्योग जगत अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कर मदद कर सकता है। गोयल ने भारतीय गुणवत्ता परिषद की तरफ से आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गुणवत्ता मानक अनुपालन सुनिश्चित करने वाले भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक परिषद (एफएसएसएआई) और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) जैसे संगठनों के बीच बेहतर तालमेल बैठाने की भी जरूरत है।



उन्होंने कहा, मैं मंत्रालय के अलावा क्यूसीआई से भी इन संगठनों के बीच सम्मिलन स्थापित करने का अनुरोध करूंगा। इससे हमारा बनाया हुआ निवेश परिवेश लगातार मजबूत हो सकता है और भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाने का मिशन पूरा करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गुणवत्ता बेहतर होने से ब्रांड इंडिया को परिभाषित किया जा सकेगा। गोयल ने इसके पहले भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) द्वारा आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट के पेशे में अधिक महिलाओं को आने की जरूरत है। उन्होंने आईसीएआई से भारत की चार्टर्ड अकाउंटेंसी फर्मों को विश्वस्तरीय कंपनियां बनाने के लिए प्रयास करने को भी कहा।

# बाजार में दूसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 157 अंक मजबूत निफ्टी 17,300 अंक के पार

**भाषा।** मुंबई

**विदेशी** निवेशकों की लिवाली के बीच धातु, सूचना प्रौद्योगिकी और पूंजीगत सामान कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लाभ दर्ज हुआ और सेंसेक्स 157 अंक बढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 17,300 अंक के पार निकल गया। लगातार दूसरी कारोबारी सत्र में तेजी के साथ तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 156.63 अंक यानी 0.27 प्रतिशत चढ़कर 58,222.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 513.29 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 57.50 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,331.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस और एक्सिस बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी और बजाज फाइनेंस के शेयर नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख और तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू बाजार मजबूत रहे। उन्होंने कहा, घरेलू और विदेशी दोनों निवेशकों की लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। धातु, आईटी और रियल्टी जैसे क्षेत्रों में सुधार के साथ कंपनियों के चालू वित्त वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के परिणाम बेहतर रहने की उम्मीद के बीच बाजार में तेजी आई।

कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, दुनियाभर में मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी ने बाजारों को हिला दिया है। निवेशक वैश्विक मंदी की चिंता के बीच दबाव में हैं। इसके अलावा व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप 1.30 प्रतिशत और मिडकैप 1.13 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे, जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को मामूली गिरावट में बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.14 प्रतिशत चढ़कर 93.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को।,344.63 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

# राम की पैड़ी पर पहुंचे साढ़े 7 लाख दीये

## दीपोत्सव को अभूतपूर्व बनाने को संकल्पित योगी सरकार

## 2017 में अयोध्या में शुरू किया गया था दीपोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या







**दीपोत्सव** की तैयारी काफी तेजी से हो रही है। दीपोत्सव पर अयोध्या के घाटों को जगमगाने के लिए साढ़े 7 लाख दीये राम की पैड़ी पर पहुंचा दिए गए हैं। स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाए गए दीपों को यहां एक स्थान पर सुरक्षित रखा गया है। 20 दिन से भी कम समय होने के कारण तैयारी अंतिम चरण की तरफ अग्रसर है। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि राम की पैड़ीए सरयू तट सहित कई घाटों पर दीप जलाए जाएंगे। दीप लगाने का कार्य कुछ दिन पहले ही प्रारंभ होगा। स्थानीय कुम्हारों ने दीया तैयार कर लिया हैए जिसे राम की पैड़ी पर एक जगह सुरक्षित रख लिया गया। इन दीयों को लगाने और जलाने के लिए 18ए000 वालंटियरों को भी तैयार किया जा रहा है।

**अधिक समय तक जलेगा दीप:** दीपोत्सव पर अद्भुत नजारा होगा। इस बार दीप बेहद खास स्वरूप में तैयार किए गए हैं। यह कापी देर तक जलते रहेंगे। दीपोत्सव को लेकर निर्धारित किये गए टेंडर के मुताबिक पहले दीयों में 30 एमएल तेल डाला जाता थाए लेकिन इस बार दीयों के साइज को बड़ा किया गया है। 40 एमएल तेल डाले जाने की वजह से यह अधिक समय तक जलेगा। दीयों को लाने व लगाने में कोई परेशानी न होए इसलिए इस बार पहले ही इसे स्टोर किया जा रहा है। बता दें कि 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव की शुरुआत की थी। उस वर्ष 51 हजार दीप जले थे। 2019 में 4 लाख से अधिक मिट्टी के दीयों से दीपोत्सव रोशन हुआ। 2020 में 6 लाख से ज्यादा दीयों को सरयू तट पर प्रज्वलित किया गया था। 2021 में विश्व रिकॉर्ड कायम करने के लिए दीपोत्सव में योगी सरकार की ओर से संख्या काफी बढ़ाई गई। इस बार 18 लाख 50 हजार दीया जलाने का लक्ष्य है।

**अब गांवों में ही मिल रहा रोजगार:** मिट्टी का दीया बनाकर दीपोत्सव में अपनी श्रद्धा निवेदित करने वालीं लालबाग की मनीषा ने बताया कि सरकार आस्था के जरिए हमें रोजगार भी देती हैए जिससे जीवन यापन करते हैं। जबसे योगी सरकार बनी हैए महिला सशक्तिकरणए सुरक्षा व स्वावलंबन की धारणा साकार हुई है। कुम्हार आशा देवी ने कहा कि सरकार महिलाओं के लिए भी काम कर रही है। पहले गांवों में कोई रोजगार नहीं था पर अब यहीं हम लोगों को रोजगार मिल रहे हैं। दो जून की रोटी का इंतजाम हो रहा है और अपना काम ईश्वर के लिए भी कर रहे हैं। जयत्री देवी ने कहा कि हम लोग मिट्टी का बर्तन बनाते हैं। हमारे दीपों को योगी सरकार ने दीपोत्सव के लिए मंगवाया है। दीपों की मांग भी इस बार बढ़ गई है। नोडल अधिकारी प्रोफ़ेसर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि ठेकेदार को सख?त निर्देश दिए गए हैं कि 15 दिन पहले ही सारे सामान की आपूर्ति यूनिवर्सिटी के दीपोत?सव कार्यालय में कर दी जाए।

# बुजुर्ग तांत्रिक की समाधि की योजना कर दी विफल

**गोरखपुर** । कुशीनगर जिले पुलिस ने एक एक बुजुर्ग तांत्रिक की तंत्र विद्या और प्रसिद्धि के लिए गड्ढा खोदकर समाधि लेने की योजना को विफल कर दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मछरिया गांव में बुजुर्ग तांत्रिक लल्लन उर्फ साधु यादव मंगलवार रात को स्थानीय लोगों के भजन-कीर्तन के बीच समाधि लेने जा रहे थे लेकिन पुलिस के वहां पहुंचते ही मौके पर मौजूद लोग भाग खड़े हुए।पुलिस के मुताबिक यादव ने खुद गड्ढा खोदा था और घोषणा की थी कि वह समाधि ले रहा है और जैसे ही स्थानीय लोगों ने भजन-कीर्तन शुरू किया, वह अंदर कूद गया और उसे मिट्टी से ढकने लगा। पुलिस ने कहा कि जैसे ही भजन-कीर्तन में शामिल लोगों ने नारेबाजी शुरू की, किसी ने पुलिस को सूचित किया, जो स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पहुंची। तांत्रिक ने पुलिस को बताया है कि वह किसी तांत्रिक विद्या के लिए समाधि ले रहा था। तांत्रिक ने कहा कि उनकी पत्नी और दो बच्चों की पहले ही मौत हो चुकी है और वह अपनी बेटी पूनम और दो पौत्रों के साथ रह रहे हैं। तुर्कपट्टी थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने कहा कि उसने यह भी कहा कि उसके इस काम के बारे में परिवार में किसी को पता नहीं था। सिंह ने बताया कि ऐसा लगता है कि उन्होंने प्रसिद्धि पाने के लिए समाधि लेने की घोषणा की थी क्योंकि तंत्र-मंत्र के लिए बहुत से लोग उनके पास जाते हैं। उनके अनुसार पुलिस भजन-कीर्तन में शामिल लोगों का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## पुलिस लाइन परिसर में शराब पीकर झगड़ा करने पर दो सिपाही निलंबित

**मथुरा।** पुलिस लाइन परिसर में शराब पीकर आपस में झगड़ा करने के मामले में दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस लाइन में तैनात सिपाही संजीव कुमार भदौरिया और राजेश कुमार यादव के बीच तीन अक्टूबर को झगड़ा एवं मारपीट हुई थी और उस समय दोनों शराब के नशे में धुत थे।

# पैदल मार्च निकालने का प्रयास करते हुए यति नरसिंहानंद हिरासत में

**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन ने ृहस्पतिवार को महंत यति नरसिंहानंद महाराज को डासना देवी मंदिर परिसर के भीतर हिरासत में ले लिया। दीपक त्यागी (20) नामक एक युवक का शव पिछले सप्ताह बरामद किया गया था जिसके बाद यति ने घोषणा की थी कि इसके विरोध में बृहस्पतिवार को पैदल मार्च निकाला जाएगा। पुलिस के अनुसार इस युवक का कटा हुआ सिर बरामद होने के बाद फहमीदु नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था, जिसने अपनी बेटी के साथ अवैध संबंधों के संदेह में त्यागी का कथित तौर पर सिर काट दिया था। पुलिस ने उसके साथी आसिफ को भी गिरफ्तार किया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इराज राजा ने कहा कि यति के पैदल मार्च निकालने की योजना के बारे में पता चलने के बाद से ही गाजियाबाद प्रशासन सतर्क था। उन्होंने बताया कि वह बृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह और पुलिस बल के साथ मंदिर पहुंचे और यति को हिरासत में ले लिया गया क्योंकि उन्होंने विरोध मार्च निकालने की अनुमति नहीं ली थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मार्च को रोकने के लिए मंदिर के बाहर पर्याप्त बल तैनात किया गया है। मंदिर के अंदर मौजूद संतों ने प्रशासन की ओर से की गई कार्वाई का विरोध किया है।यति ने कहा कि मुसलमानों द्वारा त्यागी की हत्या कोई सामान्य घटना नहीं है तथा इस मुद्दे पर चुप रहना हिंदुओं के लिए हानिकारक होगा।

**कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौत:** इटावा जिले के चकरनगर क्षेत्र में कार की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य जख्मी हो गया। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि चकरनगर थाना क्षेत्र में चकरनगर-सहसों मार्ग पर भोआ गांव के निकट बुधवार शाम एक कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

# राष्ट्रवादी विचारों की अभिव्यक्ति की आवश्यकता पर बल

## अधिवक्ता परिषद की मऊ में हुई बैठक, नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा



**प्रयागराज।** अधिवक्ता परिषद काशी प्रांत की प्रांत परिषद बैठक सूर्या मैरिज हॉल मऊ में बृहस्पतिवार को आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गायन के साथ किया। इस मौके पर गोरक्ष प्रांत के प्रचारक सुभाष ने सभी से देश सेवा में आहुति देने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रवादी विचारों की अभिव्यक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। अखिल अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश राय ने अधिवक्ता परिषद के गठन की भूमिका पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने भविष्य की चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं का अंतिम व्यक्ति को न्याय मिलने तक अथक परिश्रम करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री उत्तर क्षेत्र हरि बोरिकर ने देश के वर्तमान परिदृश्य में अधिवक्ता परिषद की प्रासंगिकता एवं उसके महत्व को रेखांकित करते हुए कार्यकर्ताओं को विधि के क्षेत्र में अनछुए विषयों पर गहन अध्ययन एवं राष्ट्र के हित में उपयोगी विधियों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने का सुझाव दिया। राष्ट्रीय संरक्षक लाल बहादुर सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मर्यादा एवं कार्य क्षेत्र के विस्तार के बारे में बताया। क्षेत्रीय मंत्री चरण सिंह त्यागी ने अधिवक्ता परिषद की काशी प्रान्त की नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें गौरी शंकर पांडेय संरक्षक राजेंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह महामंत्री घोषित किए गए। इसके अतिरिक्त चार उपाध्यक्ष चार मंत्री एवं सलाहकार परिषद के सदस्यों के नामों की घोषणा भी मंच से की गई। जिसका करतल ध्वनि से कार्यकर्ताओं ने समर्थन एवं स्वागत किया। कार्यक्रम में जनपद मऊ इकाई के अध्यक्ष महामंत्री एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाव पलटने से बाढ़ राहत बांट रहे पांच लोग नदी में डूबे, लेखपाल लापता

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती जिले में भिन्गा तहसील के अशरफ नगर गांव में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांट रही नाव के बृहस्पतिवार को पलट जाने से पांच लोग डूब गए। उनमें चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है जबकि एक व्यक्ति अभी लापता है। प्रशासन ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बृहस्पतिवार शाम पीटीआई-भाषा से बताया कि अशरफनगर इलाके में हरिहरपुर रानी ब्लाक के लेखपाल चंद्र भूषण तिवारी तथा एक रोजगार सेवक सहित पांच लोग नाव पर सवार होकर बाढ़ प्रभावितों के बीच राहत सामग्री बांट रहे थे। प्रकाश के अनुसार इस दौरान पानी के बहाव से उनकी नाव पलट गई और पांचों सवार डूबने लगे। उनके मुताबिक चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है किन्तु लेखपाल चंद्र भूषण तिवारी लापता बताए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि लेखपाल की तलाश में बचाव अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि दो दिन से लगातार हो रही बारिश एवं पहाड़ों से आए पानी के चलते राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ गया है और जिले के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

# राजपूत समाज को फिर उठाने होंगे शस्त्र: सोम

**मेरठ।** अपने विवादित बयानों के लिए अक्सर सुर्खियों में रहने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक संगीत सोम ने एक वर्ग विशेष पर निशाना साधते हुए कहा है कि उसे रोकने के लिए राजपूत समाज को एक बार फिर शस्त्र उठाने होंगे।

सरधना क्षेत्र से भाजपा के विधायक रहे सोम ने खेड़ा गांव में बुधवार को विजयदशमी पर राजपूत उत्थान सभा द्वारा आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से एक वर्ग विशेष की आबादी बढ़ रही है, आतंकवाद बढ़ रहा है, अलगाववाद की बात की जा रही है, सिर कलम करने की बात कही जा रही है, इन सबको समाप्त करने के लिए सत्ता के साथ-साथ भविष्य में शस्त्रों की भी जरूरत पड़ेगी। मुजफ्फरनगर दंगों के आरोपी रहे सोम ने कहा कि धर्म कभी परिवर्तन से नहीं बल्कि त्याग, तपस्या और समर्पण के बल पर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शस्त्र की जरूरत पड़ेगी और राजपूत समाज को फिर से शस्त्र उठाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देशद्रोही ताकतें देश पर चौतरफा आक्रमण कर रही हैं, उस स्थिति में शस्त्रों का महत्व बढ़ जाता है। सोम ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि केरल में कांग्रेस की इस यात्रा में हर तरफ हरे झंडे दिखाई दे रहे हैं, राष्ट्रीय ध्वज नहीं दिखाई दे रहा। उन्होंने यह भी कहा, "पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वह दिन दूर नहीं, जब यहां भी हरे झंडे दिखाई देंगे, इसलिए समझदारी से काम लीजिए"। सोम ने राजपूतों की छवि बिगाड़ने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि फिल्मों में भी राजपूत समाज के युवाओं को गलत दिखाया जा रहा है, जबकि सत्यता यह है कि भगवान प्रभु श्रीराम और कृष्ण जी को भी धरती पर आने के लिए राजपूत की कोख से जन्म लेना पड़ा। गौरतलब है कि संगीत सोम पहले भी विवादित बयानों के लिए चर्चित रहे हैं। उन पर 2013 में मुजफ्फरनगर में दंगों से पहले सांप्रदायिक और भड़काऊबयान देने का आरोप है। इस मामले में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था।

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लेने के दो आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर** । मुजफ्फरनगर जिले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लेने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को सेना की खुफिया इकाई की मदद से पुलिस ने कमल सिंह और महकर सिंह नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि दोनों पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अग्निवीर सैन्य भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया। मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# बस की टक्कर से स्कूटी पर पलटी कार, तीन लोगों की जान गई

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के बेहट क्षेत्र में बस की टक्कर के कारण अनियंत्रित हुई एक कार के स्कूटी पर पलट जाने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) सूरज राय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार रात दिल्ली-यमुनोत्री मार्ग पर विकास नगर से सहारनपुर की ओर आ रही एक बस ने कबाडी बाजार के निकट सामने से आ रही एक कार को टक्कर मार दी जिससे वह अनियंत्रित होकर पीछे आ रही एक स्कूटी पर पलट गई। राय ने बताया कि इस हादसे में स्कूटी सवार जरनैल सिह (50) और शशिभूषण (40) तथा कार सवार सुलभ (35) और अंकुर (34) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां डॉक्टरों ने जरनैल सिंह, शशि भूषण और सुलभ को मृत घोषित कर दिया। अंकुर की हालत नाजुक बनी हुई है। राय ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बलरामपुर जिले के सोहेलवा वन क्षेत्र में तेंदुआ का शव पहाड़ी नाले में मिला

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में सोहेलवा वन क्षेत्र के बनकटवा रेंज में बृहस्पतिवार को एक तेंदुआ पहाड़ी नाले में मृत पड़ा मिला है। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि दोपहर में बनकटवा रेंज में करमैती -उपतहवा मार्ग के पास ग्रामीणों ने गोरिया नाले में एक मृत तेंदुए को देखा जिसके बाद उन्होंने मिलकर उसे बाहर निकाला और इसकी सूचना वन विभाग को दी। उनके अनुसार ऐसी आशंका है कि तेंदुए का शव नाले में बह कर आया होगा। सूत्रों के मुताबिक सूचना मिलते ही डीएफओ सहित वन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। बनकटवा रेंज अधिकारी इंदभान सोनकर ने आंशका जताई है कि तेंदुआ शिकार करने के लिए सम्भवता पहाड़ी नाले में कूदा होगा लेकिन पानी का तेज बहाव होने के कारण डूबकर उसकी मौत हो गई होगी और नाले में बहकर आ गया होगा। जिला वन अधिकारी डीएफओ डॉ एम सेम मारन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए गए हैं तथा इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मिल पाएगा तेंदुए की मृत कैसे हुई।

## पीलीभीत में 14 वर्षीया किशोरी के साथ बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

**पीलीभीत।** पीलीभीत में सेहरामऊउत्तरी थानाक्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी के साथ कथित बलात्कार की घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना थानाध्यक्ष कमलेश मिश्र के अनुसार बुधवार को एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी शौच के लिए गई हुई थी, तभी अजय नामक एक व्यक्ति मौके पर जा पहुंचा और उसने गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मिश्र के अनुसार अजय ने पीड़िता को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि घर पहुंचकर किशोरी ने परिजनों को जब आप बीती सुनाई तो उन्होंने थाने जाकर शिकायत की। मिश्र के अनुसार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर ज्योति यादव ने कहा कि शिकायत मिलते ही मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया तथा मुकदमा पंजीकृत कर अजय नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। यादव के अनुसार पुलिस ने गंभीर धाराओं में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

# बाराबंकी में पंडाल के खंभों में करंट से दो लोगों की मौत

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के असंद्रा क्षेत्र में दुर्गा पूजा पंडाल में लोहे के खंभों में करंट आने की वजह से दो लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार दोपहर बाद असंद्रा थाना क्षेत्र के बसैगापुर गांव में दुर्गा पूजा के लिए लगे पंडाल में भंडारे के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र थे। उन्होंने बताया कि तभी पंडाल में लगे लोहे के एक खंभे को छूने पर सोमनाथ (35) और रोहित (17) करंट की चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार इस दौरान कई लोगों को करंट के झटके लगे जिससे पंडाल में अफरा-तफरी मच गई। बारिश होने के कारण पंडाल गीला हो गया था। उन्होंने बताया कि आनन-फानन में बिजली का तार काटा गया। सूचना पाने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। खाद रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सतीश शर्मा भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीण राम कैलाश ने बताया कि पंडाल में बिजली के लिए जो तार लगाया गया था, वह कहीं से कटा था। इससे करंट लोहे के खंभों में उतर आया। उप जिलाधकारी राम आसरे वर्मा ने बताया कि पंडाल में लगे खंभे में करंट आ जाने से मौतें हुई हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को प्रशासन द्वारा निर्धारित राहत राशि प्रदान की जाएगी।

## दुर्गा पूजा पंडाल में मरने वालो की संख्या सात हुई

**भदोही।** भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र में एक दुर्गा पूजा पंडाल आग लगने की घटना में बृहस्पतिवार को एक अन्य घायल ने अस्पताल में दम तोड़ने के कारण मरने वालों की संख्या सात हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि सूरत (65) नामक एक अन्य घायल ने शाम को वाराणसी के सर सुंदरलाल अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनके अनुसार इस तरह रविवार की रात औराई क्षेत्र के पूजा पंडाल में लगी आग की घटना में मरने वालों की संख्या अब सात हो गई हैं। इससे पहले इस हादसे में अंकुश सोनी (12), जया देवी (45), नवीन (10), आरती देवी (48), हर्षवर्धन (8) और शिवपूजन (70) की मौत हो चुकी हैं। राठी ने कहा कि इस घटना में झुलसे कुल 91 लोगों का भदोही, वाराणसी और प्रयागराज के सात अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें से दस की हालत गंभीर है।जिलाधिकारी के मुताबिक रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे औराई थाने से 100 मीटर दूर नरथुआ गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में एक हैलोजन लाइट के अधिक गर्म होने के बाद बिजली के तार में आग लग गई थी जो पूरे पंडाल में फैल गई।

## 2024 में फिर प्रचंड बहुमत से बनेगी भाजपा सरकार-शर्मा

**लालगंज** रायबरेली। गरीबो को मिलने वाले राशन में भ्रष्टाचार करने वाले दोषियों को किसी की कीमत पर बख्स नही जायेगा। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के सहारे 2024 में फिर से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से सरकार बनायेगी। प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद विभाग के काबीना मंत्री सतीस शर्मा ने कस्बे के मेंन रोड स्थित होटल महावीर इन के उद्घाटन समारोह में व्यक्त किये। श्री शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार दर्जनो ऐसी योजनायें चला रही है जिसमें सीधें गरीबो को लाभ मिल रहा है। सरकार सभी की मूलभूत आवश्यकता बिजली पानी, सड़क व स्वास्थ्य पर विशेष फोकस कर रही है। सरकारी राशन में हो रहे घोटालो के सवाल पर मंत्री ने कहा कि शिकायत मिलने पर संबधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# दुनिया में बढ़ रहा है रामत्व का प्रभाव: स्वामी राम

## प्रभु श्रीराम के लौकिक जीवन पर वैश्विक शोध से बढ़ीं मान्यताएं

## कहा-उम्र नहीं व्यक्ति की क्रियाशीलता बनाती है व्यक्ति को युवा

**प्रयागराज।** तुलसीपीठाधीश्वर अलौकिक संत जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने दिव्यांगोंत्थान श्री राम सेवा ट्रस्ट मेजा रोड में आयोजित कथा में युवाओं के श्रीराम विषयक श्रीराम कथा मंच से कहा कि पूरी दुनिया में रामत्व का प्रभाव बढ़ रहा है। पूरा विश्व सनातन संस्कृति और संस्कार को गम्भीरता से ले रहा है। इसकी वजह सनातन सोच की क्रियाशीलता रही है। जगद्गुरु स्वामी राम भद्राचार्य महाराज ने मेजारोड के डीजीएस गेष्ट हाउस में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के कथा मंच से आज पुराणों का संदर्भ लेते हुए युवाओं की व्याख्या की। उन्होंने कहा क्रियाशीलता ही युवा अवस्था का बोध कराती है। वृद्ध व्यक्ति यदि चलायमान है तो वह भी युवा ही कहा जायेगा। उन्होंने पौराणिक साक्ष्यों के जरिए यह सिद्ध किया कि यदि किशोर क्रियाशील है तो वह भी युवा है। इसे उम्र की सीमा में नही बांधा जा सकता है।जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक युवाओं की अहम भूमिका रही है।पौराणिक मान्यताएं प्रभु श्रीराम के युवा काल को महज 39 वर्ष बताया है जिसमे उन्होंने सक्रियता व सोच से कई सफलताएं अर्जित कर पीढ़ियों को एक संदेश दिया है। प्रभु श्रीराम का पूरे जीवन वृत्त के वैष्विक शोध में रामत्व का प्रभाव बढा है। किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य एवं किन्नर अखाड़ा उप्र की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने प्रणाम करते हुए कहा कि जगद्गुरु सनातन धर्म के प्रतीक है। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा और भगवान श्रीराम को लोगों तक कथा के माध्यम से पहुंचा रहे है। यह प्रशंसनीय और सनातन धर्म के लिए बहुत बडी उपलब्धी है। कथा मंच पर यजमान रहे रजनीश पांडेय ने पत्नी के साथ जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को तिलक लगाकर माला पहनाकर उनका सम्मान किया। कथा आयोजक दिव्यांगोंत्थान श्रीराम सेवा ट्रस्ट मण्डल के अभिषेक तिवारी विनय कुमार पांडेय काका व तनय पांडेय ने तुलसी माला पहना कर तुलसीपीठाधीश्वर का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर डॉ मनोज पांडेय उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष किन्नर अखाड़ा स्वामी कौशल्यानंद गिरि टीना माँ मानस प्रचार सेवा संस्थान के सचिव विजया नंद उपाध्याय उप्र महिला बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष डा रंजना बाजपेयीप्रमुख प्रतिनिधि भोला गौतम व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ल दिलावर सिंह हेमंत शर्मा शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी अखिल उद्योग व्यापार मंडल के अखिलेश मिश्र राजू पांडेय आचार्य मण्डल कमला शंकर विशाल पांडेय सहित कथा प्रेमियों की भीड़ जमा रही।



## रामायण मानचित्र की तैयारी

**वाराणसी।** उन्नत डिजिटल मैप्स और डीप.टेक कंपनी मैपमायइंडिया लोगों को भारत की विरासत से बेहतर तरीके से जोड़ने में मदद करने के लिए भौतिक मुद्रित मानचित्र कला कार्यों की एक श्रृंखला रामायण मैप्स जारी कर रही है। यह भौतिक मुद्रित नक्शा कला कैनवास पर काम करती है। कंपनी के सह.संस्थापक, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राकेश वर्मा कहते हैं कि यह पहल मेरे दिल के बहुत करीब है। मेरे लिए रामायण का नक्शा बनाने के लिए मैपमाईइंडिया मैपल प्लेटफॉर्म और अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाना मेरे लिए एक जैसा है। आत्म.साक्षात्कार की स्थिति, जहाँ मेरे जीवन का कार्य मेरे आध्यात्मिक अस्तित्व से मिलता है।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को नौ रन से हराया

**भाषा।** लखनऊ

**भारतीय** टीम संजू सैमसन (नाबाद 86 रन) और श्रेयस अय्यर (50 रन) के अर्धशतकों से जीत के करीब पहुंचने के बावजूद गुरूवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के बारिश से प्रभावित पहले एक दिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से नौ रन से हार गई। डेविड मिलर (नाबाद 75) और हेनरिच क्लासेन (नाबाद 74) की शानदार अर्धशतकीय पारियों से दक्षिण अफ्रीका ने 40 ओवर में चार विकेट पर 249 रन का स्कोर खड़ा किया।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही, टीम ने आठ रन के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। पर सैमसन (63 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) और अय्यर (37 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक ने टीम को संभालने में अहम भूमिका निभाई। सैमसन ने अय्यर के साथ पांचवें विकेट के लिए 67 रन और शार्दुल ठाकुर (33 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया था। पर टीम 40 ओवर में आठ विकेट पर 240 रन ही बना सकी।

भारतीय टीम ने अंतिम पांच ओवर में तीन विकेट गंवाकर 63 रन बनाए। अंतिम ओवर में सैमसन ने तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बनाए, पर टीम को जीत नहीं दिला सके। टीम को पहला झटका तीसरे ओवर में शुभमन गिल (03) के रूप में लगा जिन्हें रबाडा ने क्लीन बोल्ड किया। रबाडा की आफ स्टंप गेंद शुभमन के अंदरूनी बल्ले का किनारा लेकर लेग स्टंप उखाड़ गई। छठे ओवर में कप्तान शिखर धवन (04) वार्ने पार्नेल की गेंद को थर्डमैन की ओर खेलना चाहते थे लेकिन गेंद उनका बल्ला छूकर स्टंप उखाड़ गई। पिच से मिल रहे टर्न और उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने कसी गेंदबाजी की और भारत को इन झटकों से नहीं उबरने दिया। उसके लिए लुंगी एनगिडी ने तीन और रबाडा ने दो विकेट हासिल किए। पार्नेल, तबरेज शम्सी और केशव महाराज को एक एक विकेट मिला। शम्सी ने अपने पहले ही ओवर में पदार्पण कर रहे रूतुराज गायकवाड़ (19 रन) को विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक के हाथों स्टंप आउट कराया जिससे भारत ने 48 रन पर तीसरा विकेट गंवा दिया। अब अय्यर क्रीज पर थे। इस तरह टीम ने 18वें ओवर में 50 रन पूरे किए और इसी ओवर में टीम ने ईशान किशन (20 रन) का विकेट गंवा दिया जो स्पिनर केशव महाराज की गेंद पर आसान कैच दे बैठे। सैमसन क्रीज पर उतरे लेकिन एक गेंद बाद ही अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया, पर रिव्यू भारत के हक में रहा। इससे स्टेडियम में बैठे दर्शकों ने राहत की सांस ली। 19वें ओवर में श्रेयस ने आगे निकलकर एक चौका लगाया और सैमसन ने भी अंतिम गेंद पर पारी का पहला छक्का लगाया।

डेविड मिलर (नाबाद 75 रन)



हेनरिच क्लासेन (नाबाद 74 रन)

संजू सैमसन (नाबाद 86 रन)



### स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका** : जानेमन मलान का अय्यर बो ठाकुर 22, क्विंटन डिकॉक पगबाधा बो रवि बिश्नोई 48, तेम्बा बावुमा बो ठाकुर 08, ऐडन मार्कराम बो कुलदीप यादव 00, हेनरिच क्लासेन नाबाद 74, डेविड मिलर नाबाद 75
**अतिरिक्त** : 22
**कुल** : 40 ओवर में चार विकेट पर 249 रन
**विकेट पतन** : 1-49, 2-70, 3-71, 4-110
**गेंदबाजी** : मोहम्मद सिराज 8-0-49-0, आवेश खान 8-0-51-0, शार्दुल ठाकुर 8-1-35-2, रवि बिश्नोई 8-0-69-1, कुलदीप यादव 8-0-39-1।

**भारत** : शिखर धवन बो पार्नेल 04, शुभमन गिल बो रबाडा 03, रूतुराज गायकवाड़ स्ट डिकॉक बो शम्सी 19, ईशान किशन का मलान बो महाराज 20, श्रेयस अय्यर का रबाडा बो एनगिडी 50, संजू सैमसन नाबाद 86, शार्दुल ठाकुर का महाराज बो एनगिडी 33, कुलदीप यादव का बावुमा बो एनगिडी 00, आवेश खान का बावुमा बो रबाडा 03, रवि बिश्नोई नाबाद 04
**अतिरिक्त** : 18
**कुल** : 40 ओवर में आठ विकेट पर 240 रन
**विकेट पतन** : 1-8, 2-8, 3-48, 4-51, 5-118, 6-211, 7-211, 8-215
**गेंदबाजी** : कागिसो रबाडा 8-2-36-2, वेन पार्नेल 8-1-38-1, केशव महाराज 8-1-23-1, लुंगी एनगिडी 8-0-52-3, तबरेज शम्सी 8-0-89-1।

# अद्वेत पेज और साजन प्रकाश राष्ट्रीय खेलों में तीसरा स्वर्ण पदक जीता

**भाषा।** राजकोट

**मध्यप्रदेश** के अद्वेत पेज और केरल के साजन प्रकाश ने गुरूवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में तैराकी स्पर्धा में अपने अपने तीसरे स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं।

वहीं माना पटेल ने सरदार पटेल तैराकी परिसर में गुजरात के लिए दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। पश्चिम बंगाल के रिकर्व तीरंदाज अतनु दास ने फाइनल में सेना के गुरचरण दास को 6-4 से हराकर पुरूष व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। सेना पदक तालिका में 41 स्वर्ण, 28 रजत और 26 कांस्य से कुल 95 पदक से शीर्ष पर बरकरार है। हरियाणा ने तीरंदाजी में पांच में से चार स्वर्ण पदक जीते जिसे 29 स्वर्ण से उसने अपना दूसरा स्थान मजबूत किया। महाराष्ट्र (24) कुल पदकों के मामले में 93 पदक से सेना के करीब है। अद्वेत पेज ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के अंत में गजब की तेजी दिखाई और शानदार तरीके से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने आर्यन नेहरा (गुजरात) और साजन प्रकाश को अंत के कुछ मीटर में पछाड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। बाद में साजन प्रकाश ने 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक से स्ट्रोक की तीन स्पर्धाओं में स्वीप किया।

वहीं 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल्स में ओलंपियन माना पटेल और श्रीहरि नटराज ने अपने दूसरे व्यक्तिगत स्वर्ण पदक हासिल किए। छत्तीसगढ़ की दूसरी वरीय आकर्षि कश्यप ने महाराष्ट्र की मालविका बंसोड़ को 21-8, 22-20 से मात देकर बैडमिंटन महिला एकल स्वर्ण पदक जीता। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता प्रणीत (तेलगांना) ने कर्नाटक के मिथुन मंजूनाथ को 21-11, 12-21, 21-16 से हराकर पुरूष एकल स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तेलंगाना ने बैडमिंटन में मिश्रित टीम और महिला युगल के खिताब भी जीते हैं। एन सिक्की रेड्डी और गायत्री गोपीचंद ने कर्नाटक की अश्विनी भट और शिखा गौतम को 21-14, 21-11 से हराया। पुरूष युगल में केरल के पी एस रविकृष्णा और शंकरप्रसाद उदयकुमार ने हरिहरन एमसाकरूणन और आर रूबन कुमार को 21-19, 21-19 से मात दी। मिश्रित युगल में कर्नाटक के अश्विनी पोनप्पा और के साइ प्रतीक ने दिल्ली के रोहन कपूर और कनिका कंवल को 21-16, 21-13 से हराया। इससे तेलगांना ने स्पर्धा के तीन स्वर्ण प्राप्त किए। तेलगांना की महिला बास्केटबॉल ने तमिलनाडु को 67-62 से शिकस्त दी। सेना के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक अनुभवी गोताखोर सूरजीत राजबंसी ने दिलाया। उन्होंने और एच लंदन सिंह ने पुरूष। मीटर स्प्रिंगबोर्ड डाइविंग स्पर्धा में सेना के लिए शीर्ष दो स्थान हासिल किए। मुक्केबाजी में विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता जमुना बोरो (असम) ने महिला 57 किग्रा वजन वर्ग में अपना अभियान निर्मल पर 5-0 से शुरू किया। वहीं महिला 66 किग्रा में पूर्व विश्व युवा चैम्पियन अंकुशिता बोरो ने भी अगले दौर में जगह बनाई।



साजन प्रकाश

# इंडिया कैपिटल्स बना लीजेंड लीग चैंपियन

**भाषा।** जयपुर

**न्यूजीलैंड** के पूर्व कप्तान रॉस टेलर की शानदार पारी से इंडिया कैपिटल्स ने शुरुआती झटकों से उबरकर भीलवाड़ा किंग्स को 104 रन से हराकर लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। गौतम गंभीर की अगुवाई वाली इंडिया कैपिटल्स का स्कोर एक समय चार विकेट पर 210 रन था लेकिन इसके बाद टेलर ने 41 गेंदों पर 82 रन की धुआंधार पारी खेली जबकि मिशेल जॉनसन ने 35 गेंदों पर 62 और एस्ले नर्स ने 19 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स ने सात विकेट पर 211 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

भीलवाड़ा की तरफ से राहुल शर्मा ने चार और मोंटी पनेसर ने दो विकेट लिए। टेलर और जॉनसन ने 126 रन की साझेदारी की। इसके जवाब में भीलवाड़ा किंग्स की टीम 18.2 ओवर में 107 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से शेन वाटसन ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। कैपिटल्स की तरफ से पंकज सिंह, प्रवीण तांबे और पवन सुयाल ने दो-दो विकेट लिए।




## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान पेन की प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी

**ब्रिसबेन (एपी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने पिछले साल अप्रैल में टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद पहली बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की है। पेन ने 2017 में अपनी एक सहकर्मी को आपत्तिजनक संदेश भेजने का खुलासा होने के बाद अप्रैल 2021 में ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने खेल से लंबा विश्राम ले लिया था। पेन को क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच के लिए तस्मानिया की अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। तस्मानिया ने गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और उसने पेन को मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में शामिल किया है।

# विजय अभियान जारी रखने के लिए पाक के खिलाफ मजबूत टीम के साथ उतरेगा भारत

**महिला टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट**

**भाषा।** सिलहट

**पिछले** मैचों में नए खिलाड़ियों को मौका देने के बावजूद आसान जीत दर्ज करने वाला भारत महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विजय अभियान जारी रखने के लिए मजबूत टीम के साथ उतरेगा।

भारतीय टीम ने पिछले दो मैचों में कुल मिलाकर आठ बदलाव किए और अपनी दूसरी श्रेणी के खिलाड़ियों को मौके दिए लेकिन खिताब का प्रबल दावेदार माने जा रहे पाकिस्तान के खिलाफ हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम संभवत: अपने प्रमुख खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। पाकिस्तान को गुरुवार को थाईलैंड की कमजोर टीम के हाथों चार विकेट की हार झेलनी पड़ी। उसकी टीम को भारत के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले इस उलटफेर से उबरने का पर्याप्त मौका भी नहीं मिलेगा।

यह दोनों टीमें अभी तालिका में पहले दो स्थान पर बनी हुई हैं। भारत ने लगातार तीन मैच जीते हैं और वह तालिका में शीर्ष पर है। श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद भारत ने शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी को पिछले एक-एक मैच में विश्राम दिया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मजबूत शुरुआत के लिए इन दोनों का फिर से एक साथ उतरना तय माना जा रहा है। लंबे शॉट खेलने वाली शेफाली पर दबाव होगा क्योंकि उनका आत्मविश्वास डिगा हुआ लगता है। उन्होंने मलेशिया के खिलाफ क्रीज पर कुछ समय बिताया लेकिन वह किसी भी समय अपने नैसर्गिक अंदाज में खेलते हुए नहीं दिखी। अब जबकि महिला टी20 विश्व कप में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं तब यह युवा बल्लेबाज अपने नैसर्गिक अंदाज में आक्रामक पारी खेलकर अपना खोया आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।

दूसरी तरफ मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करके यहां पहुंची हैं। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली जेमिमा रोड्रिग्स शानदार फॉर्म में है। श्रीलंका के खिलाफ अपने करियर का सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ भी अर्धशतक बनाया। इस मैच में दीप्ति शर्मा ने भी अर्धशतक जड़ा था। भारतीय गेंदबाजों ने पिछले तीनों मैच में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के खिलाफ वे इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है तो उसके बल्लेबाजों को मलेशिया और बांग्लादेश के खिलाफ खास मौका नहीं मिला क्योंकि उनके सामने छोटा लक्ष्य था, लेकिन थाईलैंड के खिलाफ वे प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने इस मैच में पांच विकेट पर 116 रन बनाए और केवल सिदरा अमीन ही अर्धशतक जड़ पाईं। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन थाईलैंड के खिलाफ उनके सामने बचाव के लिए बड़ा स्कोर नहीं था। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर हमेशा ही उत्सुकता बनी रहती है लेकिन इस साल इन दोनों टीमों के बीच जो दो मैच अभी तक खेले गए हैं उनमें भारतीय टीम ने आसान जीत दर्ज की। भारत ने जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों में पाकिस्तान को आसानी से हराया था।




### टीम

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, सबिनेनी मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, दयालन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव और केपी नवगिरे।

**पाकिस्तान:** बिस्माह मारूफ (कप्तान), ऐमान अनवर, आलिया रियाज, आयशा नसीम, डायना बेग, कायनात इम्तियाज, मुनीबा अली, निदा डार, ओमैमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और तुबा हसन।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजे शुरू होगा।**

## क्विक न्यूज

### आकर्षि और प्रणीत ने राष्ट्रीय खेलों में एकल बैडमिंटन खिताब जीते

**सूरत।** शीर्ष वरीयता प्राप्त तेलंगाना की बी साई प्रणीत और छत्तीसगढ़ की आकर्षि कश्यप ने राष्ट्रीय खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में क्रमश: पुरूष और महिला वर्ग के एकल खिताब जीत लिए। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता प्रणीत ने कर्नाटक के मिथुन मंजूनाथ को 21 - 11, 12-21, 21-16 से हराया। वही आकर्षि ने महाराष्ट्र की मालविका बंसोड़ को 21-8, 22-20 से मात दी। तेलंगाना ने बैडमिंटन में मिश्रित टीम और महिला युगल के खिताब भी जीते है। एन सिक्की रेड्डी और गायत्री गोपीचंद ने कर्नाटक की अश्विनी भट और शिखा गौतम को 21-14, 21-11 से हराया। पुरूष युगल में केरल के पी एस रविकृष्णा और शंकरप्रसाद उदयकुमार ने हरिहरन एमसाकरूणन और आर रूबन कुमार को 21-19, 21-19 से मात दी। मिश्रित युगल में कर्नाटक के अश्विनी पोनप्पा और के साइ प्रतीक ने दिल्ली के रोहन कपूर और कनिका कंवल को 21-16, 21-13 से हराया।

### बादल को टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप में बढ़त

**पंचकुला।** बांग्लादेश के बादल हुसैन ने टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स गोल्फ चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में चंडीगढ के युवराज सिंह संधू पर एक स्ट्रोक की बढत बना ली है। बादल का कुल स्कोर 16 अंडर 200 रहा जबकि युवराज 15 अंडर 201 के साथ दूसरे स्थान पर है। कल रात शीर्ष पर चल रहे जमाल हुसैन श्रीलंका के एन थंगराजा के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गए है। पांचवे स्थान पर चंडीगढ के अभिजीत सिंह चड्ढा और पीजीटीआई आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर काबिज अजितेष संधू, बेंगलुरू के खलिन जोशी और गुरूग्राम के मनु गंडास है।

### केसमानोविच जापान ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**टोक्यो।** सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी मियोमीर केसमानोविच ने डेनियल इवांस को हराकर जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना फ्रांसेस टियाफो से होगा। केसमानोविच ने प्री क्वार्टरफाइनल में इवांस को 6-3, 3-6, 7-6 से शिकस्त दी। वही अमेरिका के टियाफो ने बर्नाबे जापाटा मिरालेस को 6-1, 7-6 से पराजित किया। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस ने कामी माजचार्जाक पर 3-6, 6-2, 6-2 की जीत के दौरान 22 ऐस जमाए और इस साल नौवे क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

### स्वियातेक, क्वितोवा ऐजल ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**ओस्ट्रावा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक और दो बार की विबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सीधे सेटो में जीत दर्ज करके ऐजल ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन विजेता स्वियातेक तब अपनी प्रतिद्वंद्वी अजला टोमयानोविच से 7-5, 2-2 से आगे चल रही थी जब उनकी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदी ने बाएं घुटने में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। क्वितोवा ने स्पेन की दूसरी वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना विबलडन विजेता एलेना रयबकिना से होगा, जिन्होंने अलियाक्संद्रा सासनोविच को 6-7 (5), 6-4, 7-5 से पराजित किया।

# एफआईएच के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला कोच चुने गए रीड और शॉपमैन

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड और यानेके शॉपमैन गुरूवार को अपने वर्गों में एफआईएच के साल के सर्वश्रेष्ठ कोच चुने गए। लगातार दूसरी बार रीड ने यह पुरस्कार अपने नाम किया है जबकि भारतीय कोच शोर्ड मारिन ने पिछले सत्र का महिला टीम के लिए एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार जीता था। आस्ट्रेलिया के रीड के मार्गदर्शन में भारत ने नई ऊंचाईयां छुईं जिसमें 41 साल के अंतराल बाद 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतना शामिल रहा। भारत ने इसके अलावा 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में एक रजत पदक जीता जबकि आस्ट्रेलिया में पिछले चरण में टीम पोडियम स्थान से चूक गई थी। भारत ने 2021-22 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पहला पूर्ण सत्र खेला और पोडियम स्थान हासिल किया। टीम नीदरलैंड और बेल्जियम के बाद तीसरे स्थान पर रही।

भारतीय टीम इसमें 62 गोल करने में सफल रही जो किसी भी टीम द्वारा किए गए इस सत्र में ही नहीं बल्कि प्रो लीग के इतिहास में सर्वाधिक गोल हैं। अप्रैल 2019 में टीम के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी संभालने वाले रीड उस भारतीय पुरूष हॉकी टीम के भी कोच थे जिन्होंने इस साल लुसाने में शुरूआती एफआईएच हॉकीफाइव्स जीता था, जिसमें टीम ने प्रत्एक मैच जीते। उन्होंने ऑनलाइन मतदान में 31.4 अंक मिले। उनके बाद नीदरलैंड के कोच जेरोएन डेलमी और बेल्जियम के कोच माइकल वान डेन हेयुवेल शामिल थे जिन्हें क्रमश: 26.9 और 20.2 अंक मिले। ऑनलाइन मतदान में विशेषज्ञों के 40 प्रतिशत, टीमों के 20 प्रतिशत तथा प्रशंसकों और मीडिया के 20-20 प्रतिशत मत थे। रीड ने विज्ञप्ति में कहा, ए पुरस्कार किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि टीम किस तरह खेलती हैं, उनके प्रदर्शन को दर्शाते हैं। मुझे लगता है कि मैं ग्रुप में इसी तरह का माहौल तैयार करने की कोशिश करता हूं। पुरस्कार पाना शानदार है लेकिन मुझे लगता है कि पूरी टीम ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा, अन्य टीमों के कोच भी विश्व स्तर के हैं, उनका चीजों को करने का तरीका अलग है और इनके बीच यह पुरस्कार जीतना बड़ा सम्मान है।

वहीं शॉपमैन को 38.2 अंक मिले, उन्होंने नीदरलैंड कोच जैमिलोन मुल्डर्स (28.2 अंक) और आस्ट्रेलिया की कोच कैटरीना पॉवेल (19.5 अंक) को पछाड़ा। भारतीय महिला टीम ने तोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें वह कांस्य पदक से चूक गई। शॉपमैन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2021-22 सत्र में पदार्पा किया और शानदार नतीजे हासिल किए जिसमें जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन और चैम्पियन बनी अर्जेंटीना से (शूटआउट में) पर जीत शामिल है जिससे टीम तीसरे स्थान पर रही। भारतीय टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 16 साल में पहली बार पोडियम स्थान पर रही। टीम ने कांस्य पदक के मैच में शूटआउट में न्यूजीलैंड को हराया। उन्होंने कहा, दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ कोचों के खिलाफ इस पुरस्कार को जीतना शानदार है। यह पुरस्कार खिलाड़ियों के मैदान पर दिखाए गए नतीजे की बदौलत मिला और मैं खुश हूं कि टीम अच्छी प्रगति कर रही है।

# भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर्स में कुवैत को 3-0 से हराया

**भाषा।** अल खोबार, (सऊदी अरब)

**थांगलसुन** गंगटे के दो गोल की मदद से भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर्स फुटबॉल प्रतियोगिता में कुवैत को 3-0 से करारी शिकस्त देकर अपना विजय अभियान जारी रखा। भारत ने अपने पहले मैच में मालदीव को 5-0 से पराजित किया था। गंगटे के दो गोल से भारत ने कुवैत के खिलाफ भी तीन अंक हासिल किए। इस तरह से भारतीय टीम ने अभी तक एक भी गोल नहीं गंवाया है। भारत की इस जीत में गोलकीपर साहिल ने भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कई शानदार बचाव किए जिससे भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक गोल नहीं खाने का अपना रिकॉर्ड कायम रखा।

भारतीय टीम ने शुरू से ही हमलावर तेवर अपनाए जिसका उसे फायदा भी मिला। उसने लगातार कुवैत के गोल पर हमले किए जिसका फायदा उसे 16वें मिनट में मिला जब गंगटे ने टीम को बढ़त दिलाई। साहिल ने इसके बाद दो शानदार बचाव किए जिससे भारत मध्यांतर तक 1-0 से आगे रहा। कोरू के पास 60वें मिनट में गोल करने का अच्छा मौका था लेकिन उनका हेडर क्रॉसबार से ऊपर निकल गया। इसके चार मिनट बाद हालांकि वह भारत की बढ़त को दोगुना करने में सफल रहे। साहिल ने 69वें मिनट में एक और शानदार बचाव किया जिसके दो मिनट बाद गंगटे ने अपना दूसरा और टीम की तरफ से तीसरा गोल दागा। भारतीय टीम ने इसके बाद कुवैत को कोई मौका नहीं दिया और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।



## चैंपियन्स लीग : मैनचेस्टर सिटी और रियाल मैड्रिड जीते, पीएसजी ने ड्रॉ खेला

**जिनेवा (एपी)।** मैनचेस्टर सिटी और रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की लेकिन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को लियोनेल मेसी के गोल के बावजूद पहली बार ड्रॉ खेलना पड़ा। मेसी ने खूबसूरत गोल दागकर पीएसजी को बढ़त दिलाई थी लेकिन बेनफिका उसे आखिर में 1-1 से ड्रॉ पर रोकने में सफल रहा। मेसी का चैंपियंस लीग में यह 127 वां गोल था। इस बीच सेविला ने बोरुसिया डॉर्टमुंड से 4-1 से हारने के बाद मैड्रिड के पूर्व कोच जुलेन लोपेटेगुई को बर्खास्त कर दिया। मैनचेस्टर सिटी ने इर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से कोपेनहेगन को 5-0 से करारी शिकस्त दी। नार्वे के फॉरवर्ड हालैंड अभी तक चैंपियंस लीग के तीन मैचों में पांच गोल दाग चुके हैं। रियाल मैड्रिड ने शाख्तर डोनेट्स्क को 2-1 से हराया।

# विश्व कप में ब्राजील होगी शीर्ष रैंकिंग की टीम

**ज्यूरिख (एपी)।** ब्राजील ने गुरूवार को जारी ताजा फीफा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर चल रहे बेल्जियम पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जिससे वह इस साल कतर में 20 नवंबर से शुरू होने वाले विश्व कप में शीर्ष रैंकिंग टीम के तौर पर मैदान पर उतरेगी। ब्राजील ने सितंबर में घाना और ट्यूनीशिया के खिलाफ अपने दो अभ्यास मैच जीते जबकि बेल्जियम को नेशन्स लीग के दो में से एक मैच में नीदरलैंड से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना तीसरे नंबर पर और 2018 विश्व कप चैम्पियन फ्रांस चौथे स्थान पर बरकरार है। मेजबान कतर 50वीं रैंकिंग की टीम है जो सऊदी अरब (51वीं रैंकिंग) से महज एक पायदान आगे है। घाना की टीम 61वें स्थान से विश्व कप में निचली रैंकिंग की टीम होगी। विश्व कप में ग्रुप बी रैंकिंग के हिसाब से काफी मजबूत है जिसमें सभी चार टीमें शीर्ष 20 में शामिल है। इसमें इंग्लैंड (पांचवीं), अमेरिका (16वीं), वेल्स (19वीं) और ईरान (20वीं) की टीमें मौजूद हैं। इटली की टीम एक पायदान के फायदे से रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंच गई है। पर वह विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने वाली सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। इस तरह इटली लगातार दो चरण में विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई।स्पेन एक पायदान के नुकसान से सातवें स्थान पर है जबकि शीर्ष 10 की अन्य टीम नीदरलैंड, पुर्तगाल और डेनमार्क की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।वहीं 2014 की चैम्पियन जर्मनी 11वें स्थान पर है।रूस 2022 में कोई मान्यता प्राप्त मैच नहीं खेलने के बावजूद दो पायदान के फायदे से 33वें स्थान पर पहुंच गया है।